सूर्योदय 5:50 सूर्यास्त 6:51

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.6 न्यू | 26.8 अधि |
| धर्मशाला | 16.4 न्यू | 29.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78553.20 |
| निफ्टी | 23851.65 |
| सोना | 97,900 |
| चांदी | 99,900 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



रोहित जल्द ही खेलेंगे बड़ी पारी: बाउचर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 19 अप्रैल 2025 | 7 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 110, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आज के मैच

गुजरात टाइटंस vs दिल्ली कैपिटल्स

समयः दोपहर 3:30 बजे (अहमदाबाद)

राजस्थान रॉयल्स vs लखनऊ सुपर जॉयंट्स

समयः शाम 7:30 बजे (जयपुर)

# भारत की बांग्लादेश को चेतावनी हमारे अंदरूनी मसलों में दखल न दे

## कहा-अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर करे फोकस, अपराधी खुले घूम रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा पर बयानबाजी कर रहे बांग्लादेश को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह हमारे अंदरूनी मसलों में दखल देने की बजाए अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर फोकस करे।



दरअसल, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के प्रेस सेक्रेटरी ने कहा था कि भारत को उन अल्पसंख्यक मुस्लिमों की रक्षा करनी चाहिए, जो पिछले हफ्ते बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा से प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया कि इस हिंसा को भड़काने में बांग्लादेश का हाथ है। भारत ने शुक्रवार को इस बयान का कड़ा विरोध किया है। भारत ने कहा कि बांग्लादेश का यह बयान धूर्तता और कपट से भरा है। वह अपने यहां अल्पसंख्यकों के नरसंहार से ध्यान भटकाना चाहता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई घटनाओं को लेकर बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को हम खारिज करते हैं। बांग्लादेश इस तरह के बयान दे रहा है, जबकि वहां अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने वाले अपराधी आजाद घूम रहे हैं।

### मुर्शिदाबाद पहुंचे राज्यपाल बोस, कहा- समाज में शांति स्थापित करेंगे

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस शुक्रवार को मुर्शिदाबाद और मालदा में हिंसा प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य समाज में शांति स्थापित करना है। मालदा दौरे पर मीडिया से बात करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य बनाना है और समाज में शांति स्थापित करना है। मैं यहां शिविरों में रह रहे लोगों की शिकायतों को सुनूंगा, उनकी भावनाओं, संवेदनाओं और जरूरतों को समझूंगा। फिर मैं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करूंगा, जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निवारण करूंगा। मैं पहले शिविर में रह रहे लोगों के अनुभव साझा करूंगा, फिर बाद में कोई प्रतिक्रिया दूंगा।



# हिमाचल में एक बार फिर मौसम अपना रौद्र रूप दिखाने को तैयार

## 19 से 21 अप्रैल तक भारी बारिश, आंधी व ओलावृष्टि की संभावना

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मौसम अपना रौद्र रूप दिखाने वाला है। शनिवार यानी 19 अप्रैल की शाम से लेकर 21 अप्रैल की सुबह तक पूरे राज्य में भारी बारिश, आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना बन रही हैं।

नवीनतम मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अनुकूल वायुमंडलीय परिस्थितियों के साथ चल रहे सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण, विशेष रूप से मध्य और उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की संभावना है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, सोलन, सिरमौर और शिमला जैसे जिलों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और आंधी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और किन्नौर सहित अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। तापमान के मामले में हिमाचल प्रदेश में दिन और रात दोनों ही तापमान में भारी गिरावट देखने को मिलेगी। 19 से 21 अप्रैल तक अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है, जबकि कई इलाकों में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। प्रदेश में दो दिन भारी बारिश-बर्फबारी, अंधड़ व ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 19 और 20 अप्रैल को मध्य और ऊंचे पहाड़ी कई हिस्सों सहित निचले पहाड़ी-मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 19 अप्रैल को मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 19 अप्रैल को राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है, जबकि मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 21 और 22 अप्रैल के दौरान ऊंची चोटियों और आसपास के मध्य पहाड़ी स्थानों पर अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी

**मौसम** विभाग के अनुसार 19 अप्रैल को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति व 20 अप्रैल को मंडी जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इस दौरान चोटियों पर बर्फबारी हो सकती है, जबकि बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर, किन्नौर, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। साथ ही अंधड़ चलने का येलो-ऑरेंज अलर्ट है। शिमला, सोलन, मंडी, कुल्लू, कांगड़ा में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। शिमला में आज मौसम साफ बना हुआ है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुकमा में 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक नक्सली दंपती समेत 22 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सली जोगा नक्सलियों के पीएलजीए कंपनी नंबर एक में डिप्टी कमांडर है तथा जोगी सदस्य है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को नई पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपए दिए गए हैं।

### पत्नी संग जयपुर में 3 दिन रहेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति



**एजेंसी, जयपुर।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस 21 अप्रैल को जयपुर दौरे पर आ रहे हैं। वे तीन दिन जयपुर में रहेंगे और 23 अप्रैल को जयपुर से आगरा ताजमहल देखने जाएंगे। अमेरिकी वाइस प्रेसीडेंट भारतीय मूल की अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी के साथ आमेर महल और जंतर-मंतर जैसी हेरिटेज साइट देखने भी जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, वेंस के साथ प्रधानमंत्री मोदी भी जयपुर आ सकते हैं।

### पंजाब में 14 हमलों का आरोपी हैप्पी पासिया अमेरिका में गिरफ्तार

**एजेंसी, वाशिंगटन।** मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बाद यूएस में पंजाब के गैंगस्टर हैप्पी पासिया सुरक्षा एजेंसियों के हाथों में आ गया है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का खास हैप्पी पासिया पंजाब में ग्रेनेड हमले कराने के मामले का मास्टरमाइंड है। एक वांछित गैंगस्टर से आतंकवादी बने पासिया को संयुक्त राज्य अमेरिका में हिरासत में लिया गया है। हैप्पी पासिया गलत तरीके से अमेरिका गया था। पासिया लंबे समय से पंजाब पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। गैंगस्टर से आतंकी बने हैप्पी पासिया के ऊपर पंजाब में 14 आतंकी हमले कराने का आरोप है।

# पंजाब के लिए हिमाचल के 20 बस रूट बहाल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**27 दिन बाद चलाई गई रात्रि ठहराव वाली बसें, भिंडरावाला समर्थकों ने की थी तोड़फोड़**



हिमाचल प्रदेश की पंजाब में रात्रि ठहराव करने वाली 20 सरकारी बसों का शुक्रवार फिर से संचालन शुरू हो गया है। प्रदेश सरकार ने मार्च के तीसरे सप्ताह में पंजाब के अलग-अलग क्षेत्रों में एचआरटीसी बसों पर हमले और भिंडरावाला के पोस्टर लगाने के बाद 20 रूटों पर बस सेवाएं बीते 21 मार्च को बंद की थी।

जिन रूटों पर बस सेवाएं शुक्रवार को बहाल की हुई हैं, वे बसें पंजाब के अलग-अलग शहरों में रात में रुकती हैं और सुबह के वक्त हिमाचल के अलग-अलग शहरों को वापस चलती हैं। इनके बंद होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आज से यात्रियों को आवाजाही की सुविधा मिल पाएगी।

### पंजाब पुलिस ने दिया सुरक्षा का भरोसा

**पंजाब** पुलिस ने हिमाचल सरकार को प्रदेश की बसों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है। इसे देखते हुए बस सेवाएं बहाल की गई हैं। वहीं हिमाचल से दिन के वक्त पंजाब जाने वाले लगभग 200 बसें पहले की तरह चल रही थी।

### पंजाब में हिमाचल की बसों पर किए गए थे हमले

**बता** दें कि मार्च माह में हिमाचल की 7 से ज्यादा सरकारी बसों में पंजाब में तोड़-फोड़ की गई थी और उन पर भिंडरावाला के पोस्टर लगाए गए थे। दोनों राज्यों में बढ़ती तनातनी का यह मामला हिमाचल विधानसभा में भी उठाया गया था।

### ट्रंप का यूटर्न, बोले-

# हम चीन से करने जा रहे अच्छा सौदा



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम चीन के साथ बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या अमेरिका को इस बात से परेशान होना चाहिए कि उसके सहयोगी चीन के करीब आ रहे हैं, इस पर उन्होंने कहा, नहीं। बता दें कि अमेरिका ने दो दिन पहले ही चीन पर 245 प्रतिशत टैरिफ लगाया था।

ट्रंप ने कहा कि कोई भी हमसे मुकाबला नहीं कर सकता। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया कि चीन अमेरिका के साथ बैठक करने को तैयार है। ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको के राष्ट्रपति के साथ बहुत ही अच्छी बातचीत हुई। इसी तरह, मैंने जापान के बिजनेस प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। चीन समेत हर देश हमसे मिलना चाहता है।

# कपिल सिब्बल बोले- भारत में राष्ट्रपति नाममात्र का मुखिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 'जज राष्ट्रपति को सलाह न दें' बयान पर आपत्ति जताई। सिब्बल ने कहा कि भारत में राष्ट्रपति नाममात्र का मुखिया होता है। राष्ट्रपति और राज्यपाल को सरकारों की सलाह पर काम करना होता है। मैं उपराष्ट्रपति धनखड़ की बात सुनकर हैरान हूं। काफी दुखी भी हूं। उन्हें किसी पार्टी की तरफदारी करने वाली बात नहीं करनी चाहिए।



सिब्बल ने कहा कि लोगों को याद होगा कि जब इंदिरा गांधी के चुनाव के बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था, तो केवल एक जस्टिस कृष्ण अय्यर ने फैसला सुनाया था। इंदिरा को सांसद के पद से हटा दिया गया था। तब धनखड़ जी को यह मंजूर था, लेकिन अब सरकार के खिलाफ दो जजों की बेंच के फैसले पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

दरअसल, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी। धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24×7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं।

### हमास ने इसराइल के नए युद्धविराम प्रस्ताव को किया अस्वीकार

**गाजा।** हमास ने इसराइल के नए युद्धविराम प्रस्ताव को औपचारिक रूप से अस्वीकार कर दिया है। समूह ने कहा कि वो ऐसे समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार हैं, जिसमें सभी बचे हुए बंधकों की रिहाई के बदले युद्ध समाप्त किया जाए और फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाए।

हमास के मुख्य वार्ताकार खलील अल-हय्या ने अपना बयान वीडियो के जरिए जारी किया। इसमें हय्या ने कहा कि हम ऐसे किसी भी समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे, जिसमें कि इसराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू का राजनीतिक एजेंडा पूरा होता हो। इसराइल के नए समझौते में दस बंधकों की रिहाई के बदले 45 दिन के युद्धविराम की बात है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कुछ घंटे पहले किए गए इसराइल के हवाई हमले हमले में 37 लोगों की मौत हो गई।

# सास भी दर्ज करा सकती है घरेलू हिंसा का मामला: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाया कि सास भी घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत केस दर्ज करा सकती है। जस्टिस आलोक माथुर ने ट्रायल कोर्ट के उस निर्णय को बरकरार रखा, जिसमें बहू और उनके परिवार के सदस्यों को सास की दायर शिकायत पर समन जारी किया गया था। समन के खिलाफ बहू ने इलाहाबाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।



वहीं, बहू के वकील ने हाईकोर्ट में दलील दी कि उन्होंने (बहू) अपने ससुराल वालों के खिलाफ घरेलू हिंसा और दहेज का मामला दर्ज कराया था। इस कारण सास ने शिकायत दर्ज कराई है। कानूनी मामलों की वेबसाइट बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक अदालत ने श्रीमती गरिमा और 5 अन्य बनाम यूपी राज्य नाम से दर्ज मामले में कहा कि सास को, बहू या परिवार के किसी दूसरे सदस्य द्वारा परेशान किया जाता है, शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है तो निश्चित रूप से वो पीड़ित व्यक्ति के दायरे में आएगी।

ऐसे में उन्हें घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 12 के तहत शिकायत दर्ज कराने का अधिकार होगा। सास ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि बहू अपने पति पर उसके मायके में जाकर रहने के लिए दबाव बना रही है। उन्होंने अपनी शिकायत में इसके अलावा ये भी कहा कि बहू उनके और अन्य परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है और झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही है।

### केनरा बैंक धोखाधड़ी मामला

# मेहुल चोकसी के खिलाफ सीबीआई ने की गैर-जमानती वारंट की मांग




**एजेंसी, नई दिल्ली।** बेल्जियम में हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की हालिया गिरफ्तारी के बाद, भारत में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक अन्य धोखाधड़ी मामले में उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। चोकसी, जो पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं, पर. इस बार केनरा बैंक के नेतृत्व वाले बैंक समूह को 55.27 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

सीबीआई के अनुसार, यह मामला उस वक्त और गंभीर हो गया जब चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया, जो भारत सरकार की प्रत्यर्पण प्रक्रिया का परिणाम था। इसके बाद एजेंसी ने विशेष सीबीआई अदालत में एनबीडब्ल्यू की अर्जी दाखिल की ताकि केनरा बैंक मामले में आगे की कार्रवाई की जा सके। हालांकि, इस याचिका को प्रक्रियात्मक अड़चन का सामना करना पड़ा, क्योंकि विशेष न्यायाधीश वीपी देसाई ने यह कहते हुए मामला मजिस्ट्रेट कोर्ट को भेज दिया कि सीबीआई की विशेष अदालत को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केवल तभी अधिकार प्राप्त होता है जब मामले में कोई सार्वजनिक अधिकारी आरोपी हो। चूंकि इस मामले में केवल निजी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है, इसलिए विशेष अदालत का अधिकार क्षेत्र नहीं बनता।

### 14 साल बाद ईडी का एक्शन

# मनी लॉन्ड्रिंग मामला: जगन रेड्डी की 27 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हैदराबाद यूनिट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के 27.5 करोड़ रुपए के शेयर और डालमिया सीमेंट्स (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) की 377.2 करोड़ रुपए की जमीन को क्विड प्रो क्वो निवेश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। हालांकि, डीसीबीएल ने कहा कि जब्त संपत्ति की कीमत 793.3 करोड़ रुपए है। मामला दर्ज होने के 14 साल बाद यह जब्ती की गई है.

यह मनी लॉन्ड्रिंग का मामला 2011 में सीबीआई की ओर से दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें डीसीबीएल की ओर से भारती सीमेंट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया गया था। ईडी के मुताबिक, यह निवेश जगन की कंपनियों में 95 करोड़ रुपए के पेमेंट के रूप में किया गया, जिसके बदले कडप्पा जिले में 407 हेक्टेयर की खनन लीज डीसीबीएल को ट्रांसफर की गई।

ईडी और सीबीआई ने आरोप लगाया कि डीसीबीएल और जगन के बीच हुए एक समझौते के तहत, रघुराम सीमेंट्स लिमिटेड के शेयर फ्रेंच कंपनी को 135 करोड़ में बेचे गए थे, जिसमें से 55 करोड़ रुपए कैश में हवाला के जरिए जगन को दिए गए। सीबीआई ने 8 अप्रैल, 2013 को जगन समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कर्मचारियों का डीए व बकाया एरियर दे सरकार : राजीव राणा — पेज 2
- सुक्खू सरकार को आमजन से नहीं कोई सरोकार: बिक्रम — पेज 4
- टनलों के निर्माण से मकानों में दरारें आना चिंतनीय: जम्वाल — पेज 6
- शर्मसार हुई ममता! सड़क किनारे मिला नवजात का क्षत-विक्षत शव — पेज 9
- परशुराम चौक पर वर्षाशालिका न होने से यात्री परेशान — पेज 12


# नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस ने बनाया एटीएम: अनुराग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए नेशनल हेराल्ड घोटाले को कांग्रेस के 'मॉडल ऑफ करप्शन' का एक और नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री नेशनल हेराल्ड को चंदा नहीं, बल्कि विज्ञापन के रूप में पैसा देते हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर ये विज्ञापन किस आधार पर दिए जाते हैं, जबकि अखबार नहीं छाप रहे हैं? कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को अपना एटीएम बनाया है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एजेएल के 1000 शेयरधारकों का ऋण माफ करने की बजाय एक नई कंपनी बनाई, जिसके शेयरधारक कांग्रेस के दो पूर्व अध्यक्ष थे और उस कंपनी ने मात्र 50 लाख रुपए देकर 90 करोड़ रुपए का ऋण माफ कर दिया गया, ताकि 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति हड़पी जा सके।

अनुराग ने कहा कि नेशनल हेराल्ड का नाम सामने आते ही कांग्रेस के पूरे तंत्र में एकतरह की घबराहट, बेचैनी और असहजता दिखाई देने लगती है, क्योंकि कांग्रेस के नेता चोरी करते हुए पकड़े गए हैं। आजादी के बाद से अब तक कांग्रेस पार्टी से जुड़े अनेक घोटाले सामने आ चुके हैं, लेकिन नेशनल हेराल्ड का मामला अपने आप में एक ऐसा मॉडल है जो किसी के गले से नीचे नहीं उतर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री इस अखबार को चंदा नहीं, बल्कि विज्ञापन के रूप में पैसा देते हैं। आखिर ये विज्ञापन किस आधार पर दिए जाते हैं?

उन्होंने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री ने जनता से जो 10 गारंटियों के वादे किए थे, वे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। सरकार कहती है कि इसके लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन इसी समय नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन देने के लिए पैसे हैं। हाल ही में कुछ आंकड़े सामने आए, तो कांग्रेस पार्टी ने कहा कि कोई भी खरीद-फरोख्त हुई ही नहीं, लेकिन ईडी की चार्जशीट में साफ-साफ तथ्यों के साथ अपराध का प्रकार, तिथि, समय, स्थान और लेन-देन का विवरण मौजूद है। ये चार्जशीट कांग्रेस से जुड़ी गड़बड़ियों की पुष्टि करती है।

### परिवर्तन

### ग्रामसभा में फर्जीवाड़े की शिकायत आने पर बीपीएल परिवारों का नए सिरे से होगा चयन

# प्रदेश की ग्रामसभा में अब एसडीएम करेंगे बीपीएल परिवारों का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश की ग्रामसभाओं में एसडीएम अब बीपीएल परिवारों का चयन करेंगे। एसडीएम की ओर से तीन सदस्यीय वेरिफिकेशन कमेटी पूरी पारदर्शिता के साथ चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी।



तीन सदस्यीय कमेटी में पंचायत सचिव, हल्का पटवारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। कमेटी आवश्यक दस्तावेजों की जांच- पड़ताल करेगी। पूरी पारदर्शिता अपनाने के बाद तैयार सूचियां को 15 जून तक सार्वजनिक जांच के लिए ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड में प्रकाशित किया जाएगा। फिर नए परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल करने वाली वेरिफिकेशन कमेटी अंतिम मुहर आगामी ग्राम सभा की बैठक में लगाएगी।

ग्रामसभा में फर्जीवाड़े की शिकायत आने पर राज्य सरकार ने बीपीएल परिवारों को नए सिरे से चयन करने के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए एक अप्रैल से यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और यह 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। इसके बाद सूची में शामिल परिवारों का नए मापदंडों के आधार पर चयन होगा, ताकि बीपीएल सूची की चयन प्रक्रिया पर दोबारा से कोई सवाल ना उठे।

इतना ही नहीं, अब प्रधानों की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली ग्रामसभाओं की बैठक में बीपीएल परिवारों का सीधा चयन नहीं होगा। जिसके लिए एसडीएम की अध्यक्षता में यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। बीपीएल परिवारों की सूची में आम सहमति के निर्णय ग्राम सभा में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा दिया जाएगा।

### सरकार ने जारी की अधिसूचना : अनिरुद्ध

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह स्पष्ट कर चुके हैं कि बीपीएल परिवारों के चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने नए सिरे से मापदंड तय किये गए हैं, जिसके आधार पर ही बीपीएल परिवारों की सूची तैयार होगी और नए मापदंड को लेकर सरकार की तरफ से पहले ही अधिसूचना जारी की जा चुकी है, ताकि पंचायत स्तर में होने वाले फर्जीवाडे को रोका जा सके और जो बीपीएल के लिए एलिजिबल है, उन्हें ही इसमें शामिल किए जाने में मदद मिले।



### कमेटी लगाएगी अपनी अंतिम मुहर

**ग्रामसभा** की संस्तुति के बाद एसडीएम की अध्यक्षता में खंड स्तरीय कमेटी, जिसमें ब्लॉक अधिकारी, पंचायत इंस्पेक्टर, सब पंचायत इंस्पेक्टर और ग्राम सभा द्वारा की गई सिफारिश के बाद 15 दिनों के भीतर दस्तावेजों की उचित जांच सत्यापन को समिति की रिपोर्ट और अन्य आवश्यक जांच करने या ऐसे अन्य साक्ष्य लेने के बाद इंक्लूजन और एक्सक्लूजन को मंजूरी देंगे। खंड स्तरीय कमेटी अपनी जांच का लिखित रिकॉर्ड बनाकर रखेगी। वह लिखित रूप में सिफारिशों के खिलाफ साक्ष्य दर्ज नहीं होने तक बीपीएल सूची में इंक्लूजन और एक्सक्लूजन को लेकर ग्राम सभा की सिफारिशों से सभी कार्यों को अंतिम रूप देगी।

# कोडरा में ही बनेगा डे-बोर्डिंग स्कूल

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए बनने वाला डे-बोर्डिंग स्कूल अब कोडरा में ही बनेगा। बिझड़ी ब्लॉक की पंचायत कोडरा में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस कार्य को मंडी की सुकेत कंस्ट्रक्शन कंपनी करेगी।

यह स्कूल लगभग 125 कनाल भूमि पर बनेगा, जिसका सबसे बड़ा फायदा बड़सर विधानसभा क्षेत्र के गरीब बच्चों के लिए होगा। हालांकि, यह चर्चा भी चल रही थी कि इस स्कूल को बड़सर सीसे स्कूल में शिफ्ट किया जा रहा है। विधानसभा बड़सर के लोगों ने इसका विरोध करना भी शुरू कर दिया था। विधायक लखनपाल ने भी बताया था कि डे बोर्डिंग स्कूल को विधानसभा सत्र में बड़सर स्कूल में शिफ्ट किया जा रहा है, जहां पर लगभग 10 कनाल के करीब भूमि पर इसे शिफ्ट किया जा रहा था, जो मॉडल स्कूल बनने के लिए सूटेबल स्थान नहीं था। लोगों ने तो यहां तक कह दिया था कि अगर डे बोर्डिंग स्कूल कोडरा में नहीं खोला गया, तो इसका जवाब 2027 के चुनाव में देंगे। राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल कोडरा को 6 करोड़ 83 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है। 125 कनाल भूमि पहले ही शिक्षा विभाग के नाम कर दी गई है, अब इसकी टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इसका कार्य अब जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इस स्कूल में जमा दो तक की क्लासेस बिठाने का लक्ष्य तय किया है। यहां पर शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेलने को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। बच्चों के रहने के लिए होस्टल की सुविधा व खाने-पीने के साथ-साथ आधुनिक लैब व कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था भी की जाएगी। बच्चों का चयन टेस्ट के माध्यम से होगा, जो बच्चा टेस्ट पास करेगा उसकी ही एडमिशन होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि अगले सत्र तक भवन तैयार कर दिया जाए। अगले सत्र में एडमिशन देने के निर्देश भी दे दिए हैं। इस स्कूल के तैयार हो जाने पर बड़सर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों को लाभ मिलेगा। इस मुद्दे को अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाया था। (अनंत ज्ञान)

### सीएम सुक्खू का जताया आभार

डे-बोर्डिंग स्कूल कोडरा में स्वीकृत होने पर बड़सर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया, पूर्व विधायक मंजीत सिंह डोगरा, कमल पठानियां, संजय शर्मा, विपन ढटवालिया, राजेश वन्याल, डैनी जसबाल, नरेश लखनपाल, कैप्टन सोनी, युवा नेता रूबल ठाकुर, विशाल राणा, भूपिंद्र सिंह, अरविंद वन्याल, पवन शर्मा, रमा संकर, सुनील खरियाल, निक्का राम, अरविंद डोगरा, जिला परिषद मीना धीमान, प्रधान सैलजा वन्याल,प्रधान विजय धीमान, उमा शर्मा, पूनम सठवीं, रेखा ढटवालिया, मीरां कालिया, प्रधान रवि धबीरी, सुरजीत सिंह, अशोक कुमार, दीपक पपलोहल, उपप्रधान दीप दबड़ियाना, मंजीत सिंह, सतीश सोनी, मनोज कुमार, प्रधान ऐसी सेल कृष्ण कुमार, उपप्रधान निक्कू कोडरा, विनोद लखनपाल, कमर खान, देश राज पठानिया,अतुल विज्ज आदि ने सीएम सुक्खू का आभार व्यक्त किया।

**बड़सर सीसे स्कूल में शिफ्ट करने की चल रही थी चर्चा**

अनंत ज्ञान खबर का असर

# कर्मचारियों का डीए व बकाया एरियर दे सरकार : राजीव राणा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर के जिला परिषद कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला परिषद कर्मचारी एवं अधिकारी महासंघ की बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में किया गया, कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने शिरकत की।

अशोक कुमार ने चेयरमैन राजीव राणा के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि प्रदेश सरकार से वित्त विभाग की नोटिफिकेशन 3 जनवरी, 2022 के अनुसार जनवरी-2022 से हिमाचल प्रदेश के सभी विभागों, बोर्ड, निगमों के कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग के लाभ प्रदान किए गए हैं, लेकिन जिला परिषद कैडर को छठे वेतन आयोग के लाभ नहीं दिए गए। उन्होंने बताया कि कई बार सरकार और विभाग से अनुरोध किया उसके उपरांत निदेशक एवं विशेष सचिव पंचायतीराज द्वारा पत्र जारी कर छठे वेतन आयोग के लाभ देने के दिशा-निर्देश जारी किए गए, लेकिन 7 मार्च, 2024 तक का एरियर विधानसभा प्रपत्र संख्या 2851 25 मार्च 2025 के अनुसार 9 जिले के 6 जिला परिषद के कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों और 33 विकास खंडों की पंचायतों में कार्यरत जिला परिषद कैडर के कर्मचारियों को एरियर दे दिया है, जबकि शेष जिला परिषद के कार्यालय व विकास खंडों की पंचायतों में कार्यरत जिला परिषद के कर्मचारियों को एरियर आज तक नहीं दिया जा रहा है।

# जल शक्ति विभाग में सेक्शन पांच, जेई दो

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर**

हमीरपुर जल शक्ति विभाग की दुश्वारियां लगातार बढ़ रही हैं।

गर्मियों का मौसम अब शुरू हो चुका है, लेकिन जिला मुख्यालय पर स्थित अकेले हमीरपुर सबडिवीजन में ही पांच सेक्शनों में जेई के तीन पद खाली हैं। शहर में कोई भी रेगुलर जेई नहीं है। आस-पड़ोस के जूनियर इंजीनियरों के पास जिम्मेदारी सौंपकर काम चलाऊ व्यवस्था बनाई गई है। नाल्टी, चौकी, मट्टन सिद्ध, लंबलू और हमीरपुर सदर पांच जेई सेक्शन हैं।

इनमें लंबलू क्षेत्र के जेई के पास ही मट्टन, सिद्ध और हमीरपुर सदर का जिम्मा है। इनके पास तीन क्षेत्रों का जिम्मा है, जबकि नाल्टी के जेई के पास चौकी का भी अतिरिक्त जिम्मा है। वह भी अंडर ट्रांसफर हो चुके हैं। अब दोनों क्षेत्र लगभग खाली हैं। हमीरपुर में इस तरह की व्यवस्था किसी के गले नहीं उतर रही है। कारण यह है कि हमीरपुर जिला मुख्यालय है और इसके आस पड़ोस के क्षेत्र में भी यदि जूनियर इंजीनियरों के इतने पद खाली होंगे, तो फिर व्यवस्था कैसे बनेगी?

जमीनी तौर पर यही लोग व्यवस्था बनाने में लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरते हैं। हमीरपुर क्षेत्र की योजनाएं खस्ताहाल में हैं, उनका रखरखाव बेहद खराब हो चला है। कुछ में बड़े अधिकारियों द्वारा दिलचस्पी लिए जाने से कुछ सुधार होने लगे हैं, लेकिन ज्यादातर का हाल बेहाल है, अब यदि हमीरपुर में रेगुलर जेई ही नहीं होगा, तो फिर जिला मुख्यालय में व्यवस्था कैसे बनेगी? किसकी जवाबदेही होगी।

हमीरपुर सबडिवीजन की ही ऐसी हालत नहीं है। जिले के ज्यादातर सबडिविजनों में इसी तरह का गुल विभाग के उच्चाधिकारी खिला रहे हैं। यहां यह पद खाली क्यों हैं? इस पर कोई भी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। योजनाओं के क्रियान्वयन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। (अनंत ज्ञान)

### जल्द इन पदों पर आएंगे जेई : राकेश

**एसडीओ** राकेश सोनी का कहना है कि काम की व्यवस्था चलाई जा रही है। गर्मियों का मौसम है, दिक्कतें तो रहती ही हैं, लेकिन उम्मीद है जल्द ही इन पदों पर जेई आ जाएंगे।

**एक के हवाले तीन दूसरे के दो, कैसे बनेगी व्यवस्थाएं?**

**गर्मियों का मौसम शुरू पेयजल व्यवस्था बनाने में आएंगी दिक्कतें**

## न्यूज ब्रीफ

### शैलजा ने सीएसआईआर यूजसी नेट परीक्षा की उत्तीर्ण



**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के जाहू गांव की शैलजा राणा पुत्री दुर्गाचरण राणा ने पहले ही मौके में सीएसआईआर यूजसी नेट की परीक्षा उर्तीण की है। शैलजा की इस उपलब्धि से इलाके में खुशी की लहर है। शैलजा राणा ने बीएससी लक्ष्मण सैन कॉलेज सुंदरनगर से की और एमएससी जोलोजी में सरदार पटेल विश्वविधालय मंडी से उर्तीण की। शैलजा राणा के पिता प्रवक्ता अर्थशास्त्र के पद पर हैं, जबकि माता सुनीता राणा गृहिणी हैं। शैलजा राणा के द्वारा पहले ही मौके में सीएसआईआर यूजसी नेट की परीक्षा उर्तीण की है।

### सीएम से मांग, 24 घंटे खुला रहे भोटा अस्पताल



**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के भोटा से एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला और भोटा हस्पताल को दिन-रात खुला रखने की मांग रखी। इस पर सीएम ने प्रतिनिधिमंडल को 24 घंटे अस्पताल को खुला रखने का आश्वासन दिया। बड़सर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र से संबंधित समस्याओं के बारे में भी अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बड़सर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर करोड़ रुपए के विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन कर नए कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। ढटवालिया ने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री बड़सर का दौरा करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बड़सर विधानसभा क्षेत्र की जनता को करोड़ों की सौगातें देंगे। (अनंत ज्ञान)

### पीएचडी की सीटों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के रिसर्च एंड स्कालर डॉयरेक्टर डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश प्राइवेट शिक्षण संस्थान रेगुलेटरी कमीशन द्वारा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, जूलॉजी, लॉ, फार्मेसी, पॉलिटिकल साइंस, माइक्रो बायोलाजी व योगा में सत्र 2025-26 में पीएचडी की सीटों को भरने की मान्यता दे दी है। इससे पहले भी विश्वविद्यालय में 185 रिसर्च स्कॉलर विभिन्न विषयों में अपनी पीएचडी कर रहे हैं। एडमिशन के लिए करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा लेगा। नेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी। अभ्यर्थी 21 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

### नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर गांधी चौक पर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस की प्रदेश सरकार एवं नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर राहुल गांधी व सोनिया गांधी के खिलाफ हमीरपुर के गांधी चौक में धरना प्रदर्शन किया। यह धरना-प्रदर्शन पूरे प्रदेश भर में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिला स्तरों पर किया गया। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष कपिल, मोहन, प्रगुण गौतम, रॉबिन, सौरभ शर्मा, दीक्षित गौतम, विशाल, पंकज और अन्य भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एचआरटीसी के एमडी ने सुविधाओं का जायजा लिया



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. निपुण जिंदल ने शुक्रवार को निर्माणाधीन अंतरराज्यीय बस अड्डे, निगम की वर्कशॉप, डीएम और आरएम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एचआरटीसी, बस अड्डा प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण (बीएसएमडीए) और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बस अड्डे के निर्माण कार्य की ताजा स्थिति की जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डॉ. निपुण जिंदल ने एचआरटीसी वर्कशॉप, डीएम एवं आरएम कार्यालय और हमीरपुर के वर्तमान बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं एवं जन सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर एचआरटीसी के डीएम राजकुमार पाठक, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल, बीएसएमडीए के अधिशाषी अभियंता मदन चौहान, सहायक अभियंता एसएस ठाकुर और अन्य अधिकारियों ने प्रबंध निदेशक को विभिन्न व्यवस्थाओं की ताजा स्थिति से अवगत करवाया।

### बिजली के उपकरणों का सही ढंग से करें रखरखाव

**अनंत ज्ञान, नादौन।** अग्निशमन केंद्र नादौन द्वारा शुक्रवार को नादौन अस्पताल में कार्यरत स्टाफ को अग्नि सुरक्षा बारे जागरूक किया गया। अस्पताल स्टाफ को बताया कि बिजली के उपकरणों का सही ढंग से रखरखाव करें, ताकि अग्नि सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही की कोई गुंजाइस न रहे। कई बार बिजली चली जाती है और बिजली उपकरण ऑन ही रह जाते हैं और हम उन्हें बंद करना भूल जाते हैं। ऐसे में आग लगने का खतरा बना रहता है क्योंकि हम घर या कार्यालय में नहीं होते हैं और हमारे जाने के बाद बिजली आ जाती है और हमारे बिजली द्वारा संचालित उपकरण जैसे हीटर, प्रैस आदि के आग लगने का खतरा बना रहता है। अग्निशमन केंद्र नादौन के अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह भाटिया ने लोगों को सलाह दी है कि जब वे अपने घर या कार्यालय में जाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि बिजली संचलित उपकरणों के सभी बटन/ स्विच आफ कर दें चाहे बिजली हो या नहीं हो।

# जिले को नशा मुक्त करने के लिए प्रतिनिधियों का सहयोग आवश्यक

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

पुलिस प्रशासन द्वारा नशा करने वाले और बेचने वालों का पता लगाने के लिए वार अंगेस्ट ड्रग अभियान शुरू किया है, लेकिन फिर भी नशीले पदार्थ बेचने वाले अपने मजसूबों में कामयाब हो रहे हैं। प्रदेश सरकार ने नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, नगर निगम और नगर परिषद के नुमाइदों को इसमें सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस प्रतिदिन नाके लगाकर चिट्टा, चरस और अन्य नशीले दवाइयां बेचने वालों पर शिकंजा कस रही है, लेकिन नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिनिधियों का सहयोग भी आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने नगर निगम, नगर परिषद और ग्राम पंचायत, जिला परिषद के प्रतिनिधियों से नशे को समाप्त करने के लिए सहयोग मांगा है। इसके लिए प्रतिनिधि अपने वार्ड में शराब या अन्य दूसरा कोई नशा करता है, तो उसका नाम, आधार नंबर और फोन नंबर देने के अलावा, जो लोग नशीले पदार्थ बेचने व तस्करी करने के आदी हैं या नशीले पदार्थ बेचने अथवा तस्करी करने का संदेह, तो वे इसकी जानकारी पूर्णतया गोपनीय रूप से व्हाट्सऐप के माध्यम से अथवा सीधे फोन कर एसपी या डीएसपी को दे सकते हैं। यह सूचना केवल नशा खोरी के खिलाफ कार्य योजना में उपयोग की जाएगी। इस तरह की कोई भी जानकारी यदि पुलिस को दी जाती है, तो यह सूचना किस वार्ड या पंचायत की है या किस व्यक्ति से प्राप्त हुई है इसे पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस प्रशासन द्वारा नशा तस्करों को पकड़ने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत कई मामले पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पकड़े गए हैं। अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं जो नशे के कारोबार में संलिप्त हैं और पुलिस से बच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### आंदोलन में चाहिए लोगों का सहयोग: भगत सिंह

**इस** बारे में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि वार अंगेस्ट ड्रग अभियान में नगर निगम, नगर परिषद और जिले की सभी पंचायत प्रतिनिधियों को जोड़ा जा रहा है। युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए प्रतिनिधियों का सहयोग बहुत आवश्यक है। इस आंदोलन में हमें लोगों का सहयोग चाहिए। इसमें चाहे वह किसी भी वर्ग, पेशे या जाति या धर्म से महिला या पुरुष हो इस मुहिम में जुड़कर युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में बचाने में सहयोग कर सकता है।

# बड़ा कस्बे में ट्रैफिक जाम हुआ आम

## वाहन चालकों और लोगों ने उठाई बाइपास सड़क बनाने की मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**




नादौन उपमंडल के कस्बा बड़ा में वर्तमान समय में ट्रैफिक का प्रतिदिन जाम लगना आम बात हो गई है।

यहां पर ट्रैफिक जाम कई बार इतना लंबा लग जाता है कि उसे बहाल होने में आधे घंटे से भी ऊपर का समय लग जाता है, जिससे न केवल वाहनों चालकों को परेशानी होती है , बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कस्बा बड़ा में जाम लगने का मुख्य कारण कस्बा बड़ा के चौक पर सड़क का तंग होना एवं उस सड़क से धोलासिद्ध बिजली परियोजना के लिए बड़ी गाड़ियों द्वारा मशीनरी लेकर जाना है। पालमपुर, बैजनाथ और जोगिंद्रनगर के लिए यात्रियों एवं पर्यटकों के लिए आने-जाने के लिए ये (शॉट कट) वाला रास्ता है। क्षेत्रवासी कस्बा बड़ा में ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए यहां बाइपास सड़क की मांग कर रहे हैं।

लोगों का कहना है कि कस्बा बड़ा से सुजानपुर जाने वाली सड़क पर यदि बाइपास सड़क बन जाती है, तो इससे लोगों को कस्बा बड़ा के बाजार में जो प्रतिदिन ट्रैफिक जाम लगने की समस्या रहती है, उस समस्या का भी समाधान हो जाएगा। लोगों ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और प्रदेश सरकार को इस पर चिंतन करना चाहिए। विभागीय सूत्रों के अनुसार काफी समय से कस्बा बड़ा में ट्रैफिक समस्या को मध्यनजर रखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा बाइपास सड़क का सर्वे किया जा रहा था और लोगों में ये भी चर्चा चली हुई है कि बाइपास सड़क के लिए सर्वे की गई भूमि मालिकों से भी विभाग के अधिकारी बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुजानपुर को श्रेष्ठ विधानसभा बनाएंगे विकास में नहीं आने देंगे कमी: कै. रणजीत



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

ग्राम पंचायत खैरी के खैरी बूथ में विधायक कै. रणजीत सिंह ने गांव वासियों की समस्याओं को सुना और अधिकतर समस्यायों का मौके पर निपटारा किया।

विधायक का गांव में पहुंचने पर गरमजोशी के साथ गांव वासियों ने स्वागत किया और क्षेत्र के विकास व मुख्यतौर पर संधोल सड़क मार्ग के लिए विधायक कै. रणजीत सिंह का धन्यवाद व्यक्त किया। गांव वासियों ने पशुओं के बचाव के लिए तार व पानी की समस्या के बारे में विधायक कै. रणजीत सिंह को अवगत करवाया। विधायक ने गांव वासियों को आश्वासन देते हुए कहा की तार हर क्षेत्र में लगाई जाएगी, जिसकी प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है और पानी की समस्या का भी जल्द निपटारा होगा। विधायक ने कहा कि जैसे हमने सुजानपुर शहर के लिए एक नारा दिया था हमारा सुजानपुर प्यारा सुजानपुर और वो धरातल पर भी करके दिखाया, वैसे ही हम विधानसभा सुजानपुर को श्रेष्ठ विधानसभा बनाएंगे और क्षेत्र में विकास की कोई भी कमी नहीं आने देंगे। मौके पर कांग्रेस नेता प्यार चंद के साथ गांव के ज्येष्ठ श्रेष्ठ, वरिष्ठ व मातृ शक्ति उपस्थित रही।

# धूमधाम से मनाया आशीष शर्मा का जन्मदिन

## विधानसभा क्षेत्र में रक्तदान व भंडारे समेत अन्य कार्यक्रम हुए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



विधानसभा क्षेत्र सदर हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा के 38वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

सुबह से ही विधायक आशीष शर्मा के घर बधाइयां देने वालों का तांता लगा रहा। उनके आवास स्थान पर आकर सभी ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं एवं केक काटकर जन्मदिवस मनाया। विधायक आशीष शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं, प्रशंसकों व क्षेत्र की देवतुल्य जनता का उन्हें प्यार, स्नेह और आशीर्वाद देने के लिए दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि जनता का यह प्यार और आशीर्वाद ही उनकी ताकत है। उन्होंने उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करने वाले तमाम कार्यकर्ताओं एवं विधानसभा क्षेत्र व अन्य क्षेत्रों की जनता का आभार व्यक्त किया। भाजपा मंडल शहरी व ग्रामीण हमीरपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार सुबह विधायक के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें बधाइयां दीं एवं केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया।

इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र से दिन भर विधायक के प्रशंसक व क्षेत्र की जनता उनके निवास स्थान पर आती रही और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते रहे। विधायक की पत्नी स्वाति जार भी इस मौके पर मौजूद रहीं और उन्होंने भी महिला मोर्चा एवं क्षेत्र की महिला शक्ति से शुभकामनाएं प्राप्त कर सभी मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया। भाजपा मंडल शहरी और ग्रामीण हमीरपुर द्वारा गांधी चौक हमीरपुर में रक्तदान शिविर और भंडारे का आयोजन किया गया। विधायक आशीष शर्मा के 38वें जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 38 यूनिट रक्त एकत्रित कर ब्लड बैंक को भेजा गया। अपने 38वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर विधायक आशीष शर्मा ने वीर भूमि टैक्सी यूनियन हमीरपुर के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र के सभी टैक्सी ऑपरेटर एवं ऑटो चालकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शहरी श्रीपाल शर्मा और ग्रामीण जसवीर सिंह ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तमाम कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया।

# बांस के झुंड में लगी आग

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के साथ लगते ज्वालामुखी के भड़ोली के घुरकाल गांव में एक बांस के झुंड में अचानक आग लग गई, जिससे आस पास के घरों को भी खतरा पैदा हो गया। घुरकाल गांव के हेमराज व जगरूप सिंह ने जल्द इसकी सूचना अग्निशमन केंद्र नादौन को दी। खबर मिलते ही अग्निशमन केंद्र की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया अन्यथा साथ लगते घरों व गेहूं के खेतों को भी आग से नुकसान हो सकता था। आग बुझाने वालों में फायरमैन विकेश कुमार, राकेश कुमार, देशराज व राज कुमार आदि शामिल थे। आग लगने की घटना की पुष्टि करते हुए अग्निशमन केंद्र नादौन के अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र कुमार भाटिया ने बताया कि आग पर समय रहते काबू पा लिया है अन्यथा नुकसान बढ़ सकता था। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि कहीं आग की घटना की जानकारी मिलती है, तो तुरंत 01972232101 पर अग्निशमन कार्यालय को सूचित करें, ताकि आग पर काबू पाया जा सके।

**आयोजन** विश्व संवाद केंद्र ने आयोजित करवाई स्तंभकार कार्यशाला

# विमर्श के युद्ध में शब्द प्रमुख अस्त्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विमर्श के युद्ध में शब्द और शब्दावली प्रमुख अस्त्र होते हैं। यह विमर्श वाद-विवाद से नहीं, बल्कि संवाद से बनते हैं। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने यह बात विश्व संवाद केंद्र हिमाचल प्रदेश की ओर से शुक्रवार को हमीरपुर में आयोजित एकदिवसीय स्तंभकार कार्यशाला में कही।

प्रो. अग्निहोत्री ने कहा कि राष्ट्र एवं समाज के हित को ध्यान में रखते हुए नकारात्मक शब्दावली को प्रारंभ में ही निष्क्रिय कर देना चाहिए। विमर्शों के इस युद्ध में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत का विचार और संस्कृति स्वयं को कभी भी केंद्रित नहीं करते। भारत एक निरंतर चलने वाली यात्रा है। इसमें कभी भी ठहराव नहीं आता। भारतीय विचार की तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी एक निरंतर प्रवाहवान यात्रा है। अंग्रेजों ने भारतीय समाज को तोड़ने के लिए कई विभाजनकारी नेरेटिव चलाए। जाति व्यवस्था को हिंदू होने का पर्याय बना दिया गया। इस प्रकार विराट एवं संगठित भारतीय समाज को विभाजित करने का षड्यंत्र अंग्रेजों ने रचा। भारतीय समाज इसकी क्षति आज तक झेल रहा है। विकसित भारत-2047 के संकल्प को प्राप्त करने की दिशा में इन विभाजनकारी विमर्शों को तोड़ना अत्यंत आवश्यक हो गया है। वहीं, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के प्रो. सतीश ने कहा कि संविधान की मूल प्रति में दिए गए चित्र यह बताते हैं कि संवैधानिक राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद में अंतर नहीं है। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख प्रताप सिंह समयाल सहित प्रदेश भर के स्तंभकारों, साहित्यकारों एवं ब्लॉगरों ने भाग लिया।



### प्रो. अग्निहोत्री ने शारदा स्तुति पुस्तक का किया विमोचन

**कार्यशाला** में प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने शारदा स्तुति पुस्तक का विमोचन किया। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कश्मीर अध्ययन केंद्र के शोधार्थी प्रवीण कुमार और आदित्य अवस्थी ने इस किताब को लिखा है। प्रो. अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय विमर्श को गढ़ने में और शारदा लिपि के पुनरुत्थान में यह पुस्तक महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगी।

# सच सामने आने से क्यों डर रही कांग्रेस: राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाया है। राजेंद्र राणा ने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और अगर प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में चार्ज शीट दाखिल कर रही है, तो कांग्रेस को सड़कों पर उतरकर हाय तौबा मचाने की बजाय कानूनी प्रक्रिया का सामना करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत जिन कांग्रेस नेताओं पर केस दर्ज किया गया है, अगर वे पाक साफ हैं, तो फिर कांग्रेस को घबराने की क्या जरूरत है। राजेंद्र राणा ने कहा यह केवल एक जांच नहीं है, यह जवाबदेही की घड़ी है, जो पार्टी दशकों तक देश की सत्ता में रही, यदि उस पर आर्थिक अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगते हैं, तो जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने देना चाहिए। कांग्रेस द्वारा इस कानूनी कार्रवाई को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताकर सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन करना सिर्फ जनता को गुमराह करने की कोशिश है। राजेंद्र ने इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कोई नया मामला नहीं है। वर्ष 2012 में भाजपा नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा इस घोटाले का खुलासा किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड, जो कभी 'नेशनल हेराल्ड' अखबार प्रकाशित करता था, उसकी करोड़ों की संपत्तियों को मात्र कुछ लाख रुपए में यंग इंडियन लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया। इस कंपनी में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुख्य हिस्सेदारी है। इस पूरे लेन-देन में मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप हैं।

## अनुराग ठाकुर ने नेशनल हेराल्ड मामले पर कांग्रेस को किया बेनकाब: भाजपा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, महामंत्री अजय रिंटू, मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली, भाजपा नेत्री उषा बिरला, पूर्व मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने जारी प्रेस बयान में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने पिछले तीन दिनों से कांग्रेस को बेनकाब किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह मामला नेशनल हेराल्ड अखबार का है साल 1938 में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने इसकी स्थापना की। अखबार का मालिकाना हक एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड के पास था, जो दो और अखबार छापती थी, ये अखबार थे हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज। 1956 में एजेएल को गैर व्यवसायिक कंपनी के तौर पर स्थापित किया गया और कंपनी एक्ट धारा-25 से कर मुक्त कर दिया गया। कंपनी धीरे-धीरे घाटे में चली गई। कंपनी पर 90 करोड़ का कर्ज भी चढ़ गया। इसी बीच साल 2008 में वित्तीय संकट के बाद इसे बंद करना पड़ा, जहां से इस विवाद की शुरुआत हुई। भाजपाइयों ने कहा कि साल 2012 नवंबर महीने में सुब्रमण्यम स्वामी ने केस दर्ज कराया। बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने अपनी याचिका में कहा था कि श्यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड ने सिर्फ 50 लाख रुपए में 90 करोड़ रुपए वसूलने का उपाय निकाला, जो नियमों के खिलाफ है। केस दर्ज होने के दो साल बाद जून 2014 में अदालत ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी किया। इसी साल अगस्त महीने में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने संज्ञान लिया और मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। भाजपा नेताओं ने नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मामले पर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। उनका आरोप है कि कांग्रेस पार्टी ने प्रचार पर जनता के पैसे खर्च किए और 2000 करोड़ की संपत्ति पर गांधी परिवार की नजर है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान को मिलेगी गति



**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि अभाविप हिमाचल प्रदेश की कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा, प्रदेश मंत्री कुमारी नैंसी अटल एवं प्रदेश संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में विशेष रूप से अभाविप विशेष आमंत्रित सदस्य प्रो. प्रदीप कुमार, उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गौरव अत्री उपस्थित रहे। यह बैठक प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्य योजना निर्धारण एवं सामाजिक सरोकारों पर मंथन हेतु आयोजित की गई। प्रदेश भर से सभी कार्यकर्ता ने इस बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व बैठक में हिमाचल प्रदेश की वर्तमान परिदृश्य एवं शैक्षणिक स्थिति पर गंभीर चर्चा हुई। विशेष रूप से प्रदेश में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की गई। इसी संदर्भ में अभाविप द्वारा आरंभ किए गए विशेष अभियान में अभिनिवृति नशे से मुक्ति की प्रगति का मूल्यांकन किया गया तथा इसे और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि आगामी समय में यह अभियान प्रदेश के प्रत्येक कॉलेज, विश्वविद्यालय एवं युवा समूहों तक पहुंचाया जाएगा। इसके अंतर्गत जनजागरूकता रैलियां, संवाद कार्यक्रम, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक व नशामुक्ति कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

### जयपुर-देहरादून के लिए गगल से हवाई सेवाएं मंजूर



**अनंत ज्ञान, गगल।** अप्रैल महीने से गगल एयरपोर्ट से सायंकालीन विमान सेवा शुरू करने और गगल एयरपोर्ट को जयपुर तथा देहरादून से जोड़ने को लेकर हवाई अड्डा प्रशासन द्वारा की गई घोषणा के बाद गगल हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए अप्रैल महीने के प्रथम दिन से सायंकालीन विमान सेवा तो शुरू कर दी गई है लेकिन जयपुर तथा देहरादून के लिए गग्गल हवाई अड्डे से विमान सेवा अभी हवा में उड़ान भर रही है। इस बारे जब गगल हवाई अड्डे के निदेशक धीरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गगल एयरपोर्ट से देहरादून और जयपुर के बीच विमान सेवा शुरू करने के लिए हवाई अड्डा प्रशासन ने तो संबंधित इंडिगो एयरलाइंस को अपनी अप्रूवल दे दी है। अब यह संबंधित एयरलाइन पर ही निर्भर करता है कि वह इसे कब शुरू करता है। उन्होंने बताया कि इन दोनों विमान सेवाओं की समयसारिणी भी फाइनल कर दी गई है तथा एयरपोर्ट प्रशासन बार-बार संबंधित एयरलाइन से आग्रह कर रहा है कि वह शीघ्र इसे अमलीजामा पहनाए ताकि पर्यटक इस पर्यटन सीजन में इन विमान सेवाओं का लाभ ले सकें।

# चिंतपूर्णी मंदिर में पहली बार एक दिन में 48 लाख से अधिक चढ़ावा

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी**

शुक्रवार को चिंतपूर्णी मंदिर के गणना कक्ष में जैसे ही दान पात्रों को खोलकर गणना शुरू हुई, वहां उपस्थित अधिकारियों के होश उड़ गए। गणना वीरवार के चढ़ावे की थी और शुक्रवार को की जा रही थी।

अब 17 अप्रैल, 2025 का दिन इतिहास में दर्ज हो गया, क्योंकि श्रद्धालुओं ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में एक दिन में रिकॉर्ड चढ़ावा चढ़ाया। इस दिन 48,33,294 रुपए का चढ़ावा चढ़ाया गया, जो 12 जून 1987 को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मंदिर के अधिग्रहण के बाद से एक दिन में सबसे अधिक चढ़ावा है। पूर्व में सबसे अधिक चढ़ावा एक दिन का 25 लाख के लगभग था। (अनंत ज्ञान)

### चढ़ावे की गणना

**शुक्रवार** को हुई काउंटिंग में जब इस चढ़ावे की गणना की गई, तो 87 पैकेट 500 के नोट निकाले गए, जिसमें से 80 पैकेट लगभग एक जैसे थे। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि एक व्यक्ति द्वारा ही लगभग 40 लाख रुपए मंदिर के दान पत्र में डाले गए हैं। कार्यवाहक मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार अंब प्रेमलाल धीमान ने बताया कि वीरवार के चढ़ावे में मंदिर न्यास को 48 लाख 33 हजार 294 रुपए का चढ़ावा प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए इस चढ़ावे का उपयोग श्रद्धालुओं की सुख सुविधा पर खर्च किया जाता है।




### श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर होगा खर्च



**काउंटिंग** के दौरान उपस्थित रहे अधिकारी सीनियर सुपरिंटेंडेंट जीवन कुमार भी इस काउंटिंग के दौरान उपस्थित रहे। उन्होंने चढ़ावे की गणना और सुरक्षा का जायजा लिया। यह चढ़ावा आज तक के इतिहास में एक दिन में चढ़ाया गया सबसे ज्यादा चढ़ावा है। इससे मंदिर प्रशासन को क्षेत्र के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधा पर खर्च किया जाएगा।

# हिमाचल में दो क्रिटिकल केयर ब्लॉक को 193.75 करोड़ रुपए आवंटित

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल सरकार ने स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ के तहत राज्य में दो क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) और पांच जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं (डीआईपीएचएल) की स्थापना के लिए 193.75 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।

हाल ही में प्रदेश मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्वाहण में 50 बिस्तरों की क्षमता वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) और शिमला जिला के नागरिक अस्पताल रोहड़ू में 50 बिस्तरों की क्षमता वाले सीसीबी की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। यहां आपातकालीन सेवाओं, इटेंसिव केयर यूनिट्स (आईसीयू), हाई डिपेंडैंसी यूनिट्स (एचडीयू), आइसोलेशन बेड, डायलिसिस इकाइयों, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर और प्वाइंट-ऑफ-केयर प्रयोगशालाओं सहित उन्नत चिकित्सा अधोसंरचना की सुविधा मिलेगी।



प्रत्येक सीसीबी को मौजूदा जिला अस्पताल के साथ संबद्ध किया जाएगा और यह सामान्य परिस्थितियों में एक नियमित सुविधा के रूप में कार्य करेगा।

**आपातकालीन सेवाओं के लिए भी धनराशि जारी**

स्वास्थ्य आपातकाल या कोविड-19 जैसी स्थिति के दौरान, संक्रमण को नियंत्रित करने के दृष्टिगत इसका उपयोग अलग इकाई के रूप में किया जा सकेगा। प्रत्येक ब्लॉक का निर्माण 16.63 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा तथा 27.12 करोड़ रुपए की लागत से उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं स्थापित करने को मंजूरी

**इसके** साथ मंत्रिमंडल ने पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चंबा, डॉ. राधा कृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हमीरपुर से संबद्ध जिला अस्पताल हमीरपुर में जिला एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं स्थापित करने को भी मंजूरी दी है। इन डीआईपीएचएल का उद्देश्य नैदानिक क्षमताओं में सुधार करना, जांच सुविधाओं में तेजी लाना और आपातकालीन स्थिति का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

### प्रयोगशाला में उन्नत स्तर की मशीनरी होगी स्थापित

**प्रत्येक** प्रयोगशाला में क्लीनिकल पैथोलॉजी, हेमेटोलॉजी, साइटोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रत्येक डीआईपीएचएल में एक पैथोलॉजिस्ट, एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट, एक बायोकेमिस्ट, ग्यारह लैब तकनीशियन, एक डाटा एंट्री ऑपरेटर और दो सफाई कर्मचारी सेवाएं देंगे। 21.25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले प्रत्येक डीआइपीएचएल की वार्षिक आवर्ती लागत 49.05 लाख रुपये प्रति इकाई होगी।

### उपकरणों की खरीद को मंजूरी

**इसके** अलावा, मंत्रिमंडल ने कमला नेहरू अस्पताल शिमला, क्षेत्रीय अस्पताल ऊना और नागरिक अस्पताल सुंदरनगर जिला मंडी में निर्माणाधीन मातृ एवं शिशु अस्पताल विंग के लिए उपकरणों की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की है। अब इन अस्पतालों में आवश्यक उन्नत स्तर के उपकरण खरीदे जाएंगे जिससे मरीजों को सीधा फायदा मिलेगा।

# सीएम से मिले सिक्योंग पेनपा त्सेरिंग और गृह विभाग के मंत्री



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

तिब्बती बस्तियों की अपनी आधिकारिक यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत करते हुए निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति एवं सिक्योंग पेनपा त्सेरिंग, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के गृह विभाग के वर्तमान कलोन (मंत्री) के रूप में शामिल हुए।

पेनपा त्सेरिंग ने अपने दिन भर के कार्यक्रम की शुरुआत रंगजेन कैंप के दौरे से की। उसके बाद जोनांग तकतेन फुंटसोक चोलिंग में रुके, जहां उन्होंने पवित्र मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की तथा केंद्रीय तिब्बती प्रशासन से संबंधित भूमि संबंधी मुद्दों और अन्य मामलों पर चर्चा की।

उन्होंने मुख्यमंत्री को धर्मशाला में परम पावन दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस समारोह में भाग लेने के लिए निमंत्रण भी दिया गया। बैठक में गृह विभाग के सचिव पलदेन धोंडुप, दलाई लामा ट्रस्ट के सचिव जम्फेल ल्हुंडुप, सीआरओ शिमला के मुख्य प्रतिनिधि अधिकारी त्सेवांग फुंटसोक, गृह विभाग के अतिरिक्त सचिव ताशी डिकी तथा मुख्य प्रतिनिधि अधिकारी की भूमिका संभालने के लिए नामित उप सचिव लखपा त्सेरिंग ने भाग लिया। इसी तरह, सिक्योंग ने सचिव पाल्डेन धोंडुप, अतिरिक्त सचिव ताशी डिकी, सीआरओ त्सावांग फुंटसोक, नए सीआरओ लखपा त्सेरिंग और सीआरओ के सचिव देचेन रबजाम के साथ मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना से भी मुलाकात की।

**दलाई लामा के जन्मदिन पर शामिल होने का दिया न्योता**

# शानन बिजली घर के लिए करें संघर्ष : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि पूरे भारत में किसी प्रदेश में कहीं पर इतना भयंकर अन्याय नही हो रहा है जितना पिछले लगभग 60 साल से हिमाचल प्रदेश के साथ हो रहा है। हिमाचल की धरती पर हिमाचल के पानी से शानन बिजली घर में बिजली पैदा हो रही है परंतु उस पर मलकीयत पंजाब की है।



उन्होंने कहा कि 1966 में भारत सरकार ने पंजाब पुर्नगठन अधिनियम पास किया। पंजाब का बटवारा हुआ और नया हिमाचल प्रदेश बना। लोक सभा द्वारा पास किए गए उस कानून की एक धारा में यह स्पष्ट निर्देश था- 'इस कानून के बनने के बाद सांझे पंजाब की जो संपत्ति जिस नए प्रदेश में स्थित होगी उसकी मलकीयत उसी प्रदेश की होगी।' पुर्नगठन के बाद पूरा मंडी जिला और जोगिंद्रनगर हिमाचल प्रदेश का हिस्सा बना। शानन बिजली घर सांझे पंजाब की संपत्ति थी और पुर्नगठन के बाद वो नए हिमाचल प्रदेश में स्थित थी। इसलिए 1966 से ही 'शानन बिजली घर हिमाचल प्रदेश को मिल जाना चाहिए था परंतु उस समय पजांब सरकार ने केंद्र सरकार से मिलकर 'शानन बिजली घर को पंजाब में मिला लिया। शांता कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने पर मैंने इस संबंध में केंद्र सरकार से इस कानून का हवाला देकर शानन परियोजना को लेने की कोशिश की थी।

1977 में मेरे आग्रह पर प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने पजांब, हरियाणा और हिमाचल के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई। मैंने जब पुर्नगठन की धारा सबके सामने रखी तो प्रकाश सिंह बादल और देवी लाल के पास उसका कोई उत्तर नही था। प्रधानमंत्री ने भी हिमाचल के दावे को स्वीकार किया और बाद में भारत सरकार ने सुब्रमण्यम कमेटी बनाई। उस कमेटी ने भी हिमाचल के दावे को स्वीकार किया। हमारी सरकार नही रही और मामला वहीं ठप हो गया। भाखड़ा डैम और चंडीगढ में भी हिमाचल प्रदेश का 7.19 प्रतिशत हिस्सा है जो आज तक नही मिला।

शांता ने कहा कि अधिकार प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री के तौर पर मैं हिमाचल के पांच हजार प्रतिनिधि पंच से संसद तक की एक हिमाचल यात्रा दिल्ली तक ले गया था। हमने राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन दिया था। हिमाचल के अधिकारों के साथ अन्याय की यह लंबी कहानी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने हिमाचल की सरकार और हिमाचल के विपक्ष से विशेष आग्रह किया है कि शानन बिजली घर के लिए पूरे हिमाचल के सभी प्रमुख नेता एकजुट होकर सघंर्ष करे। सर्वोच्च न्यायालय में भी पूरी इस प्रश्न पर संघर्ष करे और हिमाचल के सब नेता न्याय प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री जी से भी मिलें।

# जनता के पैसों से नेशनल हेराल्ड को करोड़ों का विज्ञापन : जनक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के विधायक डॉ. जनक राज ने वर्तमान कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर सरकार को किसी भी समाचार अभिकर्तत्व को विज्ञापन जारी करना होता है, तो उसके कोई नियम तो होते ही होंगे और जिस प्रकार से वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अपने परिवार के समाचार पत्र नेशनल हेराल्ड को 2 करोड़ से अधिक की राशि जारी की है, इससे सरकार की कार्यप्रणाली पर अनेकों सवाल खड़े हो जाते है।

उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि दु:ख की बात तो यह है कि इस परिवार के समाचार पत्र की एक भी कॉपी हिमाचल प्रदेश नहीं आती और हिमाचल की जनता को पता भी नहीं है कि इस प्रकार का कोई समाचार पत्र हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित होता भी है, या आता भी है।

### राजकीय समाचार पत्र को उठाने की कोशिश करते

**विधायक** डॉ. जनक राज ने कहा कि उसके बावजूद इतनी बड़ी विज्ञापन राशि सरकार द्वारा इस समाचार पत्र को दी जाती है, यह उचित नहीं है। हिमाचल के राजकीय समाचार पत्र भी है, अगर उसको वर्तमान सरकार ने इस विज्ञान राशि से बल दिया होता, तो आत्मनिर्भर हिमाचल का सच्चा उदाहरण सामने आता।



### जनता के पैसों पर डाका

**डॉ. जनक** राज ने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी को बताना चाहते हैं की जो पैसा अपने इस न्यूज़ पेपर को दिया, वह पैसा जनता का है ना कि आपका और यह जनता के पैसे के दुरुपयोग का स्पष्ट मामला है।

# प्रदेश में लोग इलाज के लिए तरस रहे : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू कह रहे हैं की नेशनल हेराल्ड उनका अखबार है और वह आगे भी उसको खूब विज्ञापन देते रहेंगे। तो मुख्यमंत्री महोदय यह बात समझ लें कि सरकार उनकी है और नेशनल हेराल्ड अखबार उनका है लेकिन प्रदेश की संपत्ति, प्रदेश का संसाधन उनका नहीं है। जिसे वे अपनी सहूलियत और इच्छा के अनुसार जिस पर चाहे उस पर लुटा सके। मुख्यमंत्री महोदय को यह समझना चाहिए कि सरकार नियम, कायदे और कानून से चलती है, अपने पराए के भेदभाव के साथ नहीं।



जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर नेशनल हेराल्ड अखबार उनका है तो प्रदेश के लोग प्रदेश के लोगों की समस्याएं, प्रदेश के लोगों के दुख दर्द क्या उनके नहीं है? क्या प्रदेश के लोगों की समस्याओं का समाधान सरकार का काम नहीं है?

**कहा-नेशनल हेराल्ड कांग्रेस का है तो जनता की समस्याएं और सुख-दुख किसके हैं**

क्या मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों को इसी तरह उनके हाल पर छोड़ देंगे और घोटाले में लिप्त एक कंपनी और अपने पार्टी के अखबार को बचाने के लिए प्रदेश की संपत्ति उन पर लुटाते रहेंगे। प्रदेश में लोग इलाज के लिए तरस रहे हैं। अस्पताल में डायबिटीज जैसी बीमारी की जांच की किट तक उपलब्ध नहीं हो रही है, आईजीएमसी में एमआरआई के लिए चार-चार महीने बाद की तारीख है मिल रही है। सहारा और शगुन जैसी योजना का भुगतान बंद है। प्रदेश भर में ठेकेदार अपने दो-दो साल पुराने भुगतान के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, काम का बहिष्कार कर रहे हैं। पेंशनर और कर्मचारियों को दो साल से इलाज का पैसा नहीं मिल रहा है। क्या इन समस्याओं का समाधान करना मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी नहीं है?

प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस की सरकार को प्रदेश के विकास के लिए चुना था या नियमों की अनदेखी करके नेशनल हेराल्ड को मनमाना विज्ञापन देने के लिए चुना था? जयराम ने कहा कि बजट सत्र के दौरान विधानसभा में एक सवाल के जवाब में सुक्खू सरकार ने बताया है कि पिछले सवा दो साल में सुक्खू सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया को अपने कार्यकाल में लगभग 5 करोड़ 82 लाख का विज्ञापन के लिए दिया गया है, जिसमें से अकेले कांग्रेस के अखबार नेशनल हेराल्ड और नवजीवन को लगभग 2 करोड़ का विज्ञापन दिया गया है। सरकार द्वारा प्रदेश की मीडिया को दिए गए विज्ञापन के कुल बजट का एक तिहाई अकेले नेशनल हेराल्ड और नवजीवन को दिया गया है, यह दोनों अखबार हिमाचल प्रदेश में कहीं नहीं दिखते है।

# 10वीं परीक्षा का परिणाम मई माह के पहले सप्ताह में

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि इस बार 10वीं परीक्षा का परिणाम मई माह के पहले सप्ताह में घोषित किया जाएगा और 12वीं कक्षा का परिणाम मई माह के दूसरे सप्ताह तक घोषित किया जाएगा। यह पहली बार होगा कि शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं का परिणाम 12वीं के परिणाम से पहले घोषित किया जाएगा।

**12वीं कक्षा का परिणाम मई माह के दूसरे सप्ताह तक**




हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2025 की 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रदेश भर में कुल 2300 परीक्षा केंद्र स्थापित किए थे। इस बार बोर्ड ने 50 नए परीक्षा केंद्रों को जोड़ा था, जिससे छात्रों को अपने नजदीकी स्थानों पर परीक्षा देने की सुविधा मिली। इन परीक्षा केंद्रों में लगभग 2 लाख छात्र परीक्षा में सम्मिलित थे।

परीक्षा की पारदर्शिता और नकल रोकने के लिए बोर्ड ने कई सख्त उपाय किए हैं, जिनमें सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी, उड़नदस्तों की तैनाती और एग्जाम मित्र मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग शामिल की थी। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 2025 की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं मार्च में आयोजित की थीं।

10वीं की परीक्षाएं 22 मार्च को और 12वीं की परीक्षाएं 29 मार्च को समाप्त हुई थीं। पिछले वर्षों की परंपरा के अनुसार बोर्ड पहले 12वीं का परिणाम घोषित करता है और उसके बाद 10वीं का, लेकिन इस बार बोर्ड की ओर से 10वीं कक्षा का परिणाम पहले जारी किया जाएगा।

## शिक्षा

### शिक्षक भी बनेंगे विद्यार्थी, स्कूल लाइब्रेरी में अनिवार्य अध्ययन, हर महीने होगी पुस्तकों की प्रदर्शनी

# बिलासपुर शिक्षा विभाग की पहल से बदलेगा स्कूलों का अध्ययन वातावरण

**शुभम राही, बिलासपुर**

शिक्षा का असली उद्देश्य केवल ज्ञान का स्थानांतरण नहीं, बल्कि सतत अधिगम की भावना का निर्माण है। यही संदेश लेकर बिलासपुर शिक्षा विभाग ने एक अभिनव और अनुकरणीय पहल की शुरुआत की है। बिलासपुर जिले के सभी राजकीय उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में अब शिक्षक भी लाइब्रेरी में बैठकर अध्ययन करेंगे, ताकि बच्चों को पढ़ने की आदत के लिए वे खुद प्रेरक बनें।

बिलासपुर शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि जिले के सभी स्कूलों में शिक्षक सप्ताह में कम से कम एक घंटे पुस्तकालय में बैठकर पढ़ाई करेंगे। यह उपस्थिति बाकायदा रजिस्टर में दर्ज की जाएगी और विभागीय निरीक्षण के तहत हर महीने इसका रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। जो शिक्षक निर्देशों का पालन नहीं करेंगे, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अनुसार, अध्यापक केवल सूचना देने वाले माध्यम न होकर, पढ़ने और समझने की आदत को बढ़ावा देने वाले आदर्श भी होने चाहिएं। खुद पढ़ने वाले शिक्षक ही विद्यार्थियों में अध्ययनशीलता की संस्कृति विकसित कर सकते हैं।

उपनिदेशक, उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर रेणु कौशल ने बताया कि जिला के सभी अध्यापकों को पुस्तकालय में पढ़ने के निर्देश दिए गए हैं। इसका आंकलन एवं निगरानी भी की जाएगी। अगर किसी अध्यापक को रिकॉर्ड में नहीं पाया गया, तो उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

बिलासपुर शिक्षा विभाग द्वारा करवाए गए हालिया अध्ययन एवं मूल्यांकन से यह चौंकाने वाली जानकारी सामने आई कि जिला के अधिकांश स्कूलों की लाइब्रेरी में न तो छात्र जाते हैं और न ही शिक्षक। बिलासपुर जिले के 175 से अधिक राजकीय उच्च और वरिष्ठ स्कूलों में स्थित पुस्तकालयों में अक्सर पूरा दिन कोई गतिविधि नहीं होती, और रजिस्टर खाली ही रहता है। (अनंत ज्ञान)

### शिक्षकों के लिए निर्धारित हुआ साप्ताहिक लाइब्रेरी अध्ययन समय




### शिक्षा का नया अध्याय हुआ शुरू

**इस** पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम के रूप में देखा जा रहा है, जहां शिक्षक और विद्यार्थी दोनों को पढ़ना एक साझा संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा। यह पहल केवल बिलासपुर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अन्य राज्यों द्वारा भी इसे अपनाया जाना चाहिए, ताकि देश के हर विद्यालय में पुस्तकालयों का पुनर्जीवन हो और अध्ययनशील वातावरण का निर्माण हो सके।

### पुस्तक प्रदर्शनी से होगा पाठ्यक्रम से बाहर की किताबों का परिचय

अनंत ज्ञान खास खबर

**बच्चों** में केवल परीक्षा उन्मुख पढ़ाई के बजाय समग्र ज्ञान की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए शिक्षा विभाग ने प्रत्येक माह स्कूलों में पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस दिन शिक्षक और लाइब्रेरियन मिलकर विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के बाहर की किताबों - जैसे विज्ञान, जीवनी, प्रेरक कहानियां, सामान्य ज्ञान आदि से परिचित करवाएंगे और लाइब्रेरी से जारी करने को प्रेरित करेंगे।



बिलासपुर जिला के सभी सरकारी स्कूलों में अब विद्यार्थियों के साथ अध्यापक भी लाइब्रेरी में अध्ययन करेंगे। इस संदर्भ में जिला के सभी स्कूलों में आदेश जारी किए गए है। साथ ही प्रत्येक माह स्कूलों में लाइब्रेरी मेला आयोजित होगा।

-रेणु कौशल, उच्च शिक्षा उपनिदेशक, बिलासपुर।

# ब्रॉडगेज होगी कांगड़ा रेललाइन



**अनंत ज्ञान, जवाली।** कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि उन्हें कांगड़ा-चंबा की जनता ने वोटरूपी आशीर्वाद देकर सांसद बनाया है तथा वह हमेशा वोटरों व कार्यकर्ताओं के धन्यवादी रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांगड़ा-चंबा को विकास की दृष्टि से विकसित करवाना उनका ध्येय है तथा उसके लिए वह प्रयासरत हैं।

डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांगड़ा की रेल कनेक्टिविटी को ब्रॉडगेज करवाया जाएगा तथा पौंग झील तथा चमेरा झील को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लोकसभा में उठाया भी जा चुका है तथा मुझे आश्वासन भी दिया गया है कि इन मांगों को पूरा किया जाएगा

## न्यूज ब्रीफ

### अपने खेतों व घर के आसपास आग न लगाएं

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** ग्राम पंचायत गरली में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रधान शशि लता और उपप्रधान सुशांत मोदगिलने की। इस कार्यक्रम में वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वन विभाग की ओर से फॉरेस्ट गार्ड राजेश कुमार ने गांववासियों को गर्मी के मौसम में जंगलों और खेतों में आग न लगाने के लिए जागरूक किया। राजेश कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में हल्की सी लापरवाही भी बड़े पैमाने पर आग लगने का कारण बन सकती है, जिससे वन्य जीवों, पेड़-पौधों और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि आने वाले दो महीनों तक अपने खेतों या घरों के आसपास किसी भी प्रकार की आग न लगाएं। उपस्थित लोगों ने इस संदेश पर सहमति जताई और आग से बचाव के लिए पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### टांडा में 22वां एचपीएओआईकॉन दिसंबर में

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय व मेडिकल कॉलेज टांडा में कान, नाक एवं गला विभाग कि 44वां नॉर्थ वेस्ट जोन एओआईकॉन एवं 22वां एचपीएओआईकॉन 19 से 21 दिसंबर तक शोभा सिंह सभागार आरपीजीएमसी टांडा में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय शैक्षणिक महोत्सव उत्तर-पश्चिम भारत के विभिन्न राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के प्रमुख ईएनटी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं स्नातकोत्तर छात्रों को एक मंच पर लेकर आएगा। उक्त जानकरी प्रो. एवं विभागाध्यक्ष ईएनटी डॉक्टर मुनीश सरोच ने दी है।

### कैप्टन पराशर ने निभाया ग्रामीणों से किया वादा

**अनंत ज्ञान, गरली।** जसवां-परागपुर क्षेत्र की बणी पंचायत के सामुदायिक भवन का देखा गया सपना आज धरातल पर आकार ले चुका था। यह केवल एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि एक वादे की पूर्ति थी। यह वादा कैप्टन संजय पराशर ने गांववासियों से किया था। पराशर के साथ इस पुनीत कार्य में स्थानीय ग्रामीणों ने भी योगदान दिया है। गांव में सामुदायिक भवन नहीं था और इसकी आवश्यकता ग्रामीणों को वर्षों से महसूस हो रही थी। विवाह, धार्मिक आयोजन और अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए गांव में ऐसा भवन न होने से ग्रामीणो को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा, लेकिन किसी ने उनकी इस जायज मांग पर गौर नहीं किया। बाद में जब गांववासियों ने इस बात को कैप्टन संजय पराशर के समक्ष रखा तो पराशर ने तुरंत इस गांव में सामुदायिक भवन बनाने के लिए हामी भर दी और अपनी जेब से इस कार्य के लिए आर्थिक योगदान दिया। इसके साथ ही संजय पराशर ने गांव के लोगों से यह वादा किया था कि वह सामुदायिक भवन के कार्य को आगे बढ़ाएंगे और उसे पूर्ण करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### नशा मुक्ति अभियान को मिलेगी गति: नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि अभाविप हिमाचल प्रदेश की कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा, प्रदेश मंत्री कुमारी नैंसी अटल एवं प्रदेश संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में विशेष रूप से अभाविप विशेष आमंत्रित सदस्य प्रो.प्रदीप कुमार जी, उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गौरव अत्री भी उपस्थित रहे। यह बैठक प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्य योजना निर्धारण एवं सामाजिक सरोकारों पर मंथन हेतु आयोजित की गई। प्रदेशभर से सभी कार्यकर्ता ने इस बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व बैठक में हिमाचल प्रदेश की वर्तमान परिदृश्य एवं शैक्षणिक स्थिति पर गंभीर चर्चा हुई। विशेष रूप से प्रदेश में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की गई। इसी संदर्भ में अभाविप हिमाचल द्वारा आरंभ किए गए विशेष अभियान 'अभिनिवृत्ति- नशे से मुक्ति' की प्रगति का मूल्यांकन किया गया तथा इसे और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि आगामी समय में यह अभियान प्रदेश के प्रत्येक कॉलेज, विश्वविद्यालय एवं युवा समूहों तक पहुंचाया जाएगा। इसके अंतर्गत जनजागरूकता रैलियां, संवाद कार्यक्रम, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक व नशामुक्ति कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

# वनाग्नि रोकने के लिए थर्मल सेंसर सैटेलाइट की ली जाएगी मदद

## वन मित्रों को भी किया जाएगा तैनात, एनडीआरएफ की भी ली जाएगी हेल्प

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

वन वृत्त धर्मशाला में फायर सीजन के दौरान जंगलों में आग की रोकथाम के लिए अब तकनीक का सहारा लिया जाएगा। इसमें कुल 209 वन बीटों में जहां थर्मल सेंसर आधारित सैटेलाइट की मदद से त्वरित कार्रवाई की जाएगी, वहीं, अति संवेदनशील 150 क्षेत्रों के 46 किलोमीटर फायर लाइन बनाई गई है। इसमें संवेदनशील चीड़ की पत्तियों को साफ करके जंगलों में आग को रोकने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही इस दफा पहली बार वन मित्रों को भी उक्त सभी फील्ड बीटों में तैनात कर दिया गया है। वहीं, एनडीआरएफ की भी मदद ली जाएगी। इसके अलावा कैंपा स्कीम के तहत जंगलों में मौजूद आईपीएच के 22 जलस्त्रोतों का भी सहारा लिया जाएगा। जंगल की आग से जले हुए क्षेत्र की गणना आमतौर पर जमीनी आकलन, रिमोट सेंसिंग तकनीक और भू-स्थानिक विश्लेषण के संयोजन का उपयोग करके की जाती है।

जले हुए क्षेत्रों की सीमा का आकलन करने में सैटेलाइट इमेजरी एक महत्वपूर्ण उपकरण है। मल्टीस्पेक्ट्रल और थर्मल सेंसर सहित विभिन्न सेंसर से लैस सैटेलाइट, जंगल की आग से पहले और बाद में प्रभावित क्षेत्र की तस्वीरें ले सकते हैं। इन तस्वीरों की तुलना करके विश्लेषक जले हुए क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। वन विभाग द्वारा पुराने सभी आंकड़ों को इकट्ठा करते हुए आगामी वनाग्नि की संभावनाओं को देखते हुए अपना एक्शन प्लान तैयार किया है।

वन वृत्त धर्मशाला की सीसीएफ बासू कौशल ने बताया कि अब गाइडलांइस के मुताबिक ग्रामीणों को अपनी घासनियों में आग लगाने से पूर्व स्थानीय फॉरेस्ट गार्ड को सूचित करना होगा, जिससे उन्हें पूरी तरह से गाइड किया जाएगा, जिससे ज्यादा नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि यदि आसपास आग लगती है तो लोग इसकी सूचना फॉरेस्ट फायर कंट्रोल को दें। (अनंत ज्ञान)

### वन वृत्त धर्मशाला में गत वर्ष पेश आईं 535 घटनाएं



**गत** वर्ष वन वृत्त धर्मशाला में कुल 535 आग की घटनाओं से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा था। इसका सबसे बड़ा कारण लोगों द्वारा अपनी घासनियों में आग लगाने के चलते साथ लगते क्षेत्रों में आग फैलने के चलते इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं। वहीं जंगलों में शरारती तत्वों के द्वारा ऐसी वारदातों को अंजाम दिया जाता है।

### मैसेज अलर्ट

**वन** विभाग इस बार आग से निपटने के लिए हाईटेक प्रयोग करेगा। इसमें मैसेज के तौर पर तापमान का अलर्ट मिलेगा और संवेदनशील क्षेत्रों में फायर वाचर, वन मित्र व फील्ड स्टाफ को पहले ही सचेत किया जाएगा कि उक्त क्षेत्र में आग लग सकती है। विभाग ने सक्रिय वन पंचायत को भी जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए यह जिम्मेदारी देने का फैसला किया है।

# सुक्खू सरकार को आमजन से नहीं कोई सरोकार: बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार आम जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। उनका कहना है कि प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद मरीज, जिनका इलाज हिमकेयर योजना के तहत पीजीआई चंडीगढ़ जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में होना था, वे सरकार की संवेदनहीनता के कारण इलाज से वंचित हो रहे हैं क्योंकि सरकार ने 14 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान अब तक नहीं किया है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि यह वही कांग्रेस सरकार है जिसने सत्ता में आते वक्त वादा किया था कि वह जनकल्याण की योजनाओं को प्राथमिकता देगी, लेकिन अब हालत यह है कि प्रदेशभर में मरीज इलाज के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर सुक्खू सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की यह निकम्मी सरकार अब गरीबों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। हिमकेयर योजना भाजपा सरकार की एक ऐतिहासिक पहल थी, जिससे प्रदेश के लाखों गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिली, लेकिन सत्ता बदलते ही कांग्रेस ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। आज स्थिति यह है कि प्रदेश के अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड धारी मरीजों को इलाज तक नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं और पीजीआई जैसे संस्थान को करोड़ों रुपए का भुगतान न करना इस बात का सबूत है कि सरकार ने गरीबों की कोई चिंता नहीं की। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी 2024 को हिमाचल सरकार ने पीजीआई चंडीगढ़ के साथ एक एमओयू साइन किया था ताकि हिमकेयर योजना के लाभार्थियों को समय पर इलाज मिल सके, लेकिन अब 14 करोड़ रुपए का भुगतान टालने से मरीजों का इलाज बंद हो गया है।

**कहा, हिमकेयर के तहत पीजीआई चंडीगढ़ को नहीं किया 14 करोड़ का भुगतान**

# अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करों पर नूरपुर पुलिस की कार्रवाई सराहनीय: सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**




हाल ही में जिला नूरपुर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशा तस्कर के मुख्य सरगना के पिता सहित तीन अन्य तस्करों को गिरफ्तार कर अंतरराष्ट्रीय गिरोह को पूरी तरह से ध्वस्त कर रख दिया है। नूरपुर पुलिस ने गिरफ्तारी के साथ साथ आरोपियों पर जीरो कारवाई करते हुए 52 लाख सहित 3 करोड़ की चल व अचल संपत्ति को भी सीज कर दिया है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने प्रेस वार्ता कर नूरपुर पुलिस को इस कार्रवाई पर बधाई दी है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने वार्ता के दौरान कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी तब व्यवस्था परिवर्तन का नारा देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नशे के खिलाफ कड़े कदम उठाने की भी बात कही थी। इस अभियान में पुलिस के कई बहादुर ऑफिसर पूरी ईमानदारी व मेहनत से कार्य कर रहे हैं, जिनमें नूरपुर के एसपी अशोक रत्न का भी नाम शामिल है। इन्होंने नशे के खिलाफ कड़े कदम उठाने में प्रदेश भर में मिसाल पेश की है। हमें गर्व है ऐसे ऑफिसर पर तथा हम मुख्यमंत्री का भी धन्यवाद करते हैं कि नूरपुर पुलिस को ऐसा कप्तान दिया है जो पूरी ईमानदारी से कार्य कर रहा है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि हाल ही में जिस तरह से नूरपुर एसपी के नेतृत्व में जिला पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशा तस्कर गिरोह को ध्वस्त कर पूरे गिरोह को जड़ से उखाड़ फेंका है, उसके लिए नूरपुर पुलिस व प्रदेश सरकार धन्यवाद की पात्र है।

## उपमुख्य सचेतक ने शाहपुर में की पीएमजीएसवाई व नाबार्ड के कार्यों की समीक्षा, कहा–

# विकास कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए। शुक्रवार को शाहपुर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा नाबार्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है तथा सभी गांवों को चरणबद्ध तरीके से सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विकास की कार्य योजनाएं तैयार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं इसमें आम जनमानस के सुझाव भी मांगे गए हैं, ताकि लोगों की डिमांड के मुताबिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय से कार्य कर रही है और समाज के हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाओं क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनमानस की समस्याओं का गंभीरता से हल करने तथा प्रदेश के नागरिको को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार सुशासन की सरकार है और लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए अनावश्यक परेशान न हो इसके लिए व्यवस्था विकसित की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं को हल करवाने के लिए लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर ना लगवाएं। उन्होंने कहा कि विधायक जनता दरबार के आयोजन का मकसद लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए किया जा रहा है।

### मैराथन के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**शाहपुर।** लॉरेंस पब्लिक स्कूल शाहपुर ने शुक्रवार सुबह नशे के खिलाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि एसडीएम शाहपुर करतार चंद विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। पठानिया ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में अभियान आरंभ किया है तथा इस अभियान में शामिल होकर लॉरेंस स्कूल ने मैराथन के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया है।पठानिया ने ओपन श्रेणी में प्रथम रहे मानवी अवस्थी तथा क्षितिज को अपनी तरफ से 5100- 5100 रुपए नकद इनाम देकर सम्मानित किया।




# हर मौसम में रहती है लौकी/घिया की डिमांड



### पत्तियों, तने और गूदे से बनती हैं कई दवाइयां

गर्मी के मौसम में लौकी या घिया की खेती करके किसान मालामाल हो सकते हैं। लौकी की खेती के लिए सही समय फरवरी-मार्च या जून-जुलाई होता है। यह एक पौष्टिक सब्जी है जो गर्मियों में हाइड्रेशन, पाचन और त्वचा स्वास्थ्य के लिए अच्छी है। घिया (लौकी) की खेती किसानों को बंपर मुनाफा करवाती है। लौकी एक ऐसी सब्जी है, जिसकी डिमांड पूरे वर्षभर बनी रहती है। ऐसे में इसकी खेती किसानों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। अगर बात सभी कद्दूवर्गीय सब्जियों की करें तो लौकी को एक बेहद महत्वपूर्ण सब्जी के तौर पर जाना जाता है। लौकी सामान्य तौर पर दो आकार की होती हैं, पहली गोल और दूसरी लंबी वाली। लौकी का इस्तेमाल सब्जी के अलावा रायता और हलवा जैसी चीजों को बनाने में भी किया जाता हैं। इसकी पत्तियां, तने और गूदे से अनेक प्रकार की दवाएं भी बनाई जाती हैं।

## साल में तीन बार उगा सकते हैं लौकी

पहले लौकी के सूखे खोल को शराब या स्प्रिट भरने के लिए इस्तेमाल किया जाता था, इसलिए इसे बोटल गार्ड के नाम से जाना जाता है। यह एक ऐसी सब्जी है, जिसकी फसल साल में तीन बार उगाई जाती है। जायद, खरीफ, रबी सीजन में लौकी की फसल बोई जाती है। जायद की बुवाई मध्य जनवरी, खरीफ मध्य जून से प्रथम जुलाई तक और रबी सितंबर अंत से अक्तूबर के पहले सप्ताह तक लौकी की खेती की जाती है। जायद की अगेती बुवाई के लिए मध्य जनवरी में लौकी की नर्सरी की जाती है। घीया (लौकी) की खेती के लिए गर्म एवं आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है। इसकी बुआई गर्मी एवं वर्षा के समय में की जाती है। पाला लौकी की फसल को नुकसान पहुंचा सकता है। इसकी खेती को अलग-अलग मौसम के अनुसार विभिन्न स्थानों पर किया जाता है, लेकिन शुष्क और अर्द्धशुष्क जैसे क्षेत्रों में इसकी पैदावार अच्छी होती है। लौकी की खेती में 30 डिग्री के आसपास का तापमान को काफी उपयुक्त रहता है। अर्का नूतन, अर्का श्रेयस, पूसा संतुष्टि, पूसा संदेश, अर्का गंगा, अर्का बहार, पूसा नवीन, पूसा हाइब्रिड 3, सम्राट, काशी बहार, काशी कुंडल, काशी कीर्ति एंव काशी गंगा इसकी मुख्य किस्में हैं।



### ऐसे करें लौकी की खेती

**लौकी** की जल्दी और बंपर पैदावार के लिए आप इसके पौधों को नर्सरी में तैयार करके सीधे खेत में लगा सकते हैं। पौधों को खेत में रोपाई से लगभग 20 से 25 दिन पहले तैयार किया जाता है। इसके लिए आप तैयार खेत में एक तरफ इसकी नर्सरी तैयार करें। बीजों को लगभग 4 सेमी की गहराई पर बुवाई करके मिट्टी की पतली परत बिछा लें तथा हल्की सिंचाई करें। आप इसके पौधे प्लास्टिक या फाइबर के गिलास में भी तैयार कर सकते हैं। 4 से 5 दिनों के अंतराल पर सिंचाई करें। रोपाई के लगभग 50 से 55 दिनों के बाद इसकी फसल पैदावार देना आरंभ कर देती है। जब इसके फल सही आकार और गहरा हरा रंग में ठीक-ठाक प्रकार का दिखने लगे तब उनकी तुड़ाई कर लें। फलों की तुड़ाई डंठल के साथ करें। इससे फल कुछ समय तक ताजा बना रहता है।

### पोषक तत्वों से भरपूर

**अधिकतर** लोगों को लौकी खाने से बचते हुए देखा गया है। कुछ को इसका स्वाद पसंद नहीं होता है, तो कुछ को ये पता ही नहीं होता है कि ये कितनी फायदे चीज हैं। अगर आपको भी ये लगता हैं कि लौकी खाने से कोई फायदा नहीं है तो आपको बता दें कि ऐसा नहीं है। लौकी एक बेहद फायदेमंद सब्जी है, जिसके इस्तेमाल से आप कई तरह की बीमारियों से राहत पा सकते हैं। लौकी में कई तरह के प्रोटीन, विटामिन और लवण पाए जाते हैं। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम पोटेशियम और जिंक पाया जाता है। ये पोषक तत्व शरीर की कई आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं और शरीर को बीमारियों से सुरक्षित भी रखते हैं। इसके अलावा लौकी में कई ऐसे गुण होते हैं जो कुछ गंभीर बीमारियों में औषधि की तरह काम करते हैं।

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला

# पांगी बनेगा हिमाचल का पहला प्राकृतिक खेती वाला उपमंडल

हिमाचल की सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी को पहला प्राकृतिक खेती करने वाला उपमंडल बनाने जा रही है। अभी हाल ही में राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पांगी के किलाड़ में यह घोषणा की है। पांगी में अब खेतीबाड़ी और बागवानी में रासायनिक खादों के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लग जाएगा। यहां पैदा होने वाली फसल, फल और सब्जियां पूरी तरह ऑर्गेनिक होंगी। इनकी बाजार में किसानों और बागवानों को अच्छी कीमत मिलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पांगी में प्राकृतिक खेती के लिए पांच करोड़ रुपए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पांगी उपमंडल की 19 पंचायतों में अब खेतीबाड़ी और बागवानी में यूरिया का इस्तेमाल नहीं होगा। ऑर्गेनिक उत्पादों के लिए राज्य सरकार बेहतर मंडी की व्यवस्था करेगी। पागी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र का किलाड़ पीर पंजाल और मध्य हिमालय के बीच चिनाब नदी के किनारे बसी हुई खूबसूरत घाटी है।

### हिमाचल दिवस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने पांगी के किलाड़ में की है यह घोषणा



### पूरी तरह ऑर्गेनिक होगी यहां तैयार की फसल, फल और सब्जी

देश के सिक्किम राजय के बाद हिमाचल का पांगी उपमंडल देश का ऐसा दूसरा इलाका बनेगा, जहां पर फसलों, सब्जियों और फलों को पूरी तरह प्राकृतिक खेती के जरिये पैदा किया जाएगा। पांगी किलाड़ अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ जंगली ड्राई फ्रूट थांगी के लिए भी प्रसिद्ध है। कृषि विभाग के विषय विशेषज्ञ नरेश नायक ने बताया कि पांगी उपमंडल में 1881 हेक्टेयर भूमि पर कृषि और बागवानी हो रही है। इनमें से लगभग 600 हेक्टेयर जमीन पर सेब के बगीचे हैं। पांगी में आलू, फूलगोभी, बंद गोभी, गेहूं, जौ, मक्की, ब्रोकली, टमाटर, राजमा और हरे मटर की खेती भी होती है। अब प्राकृतिक खेती के अंतर्गत पूरे उपमंडल में रासायनिक खादों का इस्तेमाल बंद होगा।

# सूबे के किसानों को बारवेड वायर फेंसिंग के लिए मिलेगी सब्सिडी

## हिमाचल सरकार ने कृषि विभाग को जारी किए डेढ़ करोड़ रुपए

हिमाचल प्रदेश सरकार के कृषि विभाग की मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना के तहत बारवेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग पर सब्सिडी मिलेगी। खास बात है कि सोलर फेंसिंग की सब्सिडी के लिए हजारों की संख्या में किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। अब यदि उन्हें सरकार से मिलने वाली सब्सिडी का लाभ उठाना है तो बारवेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग का ही चुनाव करना होगा। इसके लिए किसान निकटतम विभागीय कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इन दो योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए सरकार ने कृषि विभाग सोलन को डेढ़ करोड़ का बजट जारी कर दिया है।



**खेतों** में लगी फसलों और फलों को बंदर और जंगली जानवर से बचाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना के तहत बारवेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग लगाने के लिए किसान बागवानों को सरकार की तरफ से सब्सिडी दी जा रही है। इसके लिए सरकार ने डेढ़ करोड़ रुपए जारी किए हैं। वहीं, सरकार ने सोलर फैंसिंग पर सब्सिडी बंद करने का निर्णय लिया है। अब सब्सिडी के लिए बारवेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग पर ही सब्सिडी मिलेगी।

**- देवराज कश्यप, उपनिदेशक, कृषि विभाग सोलन।**

### हर साल जंगली जानवर किसानों को पहुंचाते हैं करोड़ों का नुकसान

**हिमाचल** में हर साल बंदर और जंगली जानवर फलों और फसलों को 500 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाते हैं। सरकार ने बंदरों की बढ़ती समस्या को नियंत्रित करने के लिए अनेक उपाय किए लेकिन अभी भी बहुत किया जाना बाकी है। सरकार ने बंदरों को पकड़ कर अलग स्थानों पर बसाने के लिए लाखों रुपए खर्च किए। बंदरों की नसबंदी पर भी करोड़ों रुपए खर्च किए गए। कई तहसीलों में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले बंदरों व कुछ अन्य जानवरों को वर्मिन घोषित करवाया, लेकिन बात नहीं बनी।

### फेंसिंग से फसलों का संरक्षण

**राज्य** में बंदरों और वन्यजीवों के आतंक से हर साल फसलों को भारी नुकसान होता है। हाथ से रखवाली करके फसल बचाने की मौजूदा सोलर फेंसिंग, बारवेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग किसानों की फसल सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करती थी। अभी तक किसान-बागवानों सौर बाड़बंदी के नाम से मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना का लाभ मिल रहा था। पर अब सरकार ने इसे बंद कर दिया है। अब दो ही योजना पर सब्सिडी का लाभ मिलेगा। जानकारी के मुताबिक इस योजना के तहत अगर तीन या उससे अधिक किसान सौर बाड़ लगाने का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें लागत की 85 फीसदी सब्सिडी दी जाती है और अगर किसान व्यक्तिगत भूमि पर बाड़ लगाने का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें 80 फीसदी सब्सिडी मिलती है। खेतों के चारों ओर मौजूदा बाड़ आवारा जानवरों, जंगली जानवरों और बंदरों को खेतों से दूर रखने में मददगार होती है।

प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन

## न्यूज ब्रीफ

### श्री बालाजी नर्सिंग की छात्राओं का शानदार परिणाम



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** श्री बालाजी हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने बीएससी नर्सिंग 6वें सेमेस्टर में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया है। संस्थान की छात्रा तनीशा ने अटल यूनिवर्सिटी से तीसरा रैंक और अपने कॉलेज से प्रथम स्थान हासिल करके श्री बाला जी नर्सिंग संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान के सीएमडी डॉ. राजेश शर्मा ने कहा की सभी बच्चे बधाई के पात्र है, जिन्होंने अपनी पूरी लग्न और मेहनत के साथ इस परिक्षा को उत्तीर्ण किया है। तनीषा ने एसजीपीए-9 के साथ यूनिवर्सिटी में तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं, शिखा ने एसजीपीए-8.81 के साथ चौथा स्थान, पलक धीमान ने एसजीपीए-8.43 के साथ पांचवां स्थान, पलक ठाकुर ने एसजीपीए-8.43 व कनिका ने एसजीपीए-8.43 हासिल किया है। डॉ. राजेश शर्मा ने इस कॉलेज के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और सभी टीचिंग फैकल्टी की ओर से हमारे टॉपर्स और उनके गौरवान्वित माता-पिता को बधाई दी।

### मनजीत बने प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड डाडा-सीबा के त्रिवार्षिक चुनाव (2025-2028) शुक्रवार 18 अप्रैल को राजकीय प्राथमिक पाठशाला चनौर में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव की अध्यक्षता खंड प्रधान शिव कुमार रक्कड़ ने की। इस चुनाव में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए उत्साहपूर्वक मतदान किया। खंड प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में मनजीत सिंह, जो वर्तमान में राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुकाहर में मुख्य शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, ने अपने प्रतिद्वंदी दविंद्र पाल को कड़े मुकाबले में 27 वोटों के अंतर से हराकर खंड प्रधान पद पर विजय प्राप्त की। मनजीत सिंह को कुल 129 मत मिले, जबकि दविन्द्र पाल को 102 मत प्राप्त हुए। महासचिव पद के लिए जेबीटी शिक्षक विवेक कंवर, जो राजकीय प्राथमिक पाठशाला चनौर में कार्यरत हैं, को निर्विरोध चुना गया। वहीं, कैशियर के पद पर यशवंत सिंह, जो राजकीय प्राथमिक पाठशाला डाडा-सीबा में मुख्य शिक्षक हैं, को चुना गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और इसमें शिक्षक कौर चंद, किशोरी लाल, शमीम सहित कई अन्य शिक्षकों ने भाग लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त किया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि वे प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे और संघ के माध्यम से उनके हितों की रक्षा के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर शिक्षकों ने संगठन की एकता और मजबूती पर बल देते हुए नव-चुने गए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### मदन शर्मा को चुना पीटीएफ का अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में प्राइमरी टीचर फेडरेशन (पीटीएफ) के त्रैवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गए। चुनाव में मदन शर्मा को सर्वसम्मति से संगठन का नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं, नवनिर्वाचित अध्यक्ष मदन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के चुनाव हर तीन वर्ष में आयोजित किए जाते हैं, जिनमें अध्यक्ष सहित नई कार्यकारिणी का गठन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार भी चुनाव प्रक्रिया बिना किसी विवाद के सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। उन्होंने सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। मदन शर्मा के निर्वाचन से शिक्षकों में विशेष उत्साह देखा गया। संघ के सदस्यों ने इसे संगठन की एकजुटता और मजबूत लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक बताया। शिक्षकों ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में संगठन न केवल शिक्षक हितों की प्रभावी पैरवी करेगा, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार की दिशा में भी ठोस कदम उठाएंगे।

'पहले निपटाए गडकरी, फिर यार-कार मुक्काये, योगी जैसे-तैसे बचे, फिर संघ पर बाण चलाए'

# कृपाल परमार ने फेसबुक पोस्ट शेयर कर धवाला की ज्वाला में डाला घी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

हिमाचल प्रदेश में भाजपा से रुष्ट चल रहे पूर्व मंत्री रमेश धवाला द्वारा असली भाजपा के नाम से पार्टी बनाने का निर्णय लिया। इस निर्णय से भाजपा में भड़की गुटबाजी की ज्वाला से पार्टी हाईकमान द्वारा रमेश धवाला को कारण बताओ नोटिस दिया गया। नोटिस मिलने के बाद रमेश धवाला के साथ गुप्त बैठकें कर रहे भाजपा के धुरंधर नेताओं का गुस्सा फेसबुक अकाउंट पर सामने आने लगा है।

इसी दहकती ज्वाला में पूर्व राज्यसभा सांसद कृपाल परमार ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए घी डाला है, जिससे अब इस ज्वाला की चिंगारियां दूर-दूर तक दिखने लगी हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद कृपाल परमार ने फेसबुक अकाउंट पर 'पहले निपटाए गडकरी, फिर यार-कार मुक्काये। योगी जैसे-तैसे बचे, फिर संघ पर बाण चलाए।' लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसका इशारा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तरफ किया है। इन पंक्तियों से साबित होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजनीति में किसी को ऊपर नहीं उठने दिया। उनका इशारा है कि दोनों ने पहले नितिन गडकरी को ठिकाने लगाया और फिर योगी को भी ठिकाने लगाने की कोशिश की गई, लेकिन योगी जैसे-तैसे बच गए। उसके बाद खुद को सर्वोपरि मानते हुए संघ को भुलाकर संघ पर भी शब्द बाण चलाए।

पूर्व मंत्री रमेश धवाला के बाद भाजपा हाईकमान से नाराज चल रहे कई नेताओं ने असली भाजपा के नाम से फेसबुक पर अकाउंट बना लिया है।

### कृपाल को पीएम मोदी का माना जाता था खास



**पूर्व** राज्यसभा सांसद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खासमखास माना जाता था। परमार ने पहली बार विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर में वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से चुनाव लड़ा जिसमें कांग्रेस उम्मीदवार सुजान सिंह पठानिया से 1275 वोटों से हार गए। कांग्रेस मंत्री सुजान सिंह पठानिया की मृत्यु होने पर वर्ष 2021 में उपचुनाव हुआ, जिसमें भाजपा ने कृपाल परमार की जगह बलदेव ठाकुर को टिकट थमाया, जिससे कृपाल परमार नाराज रहे। हालांकि उनको तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मना लिया और अपने साथ हेलिकॉप्टर में ले गए। इस उपचुनाव में कृपाल परमार ने फील्ड नहीं संभाली और भाजपा फिर हार गई। उसके बाद विस चुनाव 2022 में भाजपा ने फतेहपुर से कृपाल परमार को टिकट न देकर पूर्व मंत्री राकेश पठानिया को टिकट थमा दी, जिससे नाराज होकर कृपाल परमार ने आजाद नामांकन भरा, जिस पर उनको प्रधानमंत्री का नामांकन वापस लेने के लिए फोन भी आया। नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा था कि आप मेरे हनुमान हो तथा पार्टी जीत हासिल करती है तो उनको पूरा मान-सम्मान दिया जाएग, लेकिन कृपाल परमार नहीं मानें। इसके बाद उनको अपनी ही पार्टी ने दरकिनार कर दिया।

### विद्युत बोर्ड को 28 लाख रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भारी आंधी, तूफान और बारिश के कारण, विद्युत डिवीजन शाहपुर को कई एचटी, एलटी लाइनों में ब्रेकडाउन के कारण लगभग 28 लाख का भारी बुनियादी ढांचा का नुकसान हुआ। वरिष्ठ अधिशासी अभियंता अमित शर्मा ने बताया कि 17 अप्रैल की सुबह 423 वितरण ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त लाइनों के कारण बंद थे। दिन के अंत में फील्ड स्टाफ के पूर्ण प्रयासों के कारण 339 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत करके बहाल कर दिए गए। शेष ट्रांसफार्मर और एलटी लाइनों की बहाली के लिए मरम्मत कार्य 18 अप्रैल की सुबह फिर से शुरू हुआ और इसे बहाल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा समस्त फील्ड स्टाफ फील्ड में है तथा उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक 50 वितरण ट्रांसफार्मर ही बहाली के लिए बचे हैं, जिनको यथाशीघ्र बहाल करने के प्रयास जारी है।

## हैप्पी बर्थडे



हटली (बंगाणा) के कार्तिक सोनी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



मिहालु (जमानाबाद) के आशीष और तनु को सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## एंजल स्कूल भवारना में वैदिक यज्ञ से नए सत्र का आगाज



**राकेश डोगरा, डरोह**

एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में नए सत्र का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के आयोजन के साथ शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद तथा अन्य शिक्षकगणों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। हवन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना, पर्यावरण को शुद्ध करना एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों से परिचित कराना था। छात्रों ने पूर्ण श्रद्धा और अनुशासन के साथ हवन में भाग लिया। छात्रों को यज्ञ और भारतीय परंपराओं के महत्व के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के मन में संस्कार और सद्विचारों का विकास होता है। हवन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया और कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से हुआ। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

## सुधीर ने किया गमरू मेले का शुभारंभ

### मेला ग्राउंड के लिए पांच लाख, महिला मंडल को तीन लाख देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

गमरू गांव में आयोजित ऐतिहासिक गमरू मेला के शुभ अवसर पर पहुंचे पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता सुधीर शर्मा ने मेले को और अधिक व्यवस्थित व समृद्ध बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जो हमारी परंपराओं, लोक संस्कृति और सामाजिक एकता को जीवित रखते हैं।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा ने मेला ग्राउंड के सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपए की सहायता, गमरू महिला मंडल को उनके सक्रिय सामाजिक कार्यों के लिए 3 लाख रुपए का अनुदान, ग्राम क्षेत्र में पार्किंग सुविधा और चिल्ड्रन पार्क के निर्माण की योजना, मेला आयोजन समिति को प्रोत्साहन स्वरूप 51,000 रुपए का सहयोग की घोषणा की। सुधीर शर्मा ने मंच से बोलते हुए कहा कि गमरू मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि गांव की पहचान है।



बोले, गमरू में पार्किंग और चिल्ड्रन पार्क का होगा निर्माण

उन्होंने स्थानीय युवाओं और महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस मेले को इस स्तर तक पहुंचाने में स्थानीय निवासियों की भागीदारी प्रशंसनीय है। उन्होंने आगे कहा कि इस मेले को और बेहतर बनाने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। साथ ही, उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी गमरू और आसपास के क्षेत्र के विकास हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मेला कमेटी और स्थानीय जनता ने सुधीर शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी घोषणाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

### धर्मशाला में जुटेंगे चार हजार मास्टर्स खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में देश भर के चार हजार से अधिक मास्टर्स खिलाड़ी जुटेंगे। 20 से 26 अप्रैल तक धर्मशाला में सातवीं नेशनल मास्टर्स केव्स का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी है। नेशनल मास्टर्स गेम्स में 30 वर्ष से लेकर 102 वर्ष तक के खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धा में भाग लेंगे। नेशनल मास्टर्स गेम्स का आयोजन सुपर मास्टर गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न 23 गेम्स खेली जाएंगी जबकि 24 स्विमिंग गेम्स का आयोजन पहले ही मोहाली में किया जा चुका है।

## भाटिया ने विशाखा के इलाज के लिए दिए 11 हजार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत डाढ की विशाखा चौधरी पुत्री राजेंद्र चौधरी, जो कि गंभीर किडनी समस्या से जूझ रही है। विशाखा चौधरी की मदद के लिए लोग आगे आएं, यह बीड़ा समाजसेवा में समर्पित इंसाफ ने बड़ी प्रमुखता से उठाया था। उस एवज में पहले भारतीय सेना के एक बीर जवान ने विशाखा चौधरी की आर्थिक सहायता की ओर अब इंसाफ संस्था के माध्यम से ही पालमपुर के सुप्रसिद्ध भाटिया क्लाथ हाउस ने बीमारी से प्रभावित परिवार को ग्यारह हजार रुपए दिए। इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने बताया कि 24 वर्षीय विशाखा चौधरी का सप्ताह में दो बार डायलिसिस होता है। पिता राजेंद्र चौधरी मेहनत मजदूरी करके बेटी का उपचार करवा रहे हैं।



इसी के साथ इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा है कि इस तरह से प्रभावितों के लिए पूर्व की जयराम सरकार ने सहारा योजना चलाई है। जिसके कि अंतर्गत इस तरह के बैड रीडन रोगियों को मासिक तीन हजार रुपए की आर्थिक मदद मिलती है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वर्तमान सरकार चार कदम और आगे बढ़कर इस योजना के तहत ऐसे गरीब रोगियों के परिवारों को चिन्हित करें, जिनके उपचार के ऊपर महीने का बारह चौदह हजार खर्चा आता है।

डाढ की विशाखा की दोनों किडनियां हो चुकी हैं खराब

## माधोपुर के समीप कार दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

नेशनल हाईवे पर माधोपुर के पास एक कार दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई तथा चार घायल हो गए। इस बारे में जानकारी देते हुए दिल्ली निवासी विकास चंद्र ने बताया कि वह और छह अन्य लोग कार में सवार होकर दिल्ली से किसी कार्य लिए श्रीनगर जा रहे थे, तभी माधोपुर के पास कार ने अचानक नियंत्रण खो दिया और यह दुर्घटना घटी। वहीं एसएसएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसएसएफ टीम के कांस्टेबल लखबीर सिंह ने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना मिली कि माधोपुर में कार दुर्घटना हो गई है। वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान दिल्ली निवासी सुशील कुमार और नरेश कुमार के रूप में हुई है, जबकि दिल्ली निवासी सतीश कुमार, विकास चंद्र, केवल और अरुण का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, जांच अधिकारी एएसआई दलबीर सिंह ने बताया की पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है उसी के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

## चीन के खिलाफ सड़कों पर उतरे तिब्बती

### तिब्बती नेता तुलकु हंगकर दोरजे की संदिग्ध मौत के लिए ठहराया जिम्मेदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज**

चीनी कब्जे वाले तिब्बत से भागने के बाद वियतनाम में हिरासत में मारे गए तिब्बती बौद्ध नेता के अंतिम संस्कार को लेकर आशंकाएं बढ़ गई हैं। ची मिन्ह शहर में तिब्बती नेता तुलकु हंगकर दोरजे की संदिग्ध मौत, वियतनामी अधिकारियों द्वारा उनकी अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी के बाद, एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है, सूत्रों से संकेत मिल रहा है कि तुलकु हंगकर दोरजे के शव का अंतिम संस्कार जल्द ही किया जा सकता है। तिब्बती समूहों ने वियतनामी सरकार से स्वतंत्र जांच होने तक अंतिम संस्कार को रोकने और इस अत्यधिक सम्मानित बौद्ध नेता के लिए न्याय की मांग करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सरकारों से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है।





तिब्बतियों द्वारा धर्मशाला के मैक्लोडगंज में चीन के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। तिब्बतियों ने कहा कि वियतनामी सरकार और चीनी कम्युनिस्ट शासन दोनों को तुलकु हंगकर के अवशेषों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। पूरी तरह से और स्वतंत्र जांच किए जाने से पहले उनके शरीर का दाह संस्कार करने का कोई भी प्रयास इस आपराधिक साजिश में भाग लेने के बराबर है, और तुलकु हंगकर रिनपोछे की मौत में मिलीभगत के बराबर है। अगर ऐसा किया जाता है, तो इसकी कड़ी अंतरराष्ट्रीय निंदा और परिणामों के साथ सामना किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा तिब्बती और तिब्बत समर्थक अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल अनुरोध करते हैं कि तुलकु हंगकर दोरजे के अवशेषों के तत्काल संरक्षण की मांग करें और तत्काल दाह संस्कार की दिशा में किसी भी कार्रवाई की स्पष्ट रूप से निंदा करें। तिब्बत समूह तिब्बत के गोलोग में भिक्षुओं की भलाई के लिए भी गहराई से चिंतित हैं, जहां प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों में उनके मठ पर तत्काल और गहन कार्रवाई का विवरण है-निगरानी बढ़ा दी गई है, आवाजाही पर भारी प्रतिबंध है, और भिक्षुओं और आम लोगों को निरंतर धमकी का सामना करना पड़ रहा है। दोरजे तिब्बती भाषा और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए तिब्बत में चीनी अधिकारियों के अथक उत्पीड़न का सामना करने के बाद कथित तौर पर वियतनाम में निर्वासन में भाग गए थे। चैंकाने वाली बात यह है कि विश्वसनीय स्रोत 25 मार्च को हो ची मिन्ह सिटी में एक ऑपरेशन में उनकी गिरफ्तारी का संकेत देते हैं, वियतनामी अधिकारियों का दिल का दौरा पड़ने का निराधार दावा, परिवार को उनके शरीर तक पहुंच से वंचित करना और आधिकारिक दस्तावेजों का पूर्ण अभाव जानबूझकर मामले को छुपाने की ओर इशारा करता है।

भिक्षुओं ने चिंता जताई और पूछा है कि वे बिना दस्तावेज के रिनपोछे के परिवार को कैसे जवाब देंगे। उन्हें कागजी कार्रवाई या दाह संस्कार के समय के बारे में सूचित नहीं किया गया है।

### धीरा के बलोटी मैदान में 23 को होगी वॉलीबाल स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के बलोटी मेला मैदान में 23 अप्रैल को वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला कांगड़ा से संबंधित टीमें ही खेलने के लिए मान्य होंगी। यह जानकारी देते हुए आयोजक मंडल के सदस्य निखिल धरवाल ने कहा कि वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता टीम को 8100 रुपए और उपविजेता टीम को 5100 रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 600 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। इच्छुक टीमें फीस देकर स्पर्धा में भाग ले सकती हैं।

## गुनेहड़ बीड़-बिलिंग को नगर पंचायत बनाने का विरोध

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ ग्राम पंचायत गुनेहड़ की ग्राम सभा बैठक अंजना देवी प्रधान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर ग्राम पंचायत गुनेहड़ बीड़-बिलिंग नगर पंचायत बनाने का विरोध किया गया। लोगों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और न ही किसी ग्राम सभा के विषय में कोई चर्चा हुई है। दिनांक 05/04/2025 को नगर पंचायत बनाने के उपमंडल अधिकारी नागरिक बैजनाथ की अध्यक्षता में विशेष बैठक बलाई गई, इसमें चारों पंचायत के प्रतिनिधि मंगल प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य और पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। उपमंडलीय अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों से नगर पंचायत बनाने बारे जानकारी ली, परंतु ग्राम पंचायत गुनेहड़ व क्योरी के सदस्यों और पंचायत समिति सदस्य ने इनका जोरदार विरोध किया। लोगों ने यह कहते हुए कि पंचायत के लोगों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायत गुनेहड़ की ग्राम सभा दिनांक 16/04/2025 को हई जिसमें लोगों ने नगर पंचायत बनने का जमकर विरोध किया। पंचायत के लगभग 90 प्रतिशत परिवारों के पास इतनी आमदनी नहीं है कि लोग टैक्स दे सके। इस पंचायत के लोग खेतीबाड़ी, पशुपालन कार्य है व बहुत दूर-दूर के काम में बसे हुए हैं। सभी लोग ग्राम पंचायत के कामकाज से संतुष्ट है और इस प्रकार के प्रशासन में बदलाव नहीं चाहते हैं। अत: मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश से अनुरोध है कि इन पंचायत का नाम नगर पंचायत प्रस्ताव से हटाने की कृपया करें अन्यथा समस्त पंचायतवासी धरना-प्रदर्शन करेंगे व सड़कों पर उतरेंगे।

## कांगड़ा में वर्मा ज्वेलर्स की गहनों की प्रदर्शनी शुरू

### 50 हजार के सोने के गहने खरीदने पर एक सोने का सिक्का मिलेगा उपहार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा के द ग्रैंड राज होटल में वर्मा ज्वेलर्स की गहनों की प्रदर्शनी शुक्रवार से शुरू हुई है। इस प्रदर्शनी में सोने और हीरों के गहनों की विविधता प्रदर्शित की गई है, जो 18 से 21 तक चलेगी। यह बात पत्रकार वार्ता के दौरान वर्मा ज्वैलर्स के सेल्स मैनेजर सुनील दत्त ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में हीरे और सोने के अलग-अलग तरह के आभूषण खरीददारों को मिलेंगे।





ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर है, जिसमें 50 हजार के सोने के गहने खरीदने पर एक सोने का सिक्का और 50 हजार के हीरे के गहनों की खरीद पर दो सोने के सिक्के दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहक अपने पुराने सोने को भी एक्सचेंज कर सकते हैं और उसकी शुद्धता को भी जांच सकते हैं। सुनील दत्त ने कहा कि इससे पहले भी कांगड़ा में यह प्रदर्शनी लगाई जा चुकी है और उस समय प्रदर्शनी के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया था।

उन्होंने कहा कि वर्मा ज्वेलर्स की ओर से ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर हैं, जो उन्हें विभिन्न प्रकार के गहने खरीदने का अवसर प्रदान करते हैं।

ग्राहक अपने पुराने सोने को एक्सचेंज कर सकते हैं और उसकी शुद्धता को जांच सकते हैं, जिससे उन्हें अपने गहनों की गुणवत्ता के बारे में पता चल सके।

**कार्यक्रम** 'पुलिस सप्ताह' कार्यक्रम पुलिस परिवारों के बच्चों के लिए प्रतिभा दिखाने का मंच : एसएसपी

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होगा मिलन समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा पुलिस द्वारा पुलिस सप्ताह का आयोजन 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक पुलिस लाइन कांगड़ा में किया जा रहा है। यह सप्ताह पुलिस कर्मियों के परिवारों की उस मौन और पर्दे के पीछे की भूमिका को मान्यता देने के लिए समर्पित है, जिसकी बदौलत पुलिस अधिकारी दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर पाते हैं। कांगड़ा जिला की एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस सप्ताह के अंतर्गत पुलिस परिवारों के बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन पुलिस विभाग के विभिन्न रैंकों के अधिकारियों के बीच सौहार्द और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस आयोजन के अंतर्गत बहुत सारी गतिविधियां प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि 17 व 18 अप्रैल को करियर काउंसिलिंग सेशन में पुलिस कर्मियों के बच्चों और आसपास के शैक्षणिक संस्थानों के लिए बैंकिंग, वित्त, सशस्त्र बलों, विधि, मीडिया और सोशल मीडिया मार्केटिंग एवं सिविल सेवाओं के विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा महिला स्वास्थ्य व नशे के दुरुपयोग के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान पर परामर्श 19 अप्रैल, प्रतिष्ठित निजी एवं सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं नशा संबंधित लक्षणों की पहचान पर सत्र किया जाएगा। पुलिस के विभिन्न उपमंडलों के बीच खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। वालीबॉल व रस्साकशी प्रतियोगिता 20 व 21 अप्रैल को करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संध्या व सामूहिक भोज 'बड़ा खाना' 23 अप्रैल को होगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मिलन समारोह कार्यक्रम भी होगा। उन्होंने कहा यह पहला अवसर है जब कांगड़ा जिले में इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। कांगड़ा पुलिस, जो 1000 से अधिक कर्मियों का एक परिवार है।



### त्रिलोचन महादेव छिंज मेले में फतेहपुर ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, योल।** योल के गांव बनोरडु में शुक्रवार को दो दिवसीय त्रिलोचन महादेव छिंज मेले का समापन हुआ। मेले में वॉलीबाल प्रतियोगिता में फतेहपुर की टीम ने स्थानीय टीम को हराकर बाजी अपने नाम की व विजेता रही तथा कुश्ती में अमृतसर के शेरा व चंडीगढ़ के विजय में माली बराबर छुट्टी व मेला कमेटी द्वारा दोनों को विजेता घोषित कर दिया गया बालीबाल विजेता टीम को पांच हजार रुपए व कुश्ती में इक्कीस हजार रुपए देकर सम्मानित किया। मेला कमेटी के सदस्य ओम प्रकाश, सुभाष चंद सुरेश कुमार, अजय कुमार, रवि कुमार व रूप कुमार प्यार चंद ने बताया कि मेला वर्ष 1940 से चल रहा है मेले के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार व उनके मित्र भ्रष्टाचार में लिप्तः नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार हर जगह झूठ बोलने में माहिर है। एक जगह ये लोग बोल रहे हैं कि कांग्रेस नेता के खाते में 50000 रुपये डाल दो। दूसरी तरफ हर मंत्रों से पैसों की कमी का रोना रोया जा रहा है। भ्रष्टाचार और पैसे के लेन-देन का संतुलन जबरदस्त तरीके से बिगड़ा हुआ है और विकास तो इस क्षेत्र यानी कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में ठप ही लग रहा है। उन्होंने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़कों की हालत बदहाल है, जब ये कांग्रेस सत्ता में आई थी तो गारंटियों की बात की थी और यहां महिलाओं को 1500 देने का वादा किया था। मगर वह कहीं पर भी नहीं दिए गए हैं। सरकार की इन नाकामियों पर हम जनता के बीच जाएंगे। इतना ही नहीं सरकार सत्ता में आते ही 2000 संस्थान बंद कर दिये हैं और ऊपर से 700 से 800 शिक्षा संस्थानों को मर्जर की बात कर रहे है या उसको बंद करने की बात कर रहे है। ये कांग्रेस सरकार विकास विरोधी सरकार है और यहां जितने भी रोड निकले हुए हैं, वो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निकले हैं।



### 20 मई के धरना-प्रदर्शन पर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** मिड-डे मील वर्कर्स ननखड़ी ब्लॉक की एक अहम बैठक शुक्रवार नीरथ में संपन्न हुई। इस बैठक में मिड डे मील वर्करज द्वारा 20 मई के धरना प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में सीटू जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, जीत राम, कुशल्या, अंजली मेहता, सीता, नरोतमा, किरना, निर्मला देवी, फुल्ला देवी, रीता, शकता, गौरा, कमला, हीरा, किरता, कलावती, गंगा देवी, सोधा देवी,सीता, राम सिंह, संध्या आदि शामिल रहे। सीटू जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, यूनियन अध्यक्ष कुशल्या और महासचिव कलावती ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मिड डे मील वर्कर्स की मांगों व मोदी सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ मिड डे मील वर्कर्स ब्लॉक इकाई ननखड़ी 20 मई को एक दिवसीय देशव्यापी आम हड़ताल में शामिल होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यरत 21 हजार मिड डे मील कर्मियों की स्थिति बेहद दयनीय है। समय पर वेतन न मिलने से मिड डे मील कर्मियों को अपना जीवन यापन करना बेहद मुश्किल हो रहा है। अपनी इन्हीं उपरोक्त समस्याओं को लेकर मिड डे मील वर्कर्स सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर 20 मई को जोरदार धरना प्रदर्शन करेंगे।

### मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू ठियोग ब्लॉक इकाई सम्मेलन ठियोग में संपन्न हुआ। सम्मेलन में 15 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। अपनी मांगों को लेकर उठाई मांग प्रधान सुमित्रा देवी, महासचिव अनीता देवी, कोषाध्यक्ष कौशल्या देवी, उप प्रधान चितरंजन सुषमा देवी, सचिव इन्दू देवी, मोनिका सदस्य सुलोचना, ऊषा देवी, निशा, कृष्णा देवी, श्रीकांत, गीता देवी इत्यादि को चुना गया। सम्मेलन को सीटू जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, विवेक कश्यप, शांति देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि महिला मिड डे मील कर्मियों को राज्य में अन्य महिला कर्मचारियों की तर्ज पर रक्षाबंधन, करवाचौथ व भाई दूज की वेतन सहित छुट्टियां दी जाएं। साधारण अथवा क्लस्टर स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त मिड डे मील कर्मियों की नियुक्ति की जाए।

### रोहड़ू में अपनी मांगों को लेकर की मंत्रणा

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू रोहड़ू इकाई का सम्मेलन रोहड़ू में संपन्न हुआ। सम्मेलन को सीटू जिला महासचिव अजय दुल्टा, यूनियन के ब्लॉक महासचिव लेखराज, अध्यक्ष बबीता देवी, उपाध्यक्ष कविता कामटा, मीरा, ललिता, स्नेहलता व मंजू ने संबोधित करते हुए बताया कि मिड डे मील वर्करज की मांगों एवं मोदी सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई को पूर्ण हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यरत 21 हजार मिड-डे मील कर्मियों की स्थिति बेहद दयनीय है। उनके लिए मात्र 5 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन घोषित किया गया है। जिसमें केंद्र सरकार एक हजार रुपये व राज्य सरकार चार हजार रुपये देती है।

# आवारा कुत्ते और बंदर बने परेशानी

## रिपन अस्पताल में लगातार बढ़ रही बंदरों व कुत्तों के काटने वालों की संख्या

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**राजधानी** शिमला में आवारा कुत्तों और बंदरों से आम नागरिक परेशान है। हर जगह उत्पाती बंदर और आवारा कुत्ते लोगों को डरा रहे हैं। खासकर स्कूली बच्चों को भय के माहौल में स्कूल जाना पड़ रहा है। रोजाना इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

राजधानी सहित उपनगरों में मंकी बाइट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जहां पहले दो या चार बंदर ही दिखते थे, वहां पर दो दर्जन से ज्यादा बंदरों का झुंड देखने को मिलता है। रिपन अस्पताल में बंदरों व कुत्ते के काटने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो अपना उपचार करने के लिए वहां पहुंच रहे हैं। कई बार इनके आतंक के कारण लोगों की टांगें, बाजू भी टूट रही हैं। लोग इनसे बचने के लिए भागते हैं, इसी हड़बड़ाहट में नीचे गिर जाते हैं। इस कारण भी लोग जख्मी हो रहे हैं।

हालांकि शिमला में आवारा कुत्तों और बंदरों की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम कई कदम उठा रहा है। हाल ही में, नगर निगम ने आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है, ताकि उनकी आबादी को नियंत्रित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, नगर निगम ने एक आवारा कुत्ता गोद लेने वाले को पार्किंग और कूड़े के बिल में छूट देने की पहल की है, मगर यह पहल प्रभावी साबित नहीं हो पा रही है। पिछले दिनों नागरिक सभा भी इस संदर्भ में अपना विरोध जता चुकी हैं और नगर निगम महापौर और आयुक्त से मिलकर इस समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग कर चुकी है मगर अभी तक इस संदर्भ में नगर निगम की तरफ से कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। (अनंत ज्ञान)

### आवारा कुत्तों और बंदरों की जा रही नसबंदी

**नगर** निगम शिमला दावा कर रहा है कि आवारा कुत्तों की नसबंदी करके उनकी आबादी को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। नसबंदी के बाद, कुत्तों पर टैग लगाए जा रहे हैं ताकि यह पहचाना जा सके कि उनकी नसबंदी हो चुकी है। उनके अनुसार बंदरों को लेकर इसी तरह की पहल हो रही है उनकी भी नसबंदी की जा रही है ताकि बंदरों की वृद्धि को रोका जा सके।



### इन बातों का रखें ध्यान

**तुरंत** घाव को साबुन और पानी से अच्छी तरह से धो लें।
घाव पर एंटीसेप्टिक (जैसे कि सेवलॉन, डिटॉल) लगाएं।
रेबीज का एंटी-रेबीज वैक्सीन इंजेक्शन लगवाने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें।
आवारा कुत्तों और बंदरों से दूर रहें, खासकर बच्चों को इन जानवरों से दूर रखें।
अपने पालतू जानवरों का रेबीज के खिलाफ टीकाकरण करवाएं।

# प्रदेश में प्रचंड तूफान से 90 फीसदी किसान प्रभावितः संदीपनी भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** में भारी तूफान से नब्बे प्रतिशत किसानों को क्षति पहुंची है, इस क्षति का पूर्ण आकलन राज्य सरकार को तुरंत करना चाहिए, पर अभी तक इस इस बारे में सरकार की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। सेब की बात करें या मैदानी फलों एवं सब्जियों की, इस तूफान से भारी क्षति किसानों की हुई है। सेब के पौधों में फ्लावरिंग हो चुकी थी, जो इस तूफान में झड़ गई है और कई स्थानों पर सेब के पेड़ों की टहनियां टूट कर गिर गई और अधिकतम जगह पर तो पूरे पेड़ ही जड़ समेत बाहर आ गए। इसके बारे में वर्तमान कांग्रेस सरकार को सोचना चाहिए और तुरंत एक्शन लेकर क्षतिपूर्ति करनी लेना चाहिए।



**सेब, गेहूं और जौ की फसलों को पहुंचा नुकसान**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने जारी बयान में उपरोक्त नुकसान को लेकर कहा कि तूफान के कारण खेतों में खड़ी सेब, मटर, गेहूं और जौ की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। रामपुर के झिझाली, लड़ोट, निरसू क्षेत्र के लोगों ने स्वयं बताया है कि सेब में फ्लावरिंग को नुकसान हुआ है और पलम के पेड़ों से फल नीचे गिर गए है, इसके साथ ही दूसरी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। गेहूं और जौ की फसलें जो कटाई के लिए तैयार थीं, वो तेज हवाओं और बारिश की वजह से खराब हो गई हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी मेहनत से इन फसलों को तैयार किया था, लेकिन एक ही रात में सब कुछ बर्बाद हो गया, अब उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रशासन को नुकसान का जायजा लेकर अविलंब उचित मुआवजा देना चाहिए।

## शिमला में मीमांसा बाल साहित्य महोत्सव शुरू

# 15 से ज्यादा स्कूलों के 300 से अधिक बच्चों ने किया पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाषा एवं संस्कृति विभाग व किकली चैरिटेबल ट्रस्ट कर रहे आयोजित**

**भाषा** एवं संस्कृति विभाग तथा किकली चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्व तत्वावधान में मीमांसा बाल साहित्य महोत्सव साहित्य, कला और रचनात्मकता को एक जीवंत उत्सव में एक सा हीथ लाने के लिए बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ। 15 से अधिक स्कूल, स्वर्ण पब्लिक स्कूल, आईवीवाई इंटरनेशनल, एसपीआईपीएस, मोनाल पब्लिक स्कूल, सेक्रेड हार्ट, एलसीटीएच, एएचएस, एएचबीएस, संभोता तिब्बती स्कूल, जीएसएसएस सरोग, जीएसएसएस बालूगंज आदि भाग ले रहे हैं। इस आयोजन में भाग लेने के लिए 300 से अधिक छात्रों ने अपना पंजीकरण करवाया है। ये तीन दिनों की अवधि में किसी न किसी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

आयोजन के प्रथम दिवस के साहित्यिक सत्रों से लेकर आकर्षक कार्यशालाओं तक कई शानदार गतिविधियां हुईं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रेरक कलाकार प्रिया कुरियन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत दी तथा दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक मंजीत शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता (जूनियर) युवा आवाजों ने एक जोशीली प्रतियोगिता में मंच संभाला, जिसमें उन्होंने अपनी वक्तृत्व कला और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में डॉ. दीप्ति पंजी, प्रिंस अभिषेक और एता ठाकुर शामिल थे।

## व्यापार मंडल सुन्नी ने सांस्कृतिक संध्या रद्द होने पर किया विरोध

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** शिमला ग्रामीण के सुन्नी बैसाखी मेले की सांस्कृतिक संध्या रद्द होने को लेकर व्यापार मंडल सुन्नी द्वारा शुक्रवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इसमें व्यापार मंडल सुन्नी के अध्यक्ष टेक चंद ने सांस्कृतिक संध्या के रद्द होने का मुख्य कारण राजनीतिकरण बताया। उन्होंने कहा कि सुन्नी में पहली मर्तबा बैसाखी मेले के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन मात्र साउंड सिस्टम की अनुमति न होने के कारण रद्द की गई। जबकि व्यापार मंडल द्वारा 3 अप्रैल को तहसीलदार सुन्नी को व्यवस्था के लिए पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया था और मेले की अनुमति और अन्य औपचारिकताओं को मेले से पूर्व ही पूरा कर लिया गया था लेकिन औपचारिकताएं पूर्ण करने के बावजूद भी 14 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्या के समय मेला ग्राउंड में अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात कर दिए गए और अनुमति न होने के कारण साउंड सिस्टम संचालक को साउंड न चलाने का नोटिस थमा दिया गया।

# सीएम सुक्खू ने किया समाजसेवी हरि सिंह की पुस्तक 'मेरे अच्छे दिन' का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय समारोह के अपने पांगी प्रवास के दौरान 90 वर्षीय समाजसेवी हरि सिंह राणा से भेंट की। इस अवसर पर राणा ने उनके द्वारा लिखित पुस्तक 'मेरे अच्छे दिन' पुस्तक विमोचन के लिए मुख्यमंत्री को भेंट की। पांगी क्षेत्र की पारंपरिक सफेद टोपी पहने हरि सिंह राणा का मुख्यमंत्री ने गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें अपने साथ बिठाया। उन्होंने राणा के साथ आत्मियता के साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री ने पुस्तक का विमोचन किया और समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण के लिए राणा को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर हरि सिंह राणा ने पांगी क्षेत्र की प्रमुख विकासात्मक मांगों को रेखांकित करते हुए एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री ने उन्हें उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों की प्रगति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।



### इंदिरा गांधी के साथ मुलाकात की यादें की ताजा

**मुख्यमंत्री** के साथ भावनात्मक संवाद के दौरान किलाड़ ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान (1979-1984) राणा ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ अपनी मुलाकातों को याद किया, जिसमें उनकी दिल्ली की यात्रा और 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री की पांगी की अविस्मरणीय यात्रा शामिल है।

### सरकार के चहुंमुखी विकास की सराहना

**राणा** ने समावेशी और चहुंमुखी विकास की दिशा में सरकार के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर भी उपस्थित थे

# टनलों के निर्माण से मकानों में दरारें आना चिंतनीयः जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेलवे लाइन प्रोजेक्ट में टनलों के निर्माण कार्य की वजह से लोगों के मकानों को पहुंच रहे नुकसान पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कई लोगों के रिहायशी मकानों में दरारें आ गई हैं। खून-पसीने की कमाई से बनाए गए आशियानों को नुकसान पहुंचने से लोगों में नाराजगी होना स्वाभाविक है। बेहतर होगा कि जिला प्रशासन और टनलों का निर्माण कर रही कंपनियां इसे गंभीरता से लेकर कारगर कदम उठाएं। नुकसान के एवज में संबंधित लोगों को मुआवजा देने के साथ ही भविष्य में यह काम अधिक सावधानी से किया जाए, ताकि ऐसी नौबत न आए।

त्रिलोक जमवाल ने कहा कि सामरिक महत्व का भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेलवे प्रोजेक्ट इस पर्वतीय राज्य के विकास में निश्चित तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, लेकिन इसमें इस बात का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है कि निर्माण कार्य की वजह से किसी का कोई नुकसान न हो। जब स्थानीय लोग अपनी ओर से भरपूर सहयोग दे रहे हैं, तो उनके हितों की रक्षा भी वरीयता के आधार पर होनी चाहिए। इस प्रोजेक्ट में टनलों के निर्माण की वजह से आसपास के मकानों को नुकसान पहुंचने के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। कई लोगों के मकानों में दरारें पड़ गई हैं। इससे उनमें नाराजगी व गुस्सा होना स्वाभाविक है। हालिया दिनों में लोगों ने धरने-प्रदर्शन का सहारा लेते हुए टनलों का निर्माण कार्य रोककर अपने गुस्से व नाराजगी का इजहार भी किया है।



त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि अपने सपनों का आशियाना बनाने के लिए लोग जीवन भर की खून-पसीने की कमाई लगा देते हैं। यदि उनके आशियानों को दूसरों की वजह से नुकसान पहुंचने लगे तो उनके दर्द का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सामरिक महत्व के इस प्रोजेक्ट का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाना जरूरी है, लेकिन इस प्रोजेक्ट के निर्माण में सहयोग देने वाले लोगों के हितों की रक्षा करना भी उतना ही जरूरी है। नुकसान की नौबत नहीं आनी चाहिए।

रेलवे प्रोजेक्ट और टनलों का निर्माण कर रही कंपनियों के साथ ही जिला प्रशासन को भी इसे गंभीरता से लेकर कारगर कदम उठाने होंगे। जिन लोगों के मकानों का नुकसान हुआ है, उन्हें उचित मुआवजा तुरंत दिया जाए। साथ ही भविष्य में निर्माण कार्य में और अधिक सावधानी भी बरती जाए, ताकि अपने आशियानों को नुकसान के कारण लोगों को सड़कों पर उतरने पर मजबूर न होना पड़े।

## गांव में पक्की सड़क, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी अपर्याप्त

# सेना मेडल विजेता कैप्टन कृष्ण चंद को नहीं मिल रहीं बुनियादी सुविधाएं

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के बलघाड़ निवासी सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन कृष्ण चंद शर्मा बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। 1971 की जंग में वीरता के लिए सेना मेडल से नवाजे गए कैप्टन शर्मा का कहना है कि आज तक उनके गांव में पक्की सड़क, पर्याप्त पीने का पानी और टू फेस बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं। कैप्टन शर्मा ने बताया कि वर्ष 2007 में मांडवा से बागलाघाट तक एक लिंक रोड को मंजूरी दी गई थी, जिसके लिए ब्लॉक से दस हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। उन्होंने अपनी ओर से 32 हजार रुपए खर्च करके एक छोटा सा रास्ता तैयार किया, लेकिन वह केवल दोपहिया वाहनों के लिए ही उपयोगी है। उन्होंने बताया कि अधिक उम्र और स्वास्थ्य समस्याओं के चलते वे इस कच्चे रास्ते से आना-जाना नहीं कर सकते।



कैप्टन कृष्ण चंद शर्मा



कैप्टन कृष्ण चंद के गांव को जाने वाली कच्ची सड़क।

कैप्टन शर्मा को सांस लेने में कठिनाई है। 1969 में भूटान में ड्यूटी के दौरान बर्फ लगने के कारण उनकी एक टांग काम नहीं करती। ऐसी स्थिति में उन्हें वाहन की आवश्यकता होती है, लेकिन पक्की सड़क न होने के कारण उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनके लिए एक पक्के रास्ते की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि उनके घर में पीने के पानी की भी गंभीर समस्या है। किसी निजी कार्यक्रम में उन्हें वाटर टैंकर मंगवाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त बिजली की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। जहां उनके घर तक सिर्फ सिंगल फेज बिजली है, वहीं लगभग 400 मीटर की दूरी पर टू फेज बिजली उपलब्ध है। कई बार मांग के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

### लड़ चुके हैं 1962, 1965 और 1971 का युद्ध

**कैप्टन** कृष्ण चंद शर्मा ने बताया कि उन्होंने 1962, 1965 और 1971 के युद्धों में भाग लिया और 1971 की लड़ाई में वीरता के लिए सेना मेडल से सम्मानित किया गया। उन्होंने दुख जताया कि देश की सेवा करने के बावजूद आज वे बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द उनके गांव तक पक्की सड़क, पर्याप्त पीने का पानी और टू फेस बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जाएं, ताकि शेष जीवन वे सम्मानपूर्वक व्यतीत कर सकें। समाजसेवी अमरनाथ धीमान का कहना है कि हमें कृष्ण चंद शर्मा से मिलने का मौका मिला। यह जो लिंक रोड इनके घर के लिए आया है। यह ट्रैक्टर के लायक भी नहीं है। यहां से आना जाना कठिन है। इनको पीने के पानी की भी भारी मुश्किल है। स्थानीय निवासी सुरेश का कहना है कि इस कच्ची सड़क की स्थिति बरसात के मौसम में और भी खराब हो जाती है। जाना-आना मुश्किल हो जाता है। प्रशासन को इस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं, कार्यवाहक उपमंडलीय अधिकारी झंडूता एवं तहसीलदार झंडूता कुनिका शर्मा ने बताया कि हमारे संज्ञान में यह मामला मीडिया के माध्यम से आया तथा इसकी छानबीन करके उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जंगल और सुनसान जगहें बनीं नशेड़ियों का अड्डा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं और इसके आसपास के क्षेत्रों के जंगल और सुनसान जगहें अब नशेड़ियों के अड्डों में तब्दील हो चुकी हैं। घुमारवीं के साथ लगते पनौल और अमरपुर के जंगलों में लोगों को खाली शराब की बोतलें, रैपर और सिरिंज बिखरे हुए मिलते हैं। इनको देखकर स्पष्ट है कि इनका उपयोग नशीले इंजेक्शनों के लिए किया गया है। युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने क्षेत्र के अभिभावकों को भी चिंतित कर दिया है। नशा माफिया अब सुनसान स्थानों और जंगलों को अपना ठिकाना बना रहा है। क्योंकि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास नशा बेचना अब जोखिम भरा हो गया है। इसलिए, तस्करों तथा नशेड़ियों ने अपनी रणनीति बदलकर जंगलों और सुनसान जगहों को चुना है। जहां वे स्कूली छात्रों और युवाओं को बुलाकर नशा बेच रहे हैं। घुमारवीं-अमरपुर सड़क के किनारे बल्ली स्कूल से आगे का जंगल इसका प्रमुख उदाहरण है। यह क्षेत्र शाम होते ही नशेड़ियों का अड्डा बनता जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विशेष रूप से बल्ली स्कूल से आगे का क्षेत्र, जहां जंगल अधिक सुनसान है, शाम होते ही नशेड़ियों की महफिलों का अड्डा बन जाता है। लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पुलिस को कई बार सूचित किया है, लेकिन स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। पहले भी इस क्षेत्र में नशा बेचने और सेवन करने वाले कुछ लोग पकड़े गए हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। सड़क किनारे बिखरी शराब की बोतलों और प्रयुक्त सिरिंज इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि यह स्थान नशेड़ियों का पसंदीदा अड्डा बन चुका है। इससे आसपास के निवासियों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।



**पनौल, अमरपुर के जंगलों में मिलीं शराब की खाली बोतलें, रैपर और सिरिंज**

वहीं, डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने कहा कि किसी भी नशा माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी सभी जगहों पर पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी, ताकि नशा तस्करी तथा नशा करने वालों पर शिकंजा कसा जा सके। लोगों से अपील है कि वह नशा तस्करों के खिलाफ कोई भी जानकारी हो उसे पुलिस के साथ साझा करें। (अनंत ज्ञान)

## स्वारघाट में भूकंप पर करवाई मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** स्वारघाट में बड़े पैमाने पर भूकंप पर आधारित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सुबह 4:25 बजे शुरू हुई इस मॉक ड्रिल में 7.5 तीव्रता वाले भूकंप का परिदृश्य तैयार किया गया था, जिसमें उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश तक झटकों का आभास कराया गया। इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व एनडीआरएफ 14वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी रजनीश शर्मा ने किया। परिदृश्य के अनुसार भूस्खलन, सुरंग का ढहना, इमारतों का गिरना और सड़कों का अवरुद्ध होना जैसी आपदाओं को दर्शाया गया। ड्रिल में स्वारघाट को सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया, जहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक सुरंग के ढहने से गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई। इस काल्पनिक आपदा में 120 से अधिक लोगों को हताहत और कई अन्य को मलबे में बाहर निकाला गया।

**सलाह** | मिनर्वा स्टडी सर्कल में विशेष प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन

# परीक्षाओं में न लें तनावः अनीष

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा स्टडी सर्कल धर्मशाला में शुक्रवार के दिन एक विशेष प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को यह सिखाना कि प्रतियोगिता के तनाव में वे जीवन को जीना न भूल जाएं। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर एवं ह्यूमैनिटी कोच इंजीनियर अनीष वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने जोशपूर्ण एवं उर्जावान भाषण द्वारा विद्यार्थियों की जीवन को एक सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की सोच दी। उन्होंने कहा कि शोशल मीडिया का जमाना है, चीजें जितनी आसान दिखती हैं उतनी होती नहीं है। कई बार देखा जाता है कि बच्चे जिस उत्साह से शुरुआत करते हैं एंडिंग इतनी अच्छी नहीं कर पाते, बीच में आकर टूट जाते हैं। इसका बड़ा कारण तनाव है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कभी भी तनाव में नहीं रहना चाहिए, अपने जीवन को हंसते खेलते हुए जीना चाहिए, ताकि तनाव आपके पास कभी भी पहुंच न सके। इसके बाद उन्होंने बच्चों के साथ कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कीं। जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आनंद एवं हंसी-मजाक के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर मिनर्वा स्टडी सर्कल के मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल, एमडी स्वदेश चंदेल तथा अजय शर्मा भी उपस्थित रहे। राकेश चंदेल ने बताया कि मिनर्वा स्टडी सर्कल में आगामी परीक्षाओं जेईई मेन और एडवांस, नीट, एनडीए व सीयूटी की तैयारी सुनियोजित रूप से करवाई जा रही है। इन परीक्षाओं में अभी भी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है। इन परीक्षाओं के अलावा संस्थान में कक्षा 9वीं, दसवीं, जमा एक तथा जमा दो की भी कक्षाएं सुनियोजित रूप से चल रही हैं। मिनर्वा स्टडी सर्कल के मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल ने कहा कि वर्ष 2024 में एमबीबीएस के लिए संस्थान से 52 स्टूडेंट्स चयनित हुए हैं। जबकि जेईई मेंस के लिए 26 व एक एनडीए के लिए, स्टूडेंट्स चयनित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मिनर्वा संस्थान का हमेशा प्रयास रहा है कि बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जाए।

इस कार्यक्रम में शिक्षक कुशल गोस्वामी, शुभम चौधरी, अनुज सूद, जिया छाबड़ा, राहुल दक्ष, अंकित रतूड़ी, संजीव कुमार, राण विजय मिश्रा, दिगंबर ब्योटोला, इंदल सिंह, अब्बू जार सिद्दीकी ने भी हिस्सा लिया।

# कुलदीप शर्मा को प्रधान और जमना दास को चुना उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

**गुग्वाल भाईचारा समिति का किया गया गठन**

बिलासपुर जिला के डंगार क्षेत्र में शुक्रवार को गुग्वाल भाईचारा समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता गांव के प्रमुख सम्मानित व्यक्तियों कृष्ण लाल, रामनाथ, निकाराम और शालिग्राम द्वारा की गई। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसका उद्देश्य गांव में आपसी भाईचारा, सहयोग और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत बनाना है। नवनिर्वाचित समिति में कुलदीप शर्मा को प्रधान चुना गया, जबकि जमना दास उपप्रधान के रूप में नियुक्त हुए। अनिल कुमार शर्मा को सचिव तथा सतीश कुमार, किशोरी लाल, सरला देवी, अर्चना देवी, रीना देवी एवं रीना कुमारी को सह-सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। विनोद कुमार को कोषाध्यक्ष और दिनेश कुमार को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, समिति के कानूनी सलाहकार के रूप में अनिल कुमार मिंटू और प्रेस प्रभारी के तौर पर विनय कुमार और सुरेंद्र कुमार को नियुक्त किया गया। इस कार्यकारिणी में कुल लगभग 15 सदस्य शामिल किए गए। अमरजीत शर्मा, सागर शर्मा, मनोज कुमार, अमरनाथ शर्मा, ओमप्रकाश, अभिषेक शर्मा, नरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, रवि दत, राजेश कुमार उर्फ राजू, हरिदास, शक्ति कुमार, राजेंद्र कुमार, सुभाष कुमार आदि। महिला सदस्यों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। शीला देवी, बीना देवी, गंगा देवी, रेखा देवी, अंजना देवी, वंदना शर्मा और नीलम कुमारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## गामा ने जीता बड़ी माली का खिताब

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जय लखदाता छिंज कमेटी डंगार द्वारा डंगार में दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने लखदाता पीर की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद दंगल स्थल तक शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि देशराज शर्मा को कमेटी के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने दंगल के सफल आयोजन के लिए 21 हजार रुपए दिए। बड़ी माली का खिताब दुलेटा के पहलवान गामा ने जीता। उन्हें 51 हजार नकद इनाम व गुर्ज, उपविजेता रहे दिल्ली के कपिला को 41 हजार देकर सम्मानित किया गया।

## चैहड़ अखाड़े में दंगल का आगाज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध घुमारवीं के चैहड़ अखाड़े में शुक्रवार को 13वें भारत केसरी दंगल शुरू हुआ। इस दंगल का शुभारंभ पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें जिला भाजपा सचिव राजेश ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इसके बाद अखाड़ा के नजदीक शिव मंदिर और लखदाता मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद विधिवत रूप से अखाड़े की पूजा हुई। सबसे पहले छोटे बच्चों की कुश्तियां शुरू हुईं। देर शाम तक चलने वाले इस दंगल में ईरान, नेपाल सहित देश भर के पहलवान दमखम दिखाएंगे। पहलवानों में 30 लाख रुपए की इनामी राशि वितरित की जाएगी।

# चंबा के गजनूई में खाई में गिरी पिकअप, एक घायल

अनंत ज्ञान, चंबा



स्थानीय लोगों ने घटना स्थल पर पहुंच कर की मदद

**प्रदेश** में लगातार हो रहे सड़क हादसों की कड़ी में चंबा जिले के गजनूई क्षेत्र से एक और दुर्घटना की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार, पंजाब से चंबा की ओर आ रही एक पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। एक बड़ा नुकसान होते-होते टल गया। वाहन में सवार दो लोगों में से एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं, जबकि दूसरा व्यक्ति पूरी तरह सुरक्षित है। स्थानीय लोगों ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्यों में मदद की। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ी सड़कों पर अक्सर इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे सावधानी और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता और भी अधिक बढ़ जाती है।

# एचआरटीसी बस खराब, लगा जाम

## बैजनाथ से चंबा जा रही बस बनीखेत स्टैंड पर बीच सड़क में हो गई खड़ी

अनंत ज्ञान, डलहौजी



**बैजनाथ** से चंबा जा रही एचआरटीसी की बस तकरीबन दोपहर 1:40 पर बनीखेत बस स्टैंड पर बीच सड़क में खड़ी हो गई। ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी का गियर फस गया है जिस कारण गाड़ी आगे पीछे नहीं हो रही । तकरीबन 2 घंटे एचआरटीसी के ड्राइवरों की कोशिश के बाद गेयर को निकाला गया तब कहीं जाकर जाम खुला। छोटी गाड़ियों को आना जाना तो लगा रहा। लेकिन बीच रास्ते में गाड़ियों के खड़े होने से काफी लंबा जाम लगने के कारण लोगों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ा। एचआरटीसी की दूसरी बस बनीखेत बाजार के शुरू होते ही वहां पर खड़ी है। लोगों का कहना है कि जब भी एचआरटीसी की बसों में सफर करना अब समस्या बनता जा रहा है। लोगों को डर सता रहा है कि अपने मुकाम तक पहुंचेंगे भी या नहीं। दूसरी और प्राइवेट बस मालिकों का कहना है एक तरफ तो सरकार ने महिलाओं को आधा किराया माफ किया है। दूसरा येलो कार्ड ग्रीन कार्ड न जाने किस-किस तरह की नए-नए कार्डों से लोगों को सुविधा तो दे रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ देखा जाए तो एचआरटीसी की बसों का बुरा हाल है। उनका कहना है कि जब तक बस में किराये वाली सब्सिडी खत्म नहीं की जाती तब तक एचआरटीसी बिना कमाई के कैसे चलेगी ।

# तीसा में आयोजित कैंपस इंटरव्यू में छह युवाओं को निजी कंपनी में मिली नौकरी

अनंत ज्ञान, चुराह

चंबा जिले के दुर्गम क्षेत्र तीसा में आयोजित कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से 6 युवाओं को निजी कंपनी में नौकरी मिलने से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बीएमटी स्पिनिंग मिल्स बद्दी द्वारा आयोजित इस इंटरव्यू में चयनित युवाओं को 12,000 रुपए मासिक वेतन और अन्य वित्तीय लाभ प्रदान किए जाएंगे। इस पहल के लिए जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान की भूमिका सराहनीय रही, जिन्होंने युवाओं को पहले करियर मार्गदर्शन दिया व फिर इंटरव्यू का आयोजन सुनिश्चित किया।

हालांकि यह प्रयास सराहनीय है, लेकिन चंबा जैसे जिला, जो भौगोलिक दृष्टि से एक लैंडलॉक क्षेत्र है, वहां बढ़ती बेरोजगारी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। सीमित संसाधनों और अवसरों के कारण यहां के युवा अक्सर बाहरी राज्यों में रोजगार के लिए पलायन करते हैं, जहां उन्हें न केवल रहने और खाने की लागत उठानी पड़ती है, बल्कि कई बार उन्हें शोषण का भी सामना करना पड़ता है।

### चंबा में ही छोटे स्तर के उद्योग हों स्थापित

**सरकार** और निजी क्षेत्र मिलकर चंबा में ही छोटे व मध्यम स्तर के उद्योगों की स्थापना करें। इससे न केवल युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिलेगा, बल्कि उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। स्थानीय संसाधनों पर आधारित लघु उद्योग जैसे कि हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, वुडवर्किंग, पारंपरिक वस्त्र निर्माण आदि को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यदि हम दीर्घकालिक दृष्टिकोण से सोचें, तो रोजगार के स्थानीय अवसरों का निर्माण न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि पलायन की समस्या को भी काफी हद तक कम करेगा। चंबा जैसे पिछड़े जिले को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम हो सकता है।

## राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन का लोगों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत

# चंबा की सेवा करना मेरा कर्तव्य: हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान, चंबा



शुक्रवार दोपहर लगभग 2 बजे जब राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन अपने पैतृक निवास चंबा पहुंचे, तो मानो चंबा की धड़कनें एक नई ऊर्जा से भर उठीं। जैसे ही उनकी गाड़ी चंबा की सीमा में दाखिल हुई, लोगों का जनसैलाब उनके स्वागत को उमड़ पड़ा। जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया। हर्ष महाजन के आगमन को चंबा की जनता ने न सिर्फ एक सम्मान की तरह देखा, बल्कि इसे आने वाले अच्छे दिनों की दस्तक के रूप में भी महसूस किया। लोगों को विश्वास है कि वर्षों से विकास की राह देख रहे इस सीमांत जिले को अब राज्यसभा सांसद के रूप में एक सशक्त आवाज दिल्ली में मिली है, जो चंबा के हितों की दमदारी से पैरवी करेगी।

महाजन के आगमन से ठीक एक दिन बाद 19 अप्रैल को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा का प्रस्तावित चंबा दौरा भी इस विश्वास को और बल देता है कि जिले के लिए कोई बड़ी सौगात या केंद्रीय घोषणा हो सकती है। इस समन्वय को लेकर जिले की जनता में उम्मीदें चरम पर हैं। चंबा की जनता हर्ष महाजन को एक अनुभवी और जमीनी नेता मानती है, जिनका राजनीति में लंबा अनुभव और प्रभावशाली व्यक्तित्व चंबा के विकास में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। लोगों का कहना है कि जिस तरह वे राज्यसभा में पहुंचे हैं, उसी तरह वे अब अपने गृह जिले को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। हर्ष महाजन ने चंबा पहुंचते ही जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि चंबा की सेवा उनका कर्तव्य है और वे हर मंच पर जिले की आवाज को बुलंद करेंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि चंबा के लिए विशेष योजनाओं की पैरवी की जाएगी, विशेषकर स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों और रोजगार जैसे मद्दों पर।

अब पूरे चंबा की निगाहें न सिर्फ उनके नेतृत्व पर टिकी हैं, बल्कि इस विश्वास पर भी कि चंबा की दशा और दिशा अब बदलेगी।

# जेपी नड्डा के दौरे को लेकर लोगों में उत्साह: डीएस ठाकुर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** भाजपा मंडल बनीखेत द्वारा शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के चंबा आगमन को लेकर की जा रही तैयारी जोरों पर है। डलहौजी विधायक डीएस ठाकुर ने बताया कि जिला में उत्साह का माहौल है। मंडल अध्यक्ष बनीखेत से विशाल टंडन ने बताया की जगत प्रकाश नड्डा के चंबा आगमन को लेकर मंडल स्तर पर तैयारीयां जोर से हो गई है।

डलहौजी विधानसभा के विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर को सफल करने के लिए जिला एवं प्रदेश पर के पदाधिकारी मंडल कार्यकारिणी सदस्य मोर्चा व प्रकोष्ठों की समस्त इकाइयां कार्यकर्ता एवं समर्थक पूर्ण रूप से अपने अपने कार्य में जुटे हुए हैं। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और सभी अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं

# केंद्र की योजनाओं का प्रदेश सरकार की राजनीतिक चालबाजी के कारण नहीं पहुंच रहा लाभ: डॉ. बिंदल

आरके सहगल, चंबा



जेपी नड्डा के चंबा दौरे को लेकर भाजपा ने की प्रेसवार्ता

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के चंबा दौरे से एक दिन पूर्व, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सर्किट हाउस चंबा प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. बिंदल ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देशभर में हुए परिवर्तनकारी विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि चंबा जैसे दुर्गम और पिछड़े जिलों में भी केंद्र की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, लेकिन प्रदेश सरकार की निष्क्रियता और राजनीतिक चालबाजी के कारण जनता तक इनका संपूर्ण लाभ नहीं पहुंच पा रहा। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार केवल केंद्र की उपलब्धियों का श्रेय लेने में व्यस्त है, जबकि वास्तविकता यह है कि जमीनी स्तर पर प्रदेश की योजनाएं दम तोड़ रही हैं। विशेषकर स्वास्थ्य सेवाओं की हालत दयनीय है।

डॉ. बिंदल ने इस बात पर बल दिया कि चंबा जैसे सीमांत क्षेत्र को केंद्र सरकार से विशेष प्राथमिकता मिलनी चाहिए और आगामी केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा जी का दौरा इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा के दौरे से चंबा के विकास को नई गति और दिशा मिलेगी, और हम सबको इस बात की उम्मीद है कि स्वास्थ्य सहित अन्य अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं को विशेष समर्थन मिलेगा।

इस रणनीतिक बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल, जिला मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने एकजुटता से यह संदेश दिया कि भाजपा जनता के हक और विकास के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# चंबा जिले को विशेष स्वास्थ्य पैकेज दे केंद्र सरकार: सोनू

अनंत ज्ञान, चंबा

आम आदमी पार्टी, जिला चंबा के अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के चंबा दौरे पर उनका स्वागत करते हुए जिले के लिए विशेष स्वास्थ्य पैकेज की मांग की है। उन्होंने कहा कि चंबा एक दुर्गम और भौगोलिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ जिला है, जहां कि स्वास्थ्य सेवाएं अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि चंबा के लिए विशेष स्वास्थ्य पैकेज कोई कृपा नहीं, बल्कि जनता का अधिकार है और केंद्र सरकार का दायित्व बनता है कि वह ऐसे पिछड़े जिलों को प्राथमिकता पर रखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करे। आप पार्टी चंबा द्वारा तीन मुख्य मांगें रखी गई हैं जिले के सभी सिविल अस्पतालों को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस किया जाए, हर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अल्ट्रासाउंड मशीनें व प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ की तैनाती हो तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए और उनकी उपस्थिति नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए। सोनू ठाकुर ने यह भी स्पष्ट किया,आम आदमी पार्टी चम्बा की जनता की आवाज़ बनकर यह मांग करती है कि नड्डा इन जमीनी हकीकतों को समझें और इस पिछड़े जिले को उसका स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यायपूर्ण अधिकार प्रदान करें।

# पूर्ण चंद प्रधान और महिंद्र सिंह ठाकुर बने महासचिव

## हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड ककीरा के चुनाव पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न

बबलू पठानिया, ककीरा



**हिम** आंचल पेंशनर्स संघ खंड ककीरा के चुनावों का आयोजन लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह ककीरा में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया का सफल संचालन खंड बनीखेत के संघ प्रधान मदन लाल अरोड़ा एवं महासचिव ओम प्रकाश ठाकुर द्वारा किया गया।

प्रधान पद के लिए पूर्ण चंद कपूर का नाम सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया गया, जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से स्वीकार करते हुए उन्हें संघ का नया प्रधान चुना। महासचिव पद की जिम्मेदारी वरिष्ठ सदस्य महिंद्र सिंह ठाकुर को सौंपी गई, जबकि अशोक कुमार को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। नवनिर्वाचित प्रधान पूर्ण चंद कपूर व महासचिव महिंद्र ठाकुर ने सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि संघ के सभी सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे और पेंशनर्स की आवाज़ को प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ पेंशनर्स, सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। संघ के इस नवनिर्मित नेतृत्व से ककीरा खंड के पेंशनर्स को नई उम्मीद और ऊर्जा मिली है।

# देश के 18 आईआईटी के रजिस्ट्रार्स पहुंचे मंडी, 3 दिवसीय कॉन्क्लेव शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

संस्थानों को श्रीमद्भगवद गीता की शिक्षाओं पर आधारित नेतृत्व सिद्धांतों को अपनाएं : प्रो. लक्ष्मिधर

**देश** के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आईआईटी मंडी में तीन दिवसीय वार्षिक रजिस्ट्रार्स कॉन्क्लेव की शुरुआत हुई। इस आयोजन में देशभर के 18 आईआईटी के रजिस्ट्रार्स और 3 निदेशक शामिल हुए, जो हाल के वर्षों में आईआईटी प्रणाली के वरिष्ठ प्रशासकों का सबसे बड़ा जमावड़ा माना जा रहा है।

कॉन्क्लेव का उद्देश्य शैक्षणिक प्रशासन को मजबूत करना, प्रक्रियाओं को ऑटोमेशन के माध्यम से सरल बनाना और प्रशासन की भूमिका को भारतीय और वैश्विक अनुसंधान परिप्रेक्ष्य में और अधिक प्रभावशाली बनाना है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मिधर बेहरा और आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा की उपस्थिति में हुआ, जबकि आईआईटी जम्मू के निदेशक प्रो. मनोज सिंह गौर ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रो. लक्ष्मिधर बेहरा ने मूल्य-आधारित नेतृत्व की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि संस्थानों को श्रीमद्भगवद गीता की शिक्षाओं पर आधारित नेतृत्व सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन या शासन में कोई भी समस्या ऐसी नहीं है जिसका समाधान गीता में न हो। उन्होंने रजिस्ट्रार्स से पारदर्शी, प्रभावी और छात्र-केंद्रित प्रणाली विकसित करने का आग्रह किया।

आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने कहा कि रजिस्ट्रार संस्थानों की स्मृति होते हैं और निरंतरता की रीढ़ की हड्डी भी। उनका प्रशासनिक आधार ही विश्व में आईआईटी ब्रांड की पहचान को बनाए रखता है। उन्होंने स्वीडन में अपने तीन दशकों के प्रशासनिक अनुभव को साझा करते हुए कि अनुसंधान में प्रशासन की भूमिका – भारतीय और यूरोपीय दृष्टिकोण पर विचार प्रस्तुत किए। आईआईटी जम्मू के निदेशक प्रो. मनोज ने कहा कि हमारे संस्थानों को सिर्फ प्रयोगशालाओं में ही नहीं, बल्कि प्रशासन में भी ऑटोमेशन की अग्रिम पंक्ति में होना चाहिए। आईआईटी मंडी के रजिस्ट्रार डॉ. कुमार संभव पांडेय ने कहा कि यह कॉन्क्लेव देश के प्रमुख संस्थानों की प्रशासनिक रीढ़ को मजबूत करने की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की दिशा में एक पहल है।

### सूडोकु नवताल- 7405 (***** मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7404 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# संजय ठाकुर ने महेंदली-सेवा कैंची सड़क के विस्तारीकरण का काम करवाया शुरू

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

महेंदली-सेवा कैंची सड़क के विस्तारीकरण का कार्य शुक्रवार को विधिवत रूप से आरंभ हुआ। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव संजय ठाकुर द्वारा पूजा-पाठ कर सड़क का कार्य आरंभ किया गया। सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना फेज-तीन के अंतर्गत होगा। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस रोहड़ू के महासचिव सुशील चौहान व कनिष्ठ अभियंता रामेश्वर चौहान भी मौजूद रहे।

महेंदली-सेवा कैंची सड़क की दशा सुधारने की मांग क्षेत्रवासी लंबे समय से कर रहे थे। अब शुक्रवार से सड़क का कार्य पीएमजीएसवाई के तहत आरंभ हो गया है। बाईस माह में सड़क को पक्का कर दिया जाएगा। इस कार्य में करीब नौ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग रोहड़ू के अधिशासी अभियंता परेश चौहान ने बताया कि सड़क का कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत आरंभ हो गया है। शीघ्र ही सड़क ठीक हो जाएगी।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

शनिवार, 19 अप्रैल 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** षष्ठी (06:24): **नक्षत्र** मूल (10:21), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : शिव (00:50) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:54-12:46) **राहुकाल** (09:06-10:43)।

**विशेष दिन**

- 19 अप्रैल ईस्टर सेटरडे आज।
- 19 अप्रैल ग्रीष्म ऋतु आज से होगी शुरू।

**मेषः** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी।

**वृषभः** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मिथुनः** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**कर्कः** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंहः** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्याः** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्त प्राप्त होगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**तुलाः** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**वृश्चिकः** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**धनुः** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकरः** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम से काम में लाभ होगा।

**कुंभः** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीनः** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**परेशानी** ग्रामीणों ने रुणहकोठी-सामरा के पैदल पुल के क्षतिग्रस्त होने पर खोला मोर्चा

# शिकायत के बाद भी नहीं की पुल की मरम्मत

अनंत ज्ञान, भरमौर

**भरमौर** के रुणहकोठी-सामरा पैदल चलने वाले पुल की हालत खराब होने के चलते ग्रामीणों ने अब मोर्चा खोल दिया है। ग्राम पंचायत रनूहकोठी और सामरा थल्ली गांव को आपस में जोड़ता ये पुल जरूरत से ज्यादा क्षतिग्रस्त हो चुका है। बार-बार शिकायत व गुहार लगाने के बाद भी अभी तक इस पुल की मरम्मत नहीं हो पाई है। गौरतलब है इस पुल से हर रोज स्कूली बच्चों व ग्रामीणों के मवेशिये गुजरते हैं। पुल की हालत जर्जर होने के कारण यहां पर कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

प्रशासन को भी बड़ी बार इस विषय से अवगत करवाया गया है लेकिन किसी ने भी अभी तक इसकी सुध नहीं ली है। लोगों का कहना है कि हर दिन ग्रामीणों और मवेशियों का इस पुल से आना-जाना लगा रहता है। कोई भी अप्रिय घटना कभी भी घट सकती है। इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

ग्रामीणों में अश्वनी कुमार सोई, गेहरा राम, अनिल कुमार कुलदीप सिंह, बहादुर सिंह, देवो राम, जफो राम, कर्म चंद अमित सोई, चतरो राम का कहना है कि जल्द इस पुल का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वह प्रशासन और सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। यहां के लोगों का कहना है कि अगर कोई अप्रिय घटना इस पुल पर घटती है तो इसकी सारी जिम्मेवारी प्रशासन व सरकार की होगी। बार-बार अवगत करवाने के बाद भी सरकार व प्रशासन इस ओर कोई भी कदम नहीं उठा रहा है।



### आंदोलन की दी चेतावनी

**सामरा** गांव से स्कूली बच्चे इस पुल से रोजाना स्कूल जाते हैं। उनको भी इस पुल का डर सता रहा है। लोगों में भारी रोष है कि अगर इस बार भी प्रशासन ने इस पुल की मरम्मत में कोई कदम नहीं उठाया तो सभी गांव वाले उग्र आंदोलन, धरना-प्रदर्शन करने पर सड़कों पर उतर आएंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार व भरमौर प्रशासन की होगी।

सामरा गांव के स्कूली बच्चे रोजाना जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, महेश्वर सिंह** पुत्र श्री नेहर सिंह गांव पलसेहड़ डाकघर नगवांई तहसील औट जिला मण्डी हि.प्र. घोषणा करता हूं कि ग्राम पंचायत नगवांई के रिकार्ड में मेरा व मेरी बेटी का नाम दिवांशी पुत्री महेश्वर गलत दर्ज है जिसे सही करके दिवांशी ठाकुर पुत्री महेश्वर सिंह दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

# ओपिनियन



**किसी** के प्रति दूषित भावना रखने से अपना स्वयं का मन दूषित हो जाता है। **–महर्षि वाल्मीकि**

## संपादकीय

## बांग्लादेश की नसीहत के मायने

बांग्लादेश से अपना देश संभलता नहीं है और वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा को लेकर तरह-तरह की बयानबाजियां कर रहा है। ऐसे में भारत ने उसे उसकी जमीन दिखाई है और सख्त लहजे में कहा कि वह अपने देश को संभाले। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने कहा था कि भारत को उन अल्पसंख्यक मुस्लिमों की रक्षा करनी चाहिए। इस प्रकार की स्थिति पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह केवल दो देशों के बीच कूटनीतिक संवाद का मसला नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, आपसी समझदारी और द्विपक्षीय संबंधों की साख का भी प्रश्न है। बांग्लादेश की ओर से पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा पर बयानबाजी करना और भारत की आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की कोशिश करना न केवल अनुचित है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक शिष्टाचार का भी उल्लंघन है।

भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके आंतरिक मामलों में किसी भी बाहरी देश की ओर से टिप्पणी करना, विशेषकर जब वह नीतिगत या प्रशासनिक विषय हो, सीधा हस्तक्षेप माना जाता है। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का यह कहना कि भारत को अल्पसंख्यक मुस्लिमों की रक्षा करनी चाहिए, एकतरफा और अधूरी जानकारी पर आधारित है। भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है जहां कानून और संविधान के तहत हर नागरिक को समान अधिकार प्राप्त हैं, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या पंथ से संबंधित हो। भारत का यह कहना कि बांग्लादेश पहले अपने देश को संभाले, पूरी तरह से उचित और तार्किक है। बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हुए हमलों और हिंसा के अनेक मामले सामने आए हैं, जिनमें मंदिरों को तोड़ा गया, दुर्गा पूजा के पंडालों को निशाना बनाया गया और कई हिंदू परिवारों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा। ऐसे में बांग्लादेश की ओर से भारत को नसीहत देना न केवल दोहरे मापदंड को दर्शाता है, बल्कि भारत की सहिष्णु और कानूनसम्मत व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह उठाने जैसा भी है।

इस तरह की बयानबाजी निश्चित रूप से भारत और बांग्लादेश के संबंधों में तल्खी ला सकती है। दोनों देशों के बीच संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से गहराई से जुड़े हुए हैं। बांग्लादेश का निर्माण भारत के समर्थन से हुआ था और 1971 के युद्ध में भारत ने एक निर्णायक भूमिका निभाई थी। इसके बावजूद यदि बांग्लादेश की ओर से भारत की आलोचना होती है, तो यह न केवल कृतघ्नता को दर्शाता है बल्कि भरोसे के पुल को भी कमजोर करता है।भारत और बांग्लादेश के बीच कई सामरिक, जल-नीति, व्यापार और सीमा-संबंधी समझौते हैं, जिनमें किसी भी प्रकार की दरार क्षेत्रीय अस्थिरता को जन्म दे सकती है। यदि बांग्लादेश लगातार भारत के आंतरिक मुद्दों पर इस तरह की टिप्पणी करता रहेगा, तो भारत की जनता और राजनीतिक नेतृत्व में भी उसके प्रति नाराजगी बढ़ेगी। बांग्लादेश को भारत पर टिप्पणी करने से पहले अपने देश की स्थिति पर गौर करना चाहिए। वहां की स्थिति खासकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के संदर्भ में बेहतर नहीं कही जा सकती।

रिपोर्ट्स और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव, हिंसा और जबरन धर्म परिवर्तन की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं। साथ ही, वहां की सरकार या अंतरिम नेतृत्व इन घटनाओं को नियंत्रित करने में भी विफल रहा है। आज जब दक्षिण एशिया कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है-चाहे वह आतंकवाद हो, जलवायु परिवर्तन हो या आर्थिक अस्थिरता तब भारत और बांग्लादेश जैसे देशों को एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय सहयोग की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। दोनों देशों की भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक समानता और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इस क्षेत्र में सहयोग की एक मजबूत नींव रखती है।

भारत का पड़ोसी पहले नीति भी इसी भावना पर आधारित है। बांग्लादेश की ओर से भारत के आंतरिक मामलों में टिप्पणी करना न केवल अनुचित है बल्कि उससे दोनों देशों के संबंधों में अविश्वास की दरार भी पड़ सकती है। भारत की प्रतिक्रिया इस संदर्भ में सटीक और समयानुकूल है, जो यह स्पष्ट संदेश देती है कि देश की संप्रभुता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दक्षिण एशियाई देशों को चाहिए कि वे एक-दूसरे की सीमाओं और स्वायत्तता का सम्मान करें और किसी भी प्रकार की बयानबाजी से बचें जो आपसी संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती है। सिर्फ आलोचना करने से कुछ नहीं होगा, बल्कि संवाद, सहयोग और आपसी समझदारी ही स्थायी शांति और विकास का रास्ता है। बांग्लादेश को यही रास्ता अपनाना चाहिए और भारत के साथ सकारात्मक और सम्मानजनक संबंध बनाए रखने की दिशा में कार्य करना चाहिए। ■


### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत की प्रसिद्ध एथलेटिक्स खिलाड़ी

**अंजू** बॉबी जॉर्ज भारत की प्रसिद्ध एथलीट हैं। अंजू ने सितंबर 2003, पेरिस में हुए वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनसिप लंबी कूद में कांस्य पदक जीत कर भारत को पहली बार विश्वस्तर की प्रतियोगिता में पुरस्कार दिलाया था। अंजू बी. जॉर्ज वर्ष 2003 में 25 वर्ष की उम्र में विश्व एथलेटिक्स में भारत की प्रथम पदक विजेता बनी। 2004 में अंजू बॉबी जॉर्ज को 'राजीव गांधी खेल रत्न' सम्मान प्रदान किया गया। अंजू का जन्म दक्षिण मध्य केरल के कोट्टायम जिले के छोटे से कस्बा चीरनचीरा में हुआ। इन्होंने पांच वर्ष की उम्र में एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भाग लेना शुरू कर दिया था। इनकी मां ग्रेसी तथा पिता केटी मार्कोस ने अपनी बेटी के एथलेटिक्स की दिशा में बढ़ते कदमों में रुचि लेकर उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्ष 2004 में 13 खिलाड़ियों का नाम देश के सर्वोच्च खेल सम्मान 'राजीव गांधी खेल रत्न' पुरस्कार के लिए प्रस्तावित किया गया था, लेकिन इनमें से अंजू का नाम सबसे ऊपर उभर कर आया। इससे पिछले वर्ष पेरिस विश्व चैंपियनशिप में अंजू को मिले कांस्य पदक के कारण अंजू को पुरस्कार के लिए चुना गया। उनके कोच पति राबर्ट बॉबी जॉर्ज को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार अंजू व राबर्ट जॉर्ज को 21 सितंबर, 2004 को राष्ट्रपति के द्वारा प्रदान किए गए। अंजू को पुरस्कार ट्राफी के अतिरिक्त पांच लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। ■



अंजू बॉबी जॉर्ज
जन्म :19 अप्रैल, 1977



कविता

## हंसती है दुनिया...

*जीवन ( जेके ) बिलासपुर*

*क्यों मुझे देखकर हंसती है दुनिया,*
*क्योंकि मैं सबके सामने रोने लगा था।*

*मत मेरी कुंडी दरवाजा खड़काओ,*
*बड़ी मुश्किल से तो मैं सोने लगा था।*

*किसी ने फूल किसी ने पत्थर बरसाए,*
*मैं तो दोस्त दुश्मन सबका होने लगा था।*

*कोई आया था मेरी खुशियों का उपवन उजाड़ने,*
*और मैं सबके लिए गुलाब बोने लगा था।*

*सब मतलबी, फरेबी अहसान फरामोश हैं,*
*मुझको भी अब धीरे-धीरे अहसास होने लगा था।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वैश्विक शिक्षा से सीख: हिमाचल में नई शैक्षणिक क्रांति

एक्सपोजर विजिट का तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को एक नए वातावरण में जाकर वहां की कार्यशैली, तकनीकों और नवाचारों को देखने, समझने और उनसे सीखने का अवसर देना है।

यह एक व्यवहारिक शिक्षण प्रक्रिया है, जिसमें प्रतिभागी किसी उन्नत प्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करते हैं और उसे अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने का प्रयास करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में एक्सपोजर विजिट शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को विश्व स्तरीय शिक्षण पद्धतियों और स्कूल प्रबंधन प्रणाली से अवगत कराने के लिए आयोजित किया जाता है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अपने अध्यापकों और प्रधानाचार्यों के लिए सिंगापुर एक्सपोजर विजिट एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय है।



लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य टौणी देवी, हमीरपुर

यह पहल न केवल शिक्षकों के ज्ञान और दृष्टिकोण को वैश्विक बनाएगी, बल्कि छात्रों की शिक्षा पर भी सकारात्मक और दीर्घकालिक प्रभाव डालेगी। इस यात्रा के माध्यम से शिक्षक एक विकसित देश की शिक्षा प्रणाली को प्रत्यक्ष देखेंगे, उसकी बारीकियों को समझेंगे और उन्हें अपने विद्यालयों में लागू करने का प्रयास करेंगे। इससे प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और छात्र वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अधिक सक्षम बन सकेंगे। सिंगापुर की शिक्षा प्रणाली को विश्व की अग्रणी प्रणालियों में माना जाता है, जहां नवाचार, तर्कशक्ति और व्यवहारिक ज्ञान पर विशेष बल दिया जाता है।

वहां के विद्यालयों में छात्रों को केवल रटने की प्रवृत्ति से दूर रखकर सोचने, प्रश्न पूछने और समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया जाता है। यदि हिमाचल के



शिक्षक इस सोच को आत्मसात करते हैं, तो छात्रों की विश्लेषण क्षमता और रचनात्मकता में आशातीत वृद्धि होगी। वे केवल परीक्षा पास करने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि जीवन में सफल और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में सीखेंगे। तकनीकी शिक्षा और डिजिटल लर्निंग भी इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण आयाम है।

सिंगापुर के विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं, ऑनलाइन संसाधन, और एडुटेक टूल्स का कुशल उपयोग किया जाता है। जब हिमाचल के प्रधानाचार्य और शिक्षक इन तकनीकों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपने विद्यालयों में अपनाएंगे, तो दूरस्थ क्षेत्रों में भी शिक्षा का स्तर बेहतर होगा। इससे न केवल शिक्षण अधिक प्रभावी बनेगा, बल्कि छात्रों की रुचि और भागीदारी भी बढ़ेगी।

साथ में सिंगापुर की प्रिंसिपल अकादमी द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण भी इस दिशा में एक और ठोस कदम है। यह प्रशिक्षण न केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित है, बल्कि नेतृत्व कौशल, नवाचार आधारित शिक्षण, प्रभावी संचार, टीम प्रबंधन, और समस्या-समाधान की रणनीतियों पर केंद्रित है। प्रिंसिपल अकादमी के माध्यम से प्रधानाचार्यों को 21वीं सदी के स्कूली नेतृत्व की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे अपने विद्यालयों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ एक आदर्श शैक्षणिक वातावरण में परिवर्तित कर सकें। सिंगापुर की शिक्षा प्रणाली शिक्षकों को केवल एक ज्ञानदाता नहीं, बल्कि एक लीडर और मेंटॉर के रूप में विकसित करने पर बल देती है। प्रिंसिपल अकादमी का प्रशिक्षण इस सोच को और मजबूती देता है। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्यों को विद्यालय स्तर पर नवाचार, अनुशासन, और शिक्षक-छात्र संबंधों को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रेरित करता है। सिंगापुर में लागू अनुशासन नीति, जिसमें स्पष्ट दिशा-निर्देश और छात्रों की सक्रिय भागीदारी शामिल है, हिमाचल के विद्यालयों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन सकती है।

यदि इन नीतियों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप ढालकर अपनाया जाए, तो विद्यालयों में एक सकारात्मक और उत्पादक वातावरण का निर्माण संभव होगा। यह यात्रा हिमाचल के शिक्षकों में वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करेगी प्रिंसिपल अकादमी के प्रशिक्षण के साथ जब शिक्षक एक अंतरराष्ट्रीय प्रणाली को देखकर लौटेंगे, तो वे अपने छात्रों को वैश्विक मंच के लिए तैयार करने में समर्थ बनेंगे।

यह पहल छात्रों को केवल एक परीक्षार्थी नहीं, बल्कि भविष्य के सक्षम, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक के रूप में गढ़ेगी। हिमाचल प्रदेश सरकार एवं समग्र शिक्षा अभियान का यह प्रयास और प्रिंसिपल अकादमी के नेतृत्व में प्रशिक्षण और सिंगापुर एक्सपोजर विजिट का समन्वय—प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में एक नई क्रांति का संकेत है। यदि इस अनुभव और प्रशिक्षण से मिले ज्ञान को विद्यालयों में सही ढंग से लागू किया जाए, तो हिमाचल की शिक्षा प्रणाली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इसका दीर्घकालिक लाभ छात्रों को मिलेगा, जो न केवल अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकेंगे, बल्कि देश और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### नजरिया

# समाप्त होने के कगार पर पहुंचा नक्सलवाद

पिछले छह दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृहमंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आईं और चली गईं, मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था।



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र लेखक

नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था, जिसे लोग मानने को मजबूर थे। मगर अब परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है।

कई बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत ने वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दी है। उन्होंने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए और सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कहा था कि मोदी सरकार सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों और नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से



उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार भारत में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या पहले 38 थी। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 6 हो गई है। साथ ही चिंता के जिलों और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या में भी कमी आई है।

नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित छह जिलों में अब छत्तीसगढ़ में चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, जबकि झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिला व महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला शामिल है। इसके अतिरिक्त चिंता जिलों की संख्या जिन्हें गहन संसाधनों और ध्यान की आवश्यकता है 9 से घटकर 6 रह गई हैं। ये जिले आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश में बालाघाट, ओडिशा में कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी और तेलंगाना में भद्राद्री-कोठागुडेम हैं। अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या जो नक्सली गतिविधि का भी सामना कर रहे हैं, लेकिन कम हद तक 17 से घटकर 6 हो गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी, झारखंड का लातेहार, ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु जिला शामिल हैं।

इन जिलों को उनके पुनर्निर्माण और विकास में सहायता करने के लिए केंद्र सरकार विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों को 30 करोड़ रुपए मिलते हैं। जबकि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में अंतराल को भरने के लिए चिंता वाले जिलों को 10 करोड़ रुपए आवंटित किए जाते हैं। इन क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप विशेष परियोजनाओं को भी सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में कम से कम 130 नक्सली मारे गए हैं।

इनमें से 110 से ज्यादा बस्तर संभाग में मारे गए जिसमें बीजापुर और कांकेर समेत सात जिले शामिल हैं। मगर अब केंद्र सरकार की नीतियों के कारण एक तरफ जहां इन पर दबाव बढ़ा है वहीं उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में सरकार ने विकास की योजनाएं प्रारंभ कर उनका जन समर्थन समाप्त कर दिया है। कई बड़े नक्सली कमांडरों का एनकाउंटर होने के बाद डर कर बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। आने वाले समय में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति व्याप्त होगी। जो सरकार व आमजन की एक बड़ी जीत होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**प्राइवेट** स्कूल किसी स्टार होटल से कम नहीं लगते यदि हम उन्हें बाहर से देखो तो। बढ़िया क्लासरूम, हाईटेक बोर्ड, इंग्लिश बोलते बच्चे और व्हाइट-ग्लव्स पहने बस अटेंडेंट्स, परंतु अंदर झांको, वहां एक मुख्याध्यापक मास्टर साहब बैठा है, जो न वक्त पर चाय पी सकता, न लंच कर सकता है, क्योंकि जो बच्चा होमवर्क न करे, उसकी शिकायत आए तो अध्यापक की क्लास लगती है। जो बच्चा एग्जाम में फेल हो जाए, तो प्रबंधन विभाग पूछता है- क्यों पढ़ाया नहीं ढंग से। वेतन जो कागज पर है, जेब में नहीं। प्राइवेट स्कूलों में वेतन का सिस्टम इतना गोपनीय है कि सीक्रेट एजेंसियां भी शरमा जाएं। अपॉइंटमेंट लेटर पर 12000 रुपए लिखा होता है, लेकिन बैंक में 6000 रुपए ट्रांसफर होते हैं। बाकी कैश में मिलते हैं या कभी नहीं मिलते। इन स्कूलों में महिला शिक्षकों का दोहरा शोषण होता है। फिर भी पता नहीं कि कब वेतन मिलेगा और वेतन बढ़ेगी ?

**नवनीत चौधरी, पालमपुर**

# क्या देश में वृद्धों और अकुशल युवाओं की जनसंख्या बढ़ रही है?

एक ओर अमेरिका अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीय एवं अन्य विदेशों की उनके देश वापस भेज रहा है दूसरी ओर पिछले दिनों एक समाचार बहुत सुर्खियों में रहा कि कनाडा प्रवासियों के लिए 2025 तक प्रति वर्ष 5 लाख वीजा जारी करेगा। इसके पीछे वहां की सत्तारूढ़ तथा विपक्षी दलों की संयुक्त राय है कि देश कामकाजी लोगों की कमी का सामना कर रहा है तथा विभिन्न विभागों में 10 लाख के करीब पद खाली पड़े हैं। यह तर्क वहां की सरकार का है इसके साथ एक दूसरा पक्ष भी है।



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
देहरादून, उत्तराखंड

देश में बढ़ती वृद्धों की जनसंख्या और कम होती युवा जनसंख्या। कनाडा की गिनती भी उन देशों में होती है। जहां 2025 से 2030 तक कुल जनसंख्या का 20 फीसदी जनसंख्या 65 वर्ष से ऊपर आयु की हो जाएगी, ऐसे में उसे युवा जनसंख्या की आवश्यकता पड़ेगी और आवश्यकता पूरी होगी प्रवासियों से और इन प्रवासियों में अधिक संख्या एशिया महाद्वीप विशेषकर भारत जैसे युवा देश के मानवीय संसाधन ही उनकी इस कमी को पूरा करने में सक्षम है। यद्धपि वर्तमान में बुजर्गों की जनसंख्या के मामले चीन प्रथम स्थान पर है। एक समाचार के अनुसार दुनिया में जितने भी देश हैं, उनमें चीन ऐसा देश है, जो तेजी से सबसे ज्यादा बुजुर्गों के देश में तब्दील हो रहा है। वर्ष 2015 में यहां 25.4 करोड़ लोग 60 साल से ज्यादा उम्र के थे, तो 17.6 करोड़ लोग 65 साल से ऊपर के अनुमान है कि 2040 में चीन में 40 करोड़ से ज्यादा लोग 60 साल से ऊपर की उम्र के होंगे। ये कुल आबादी का 28 फीसदी होगा।

ये क्रम आने वाले सालों में और बढ़ेगा। संयुक्त राष्ट्र और भारत की युवा की परिभाषा में थोड़ा भेद है। संयुक्त राष्ट्र की परिभाषा के अनुसार 15 से 24 वालों को युवा की श्रेणी में रखा जाता है, जबकि भारतीय परिभाषा के अनुसार 15 से 29 आयु वर्ग को युवा की श्रेणी में रखा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों पर जाएं, तो भारत अपनी 27 फीसदी युवा आबादी के साथ सबसे ज्यादा युवाओं वाला देश है। एक समाचार के अनुसार सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय



( एमओएसपीआई) की एक रिपोर्ट जिसे 'यूथ इन इंडिया 2022' दिया गया है। इस रिपोर्ट में युवाओं को लेकर आंकड़े दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 तक देश की आबादी 136 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया था। इसमें से 27.3 प्रतिशत यानी 37.14 करोड़ आबादी युवा है। रिपोर्ट बताती है कि भारत अब बूढ़ा होता जा रहा है। 2036 तक देश में 34.55 करोड़ आबादी ही युवा होगी।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अगले 15 साल में भारत में युवाओं की आबादी लगभग 2.59 करोड़ कम हो जाएगी और बुजुर्गों की आबादी बढ़ने लगेगी। उपरोक्त आंकड़ों में देश का भविष्य छुपा हुआ है। विकसित देश हमारे युवा वर्ग को अपने देशों में शिक्षा, रोजगार और एक उत्तम जीवन शैली हेतु आकर्षित कर रहे हैं और अपने देश में रोजगार की संभावनाएं पर्याप्त न होने की स्थिति में देश के युवा वर्ग का विदेशों को पलायन करना, एक चिंतनीय विषय है। आइए इस बात को समझते हैं कि पिछले कुछ वर्षो से भारत के शिक्षित एवम् कुशल युवाओं में विदेशों में उच्च शिक्षा और रोजगार हेतु जाकर स्थायी रूप से वहीं बसने का चलन क्यों बढ़ा है? विदेशी उच्च शिक्षण संस्थान, विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ सीमित घंटे का रोजगार या नौकरी करने की अनुमति भी प्रदान करते हैं, जिसके कारण विद्यार्थी अपनी शिक्षा, बिना अभिभावकों पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाले, आसानी से पूरी कर लेता है।

इस प्रकार के आकर्षण उच्च आय वर्ग के साथ-साथ मध्यम आय वर्ग के विद्यार्थियों को भी विदेशी संस्थानों की ओर आकर्षित कर रहे हैं। जिसका फलस्वरूप देश की प्रतिभा विदेशों को पलायन कर रही है, देश का शिक्षित और कुशल युवा वर्ग विदेशों में जाकर बस रहा है।

जिसका परिणाम होगा कि देश में कम शिक्षित और अकुशल युवाओं की संख्या में वृद्धि होगी और ऐसी जनसंख्या सरकार पर एक अतिरिक्त बोझ के रूप में ही होगी। यह एक ऐसी जनसंख्या होगी, जो युवा तो होगी, परंतु देश के आर्थिक विकास में इनकी भागीदारी नगण्य होगी। 'स्टार्ट अप' जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं भी तभी फलीभूत होंगी जब युवा शिक्षित और कुशल होगा। अकुशल वर्ग ऐसी महत्वपूर्ण योजनाओं की असफलता का एक बड़ा कारण बन सकता है। ऐसे में देश के सामने अपनी शिक्षित और कुशल युवा वर्ग को अपने ही देश में रखकर, उनकी देश के आर्थिक विकास में भागीदारी सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती के रूप में हैं। दूसरी ओर देश में बढ़ती वृद्ध जनसंख्या भी सरकार की ही जिम्मेदारी है। ऐसे में सरकार को युवाओं के लिए ऐसे रोजगारपरक शिक्षा कार्यक्रमों पर कार्य करना होगा, जो उनके विदेशों को होने वाले पलायन को रोक सके और देश हमेशा युवा बना रह सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डिजिटल दुनिया का मानसिक बोझ, जब स्टेटस छीनने लगे चैन

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। स्टेटस, प्रोफाइल और पोस्ट के जरिए लोग अपनी जिंदगी का चमकदार पक्ष दिखाते हैं, जिससे दूसरों में असंतोष, ईर्ष्या और आत्म-संदेह पैदा होता है। यह तुलना और जिज्ञासा धीरे-धीरे मानसिक अशांति का कारण बन जाती है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल में अनुशासन अपनाना जरूरी है, जैसे सीमित समय देना, जरूरी चीजें ही देखना और अपनी निजी सीमाएं तय करना।



लेखिका : प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स, आत्मचिंतन और वास्तविक जीवन के अनुभवों पर ध्यान देने की जरूरत है।

चैन और शांति बाहरी दुनिया से नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन और सोच से मिलती है। सोशल मीडिया एक उपकरण है, इसका इस्तेमाल समझदारी से किया जाए, तो यह जोड़ता है, वरना तोड़ भी सकता है। आज का युग तकनीक और सूचना का युग है। हम एक क्लिक में दुनिया की हर खबर, हर चेहरे और हर भावना से जुड़ जाते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने दोस्तों,



रिश्तेदारों और यहां तक कि अजनबियों की जिंदगियों का हिस्सा भी बनते जा रहे हैं।

यह सुनने में जितना सुखद लगता है, असलियत में उतना ही बोझिल और मानसिक रूप से थकाने वाला हो सकता है। अब सवाल पैदा होता है कि सोशल मीडिया जुड़ाव या जाल? जब फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म बने थे, तो उद्देश्य था कि लोगों को जोड़ना, संवाद बढ़ाना और दुनिया को करीब लाना, लेकिन धीरे-धीरे यह जुड़ाव एक आभासी होड़ में बदल गया। अब पोस्ट, स्टेटस और प्रोफाइल पिक्चर के पीछे छिपा होता है एक दिखावे का संसार।

हम अपने जीवन के सबसे सुंदर पल ही दूसरों को दिखाते हैं, जैसे हंसी, सैर, सफलता, रिश्ते, लेकिन दुख, तनाव, विफलता, अकेलापन, यह सब छिपा लेते हैं। दिक्कत तब शुरू होती है जब एक आम व्यक्ति, जो एक सामान्य जिंदगी जी रहा है, इन 'परफेक्ट जिंदगी' वाले स्टेटस और पोस्ट्स को देखकर अपने जीवन को छोटा, अधूरा और असफल समझने लगता है। वह तुलना करने लगता है- 'उसे इतनी सफलता मिल रही है, मैं कहां हूं?' 'वो घूमने गया, मेरे पास तो वक्त भी नहीं है।' 'उसकी लाइफ कितनी परफेक्ट है, मेरी क्यों नहीं?' यही तुलना धीरे-धीरे मानसिक तनाव, ईर्ष्या, आत्म-संदेह और यहां तक कि अवसाद (डिप्रेशन) का कारण बन जाती है। सुख की चोरी दूर बैठा इंसान भी छीन सकता है चैन यह एक कड़वी सच्चाई है कि आज कोई इंसान आपको बिना एक शब्द बोले, बिना संपर्क किए, सिर्फ एक स्टेटस लगाकर आपकी नींद उड़ा सकता है।

लोग अपनी जिंदगी के सबसे चमकदार हिस्से पोस्ट करते हैं, जिससे दूसरों को लगता है कि वो हमेशा खुश हैं। यह आभासी दिखावा हमारे मन को बेचैन कर देता है। हमें लगता है कि हम कुछ पीछे रह गए हैं, हम 'अपर्याप्त' हैं। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं जो जानबूझकर स्टेटस, फोटो या स्टोरी इस अंदाज में लगाते हैं कि दूसरों को चुभे। यह ध्यान रखना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक औजार है। वह हमें जोड़ भी सकता है और तोड़ भी सकता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसे कैसे प्रयोग करते हैं। अपनी सोच को सीमित लोगों से प्रेरणा लेने तक सीमित रखिए और बाकी को 'स्क्रॉल' कर दीजिए - शांति, चैन और सुकून खुद-ब-खुद लौट आएगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# कांग्रेस के खिलाफ भाजयुमो ने बोला हल्ला

## नेशनल हेराल्ड अखबार को 2.80 लाख का विज्ञापन देने पर सुक्खू सरकार व गांधी परिवार के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भाजपा** ने नेशनल हेराल्ड अखबार को 2 करोड़ 80 लाख का विज्ञापन देने पर प्रदेश की सुक्खू सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। भाजपा का आरोप है कि एक ओर सुक्खू सरकार आर्थिक तंगी का रोना रो रही है। दूसरी ओर सोनिया और राहुल गांधी की अखबार नेशनल हेराल्ड को करोड़ों के विज्ञान बांट रही है।

विज्ञापन के माध्यम से गांधी परिवार को आर्थिक लाभ पहुंचाने के आरोपों के बीच शुक्रवार को मंडी भाजुयमो जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने सुक्खू सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। मंडी के सेरी चानणी में एकत्रित होकर भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सुक्खू सरकार और गांधी परिवार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार की हमेशा से दोस्ती रही है और सुक्खू सरकार इसी दोस्ती को निभा रही है। आज सुक्खू सरकार के पास पूर्व की जयराम सरकार में शुरू हुई हिमकेयर योजना के लाभर्थियों के लिए पैसा नहीं है, जबकि विज्ञापन के माध्यम से हिमाचल की गरीब जनता का यही पैसा गांधी परिवार पर लुटाया जा रहा है। वहीं इस मौके पर भाजयुमों प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश

**कांग्रेस और भ्रष्टाचार दोस्त, जनता का पैसा गांधी परिवार को लुटा रही सुक्खू सरकार : निहाल चंद शर्मा**

ठाकुर ने बताया कि सुक्खू सरकार ने नेशनल हेराल्ड अखबार को अभी तक 2 करोड़ 80 लाख का विज्ञापन दिया है, जबकि एक भी कॉपी इस अखबार की हिमाचल में नहीं पहुंचती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा की सुक्ख सरकार विज्ञापन के माध्यम से सीधे तौर पर गांधी परिवार को आर्थिक लाभ पहुंचा रही है, प्रदेश सरकार के इस कारनामे से बहुत बड़े भ्रष्टाचार की बू आ रही है। इस अवसर पर नगर निगम मेयर वीरेंद्र भट्ट, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश, प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित, प्रदेश आईटी सयोजक कर्तव्य वैद्य, आदि कार्य कर्ता उपस्थित रहे।

# शर्मसार हुई ममता! सड़क किनारे मिला नवजात का क्षत-विक्षत शव

**बालक राम, पंडोह**

**देवभूमि** में मां की ममता एक बार फिर शर्मसार हुई है। पंडोह पुलिस चौकी के तहत आने वाली ग्राम पंचायत जागर के गांव टिकरी नाला में ग्रामीण सड़क पर एक नवजात का क्षत-विक्षत शव शुक्रवार सुबह 7 बजे मिलने से समुचे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

स्थानीय लोग जब अपनी रोजमर्रा के कार्यों के लिए यहां से गुजर रहे थे तो उन्होंने सड़क किनारे नवजात के शव को देखा और पंचायत प्रधान को सूचित किया। प्रधान ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी पडोह पुलिस को दी। पुलिस चौकी पंडोह की टीम ने मौके

- **शरीर के कुछ अंग गायब जानवर के खाने की जताई जा रही आशंका**
- **पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुरू की जांच**

पर आकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया और अपनी जांच को आगे बढ़ाया। इसके बाद पुलिस ने शव की जोनल हस्पताल मंडी में विशेष जांच की व शाम तक इस का पोस्टमार्टम कर दिया जाएगा। नवजात शिशु 2 से 3 दिनों का बताया जा रहा। जिसका सर और हाथ पैर किसी जानवर ने शायद काट लिए होंगे। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इस नवजात को कहीं और फेंका गया हो और जानवरों ने इसे इस जगह पहुंचा दिया हो। घटना चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राज के टिकारी मोड़ से गांव टिकारी के लिए निकले ग्रामीण सड़क मार्ग पर टिककरी नाले की है जो मुख्य सड़क मार्ग से 1 किलोमीटर दूर की है।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम की मदद से पुलिस मामले की जांच जा रही है। जांच के के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### आज होने वाले ड्राइविंग टेस्ट रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी (एसडीएम) सदर मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि 19 अप्रैल को होने वाला ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट को रद्द कर दिया गया है। यह टेस्ट मंडी में बैडमिंटन कोर्ट के सामने की सड़क पर छोटा पड्डल में होना था। उन्होंने बताया कि यह टेस्ट मोटर वाहन निरीक्षक के 19 अप्रैल को टेस्ट के लिए उपस्थित न होने के कारण रद्द किया गया है।

### 107 ग्राम चरस के साथ एक दबोचा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** नशे के खिलाफ छेड़ी गई जंग में थाना जोगिंद्रनगर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस चौकी बस्सी के प्रभारी एचसी कमलेश कुमार अपनी टीम के साथ जोल कर्व के पास गश्त पर थे, तभी एक व्यक्ति खड़ीहर की ओर बकरियां चराते हुए जाता नजर आया। पुलिस को देखकर वह घबरा गया और अपनी जेब से एक पॉलीथिन निकालकर सड़क किनारे फेंक दी और तेजी से चलने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे मौके पर ही रोका और पॉलीथिन की जांच की, जिसमें से 107 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान विशाल ऊर्फ बबलू निवासी गांव छंब, तहसील जोगिंद्रनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### 90 ग्राम चरस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना सरकाघाट की एसआईयू टीम ने थाना हटली क्षेत्र में ढलवान के पास यातायात चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। टीम ने कार (एचपी84-4873) की तलाशी के दौरान चालक संजय वर्मा ऊर्फ मदी (43) सुजानपुर के कब्जे से 90 ग्राम चरस बरामद कर हिरासत में लिया है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### वॉलीबाल मैच में कोटली की टीम बनी विजेता

**कविता, पधर।** किसान मेला पधर में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कुन्नू और कोटली की टीमों के बीच खेला गया। यह मैच बेहद रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। पांच सेटों वाले इस मुकाबले में शुरुआत से ही दोनों टीमें एक-एक अंक के लिए संघर्ष करती रहीं। पहले चार सेटों में मुकाबला दो-दो की बराबरी पर पहुंच गया, जिससे माहौल और अधिक रोमांचक हो गया। निर्णायक पांचवें सेट में कोटली की टीम ने बेहतरीन तालमेल और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए बेहद नजदीकी अंतर से जीत दर्ज की और प्रतियोगिता की विजेता बनी। कोटली की जीत के बावजूद कुन्नू की टीम का खेल भी सराहनीय रहा और दर्शकों ने दोनों टीमों की खेल भावना की खूब प्रशंसा की।

### रोला में भागवत कथा व शिव पुराण शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की तहसील बलद्वाड़ा के गांव नरोला में आचार्य जितेंद्र शर्मा द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं शिव पुराण का भव्य शुभारंभ हुआ। धार्मिक आयोजन 23 अप्रैल, बुधवार को सामूहिक भंडारे के साथ संपन्न होगा।यह पुण्य कार्य वर्ष 2011 से नरोला के अपर और लोअर वार्डों के स्थानीय महिला मंडलों एवं ग्रामवासियों के आपसी सहयोग से हर वर्ष पारंपरिक रूप से संपन्न होता आ रहा है। इस आयोजन में ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व इंद्रदेव, शास्त्री रोशन लाल, ओम प्रकाश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अश्विनी कुमार, शास्त्री रविदत्त शर्मा, कैप्टन ईश्वर दास प्रकाश चंद आदि विशेष योगदान दे रहे हैं।ग्राम पंचायत नरोला की पंच सत्या देवी तथा लखदाता मंदिर कमेटी के प्रधान हंसराज वर्मा ने सभी ग्रामीणों का इस पावन आयोजन में सहयोग करने के लिए हृदय से आभार प्रकट किया है।धार्मिक वातावरण से ओतप्रोत यह कथा सप्ताह न केवल आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बनेगा, बल्कि आपसी भाईचारे और एकता को भी सुदृढ़ करेगा।

### चर्च सहित कई स्थानों में मनाया गुड फ्राइडे

**भीम बसेड़ू, महादेव।** बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर के चर्च सहित कई स्थानों में गुड फ्राइडे मनाया गया। इसाइ समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए मंडी के खलियार के साथ-साथ बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर से संबंधित इवेंजलीकल चर्च ऑफ इंडिया व पुराना बाजार स्थित सेंट पीटर्स क्लीवर्ज इस्टर्न चर्च सहित कई स्थानों में गुड फ्राइडे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई। यानि यीशु मसीह को बलिदान के रुप में याद किया गया। कॉलोनी चर्च के फादर अमर मसीह तथा प्रमुख अनुयायी रविन्द्र ने बताया कि सेंट मेरी चतरोखड़ी, करसोग, बखरोट, अलसिंडी, चमुखा, हंडेटी, बैहली, कपाही, अप्पर भांबला के पास, कुम्मी, गुटकर, चक्कर, बाल्ट, बस अड्डा सुंदरनगर के पास, बरमाणा आदि के चर्च एवं हाऊस चर्च में भी इस संदेश के साथ विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई। पवित्र शास्त्र हमें बताता है कि हम सब जन्म से ही पाप की दशा में होते हैं इसलिए हम सबको पापों से छुटकारे की जरूरत है।इसी विश्वास के साथ विश्व भर में गुड फ्राइडे यीशु मसीह के बलिदान के रुप में,सब लोग याद करते हैं आगे यह भी बताया कि यीशु मसीह ने किसी जाति विशेष के लिए अपना बलिदान नहीं दिया था, क्योंकि हमारा विश्वास है कि हम सबका परमेश्वर एक ही है आज के दिन का पूरे विश्व में यही संदेश है। (अनंत ज्ञान)

# हिमकेयर के 14 करोड़ बकाया से उजागर हुई सुक्खू सरकार की संवेदनहीनता: जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**प्रदेश** की कांग्रेस सरकार की एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार नीतिगत रूप से दिशाहीन, प्रशासनिक रूप से अक्षम और नैतिक रूप से संवेदनहीन हो चुकी है। पीजीआई चंडीगढ़ जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थान को हिमकेयर योजना के तहत 14 करोड़ रुपए का भुगतान न करना कांग्रेस सरकार की निकम्मी कार्यप्रणाली और जनता के प्रति उसकी गैर-जिम्मेदारी का ताजा उदाहरण है।

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि हिमकेयर योजना गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए संजीवनी के समान थी। इस योजना के अंतर्गत हजारों लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती रही है। लेकिन सत्ता में आते ही कांग्रेस सरकार ने इस योजना को उपेक्षित कर दिया। 25 फरवरी, 2024 को हिमाचल सरकार ने पीजीआई के साथ एमओयू साइन किया, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी 14 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया। नतीजतन, अभी तक करीब 1478 मरीजों के लगभग का इलाज प्रभावित हुआ है। यह न केवल प्रशासनिक विफलता है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के प्रति क्रूर उपेक्षा भी है।

राकेश जम्वाल ने कहा कि जब जीबी (गवर्निंग बॉडी) जैसी संस्था को सरकार को वसूली के निर्देश देने पड़ें, तो यह किसी भी राज्य सरकार के लिए शर्म का विषय होना चाहिए। यह प्रमाण है कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार पूरी तरह निकम्मी, संवेदनहीन और गैर-जवाबदेह हो चुकी है।



**कांग्रेस सिर्फ सत्ता भोगने तक ही सीमित**

**राकेश** जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सवाल किया कि क्या गरीबों का इलाज कांग्रेस की प्राथमिकता में नहीं है? क्या चुनाव जीतने के बाद सरकार की जिम्मेदारी केवल सत्ता भोगने तक सीमित रह गई है? यदि नहीं, तो पीजीआई को अब तक भुगतान क्यों नहीं किया गया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की ये नाकामियां अब ज्यादा दिनों तक छुपने वाली नहीं हैं।

# बीएसएल नहर में गिरे सांभर का किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** की बीएसएल नहर में गिरने से बह रहे सांभर की स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल जान बचाई है। सांभर जंगल की तरफ से आते हुए धनोटू के निकट नहर में जा गिरा था। गिरने के बाद नहर का किनारा ऊंचा होने के कारण वह बार-बार प्रयास करने पर भी बाहर नहीं निकल पा रहा था। जब स्थानीय लोगों ने सांभर को नहर के तेज बहाव में बहते देखा तो उसकी जान बचाने के लिए वह रस्सी हाथ में लेकर पीछे दौड़े। लेकिन नहर किनारे फेंसिंग होने के कारण वह उसे रस्सी से बांधने में विफल होते रहें। करीब एक किलोमीटर तक बहते हुए जब सांभर जलाशय के कंट्रोल गेट पर पहुंच गया तो उसके बचने की संभावना न के बराबर हो गई। लेकिन युवाओं ने हिम्मत दिखाते हुए वहां अपनी जान को जोखिम में डालते हुए किसी तरह से सांभर को रस्सियों से बांधा और खींचकर बाहर निकाल दिया। जिसके बाद उसके पांव रस्सियों से बांध कर उसे जंगल में ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया गया।



# 20 वर्षीय लड़की की दोनों किडनियां फेल, परिवार ने लगाई मदद की गुहार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल की झमेहड़ पंचायत निवासी 20 वर्षीय तमन्ना गंभीर किडनी रोग से पीड़ित है। अत्याधिक ब्लड प्रेशर के चलते उसकी दोनों किडनियां फेल हो चुकी हैं। बीते छह माह से इलाज के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। अब डॉक्टरों ने नियमित डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी है, जिसके लिए करीब पांच लाख रुपए की आवश्यकता बताई गई है।

तमन्ना के पिता मखदूत राम और माता पद्मा देवी दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटी के इलाज का खर्च उठाना उनके लिए असंभव हो गया है। शुक्रवार को वह एसडीएम कार्यालय जोगिंद्रनगर पहुंचे और एसडीएम मनीष चौधरी से मिलकर प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि तमाम औपचारिकताओं को पूरा कर हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। परिवार ने समाज के दानी सज्जनों से भी मदद की अपील की है।

# फगवाड़ा के साहिल ने जीती छोटी माली

## रिस्सा में हुए दंगल में 150 पहलवानों ने दिखाया दमखम



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**रिस्सा** में हुए दंगल में 150 पहलवानों ने भाग लिया। इसमें नायब तहसीलदार जगदीश चंद ने मुख्यातिथि के तौर पर भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर रमेश कुमार शर्मा शामिल हुए। इस दंगल में स्थानीय लोगों के अतिरिक्त तहसील स्तर के विभिन्न जगहों से भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। माली में कई नामी पहलवानों ने भाग लिया।

कुश्ती प्रतियोगिता में छोटी माली पहलवान जगदीप पट्टी तथा साहिल फगवाड़ा के बीच हुई, जिसमें साहिल फगवाड़ा विजेता रहे। बड़ी माली का मुकाबला पहलवान सद्दाम कोहली व चमन पंडित के बीच हुआ। इसमें मुकाबला बहुत रोमांचक रहा और बहुत देर तक मुकाबला बराबरी पर छूटा। मेला कमेटी ने सभी पहलवानों को उचित राशि देकर पुरस्कृत किया।

कमेटी सदस्यों में सुवेर सिंह रावत,रोशन लाल शर्मा, पुर्ण चंद शर्मा, रगींला राम राव, बरफू राम राव, दिलीप चंद शर्मा, रविंद्र शर्मा, बालम राम शर्मा, सुभाष रावत, कुलदीप राव, सुनील कुमार शर्मा,अनूप वल्याणी, रणजीत सिंह, सुभाष शर्मा, संतोष रावत, मुनीष राव, मनोहर लाल, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# हिमाचली धरोहर से जुड़े पहलुओं को रचनात्मक रूप में किया प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**डीएवी पब्लिक स्कूल डडौर में सांस्कृतिक धरोहर दिवस का आयोजन**

**डीएवी** पब्लिक स्कूल (डडौर )में सांस्कृतिक धरोहर दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर इंटेक मंडी से (कन्वीनर) नरेश मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। उनके साथ अनिल शर्मा (को-कन्वीनर) कमल कांत, अजय सहगल, ललित कपूर एवं राजीव कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और उसमें गर्व की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर एक विशेष प्रदर्शनी (एग्जीबिशन) भी लगाई गई, जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों ने हिमाचली धरोहर से जुड़े विभिन्न पहलुओं को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया।

सांस्कृतिक विषयों पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें कक्षा 12वीं की यशस्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा 12वीं के अंश द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं से स्मृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागी छात्रों को मुख्य अतिथियों ने सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज की प्रशिक्षु नर्सों ने किया टॉप, हिमानी ने प्रदेशभर में झटका तीसरा स्थान

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

**हिमाचल** प्रदेश के अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी नेरचौक द्वारा ली गई नर्सिंग की परीक्षा में अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज टांडा की प्रशिक्षु नर्सों ने प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल किया है। जीएनएम प्रथम वर्ष 2023-25 बैच की हिमानी पुत्री कमल किशोर गांव बुशहर गलमा बल्ह ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है।

बीएससी छठे सेमेस्टर बैच 2021-25 बैच की अंजली पुत्री रमेश कुमार ने 9.52 एसजीपीए के साथ प्रदेशभर में प्रथम स्थान पाया है। इसी के साथ लवली पुत्री गंगा राम ने 8.95 एसजीपीए हासिल कर प्रदेश में तीसरा स्थान पाया है। शिक्षा पुत्री नील कमल ने 8.38 एसजीपीए के साथ कॉलेज में तीसरा स्थान हासिल किया है।



**बीएससी छठे सेमेस्टर की अंजली ने 9.52 एसजीपीए के साथ प्रदेशभर में हासिल किया प्रथम स्थान**

अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज की इन प्रशिक्षु नर्सों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अध्यापकों व कॉलेज प्रबंधन को दिया है। अध्यक्ष अभिलाषी शिक्षण समूह डॉ आरके अभिलाषी, निदेशक डॉ. ललित अभिलाषी, डॉ. नर्वदा अभिलाषी, डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, डॉ. नीलम, कार्यालय अधिकारी बीआर नायक, प्रधानाचार्य डॉ. दीपक शांडिल्य, उप प्रधानाचार्य निशा कुमारी व अन्य सभी कॉलेज अध्यापक व स्टाफ ने प्रदेशभर में मेरिट में स्थान पाने पर सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

# पंजाबी गायक भुल्लर ने नचाए स्टूडेंट्स

## दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 'फ्लेम्स 2025' का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय में चल रहे फ्लेम्स कार्यक्रम में हुई रात्रि संध्या में पंजाब के मशहूर गायक गुरनाम भुल्लर ने खूब धमाल मचाया। गुरनाम ने मंच पर पहुंचते ही पंजाबी गाने डायमंड, फोन मार दी , गुडियां पटोले, पागल, झांझर गाने गाकर खूब समां बांधा। वहीं इसी के साथ रॉक बैंड फिरडोस ने भी अपनी शानदार धुनों और गीतों से सबका मन मोह लिया। उनके परफॉर्मेंस के दौरान छात्र-छात्राएं झूमते नजर आए। वहीं, ईडीएम नाइट में डीजे नितिन की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिसने समां बांध दिया।

इसके साथ अभिलाषी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने 'फीट ऑन फायर' फैशन शो में विभिन्न परिधानों और आर्मी थीम पर रैंप वॉक की।



इस फैशन शो की प्रतिस्पर्धा के आधार पर मिस्टर अभिलाषी का खिताब अतीक व मिस अभिलाषी मुस्कान को चुना गया। वहीं मिस्टर पर्सनेलिटी साहिल व कृतिका मिस पर्सनेलिटी बने। वहीं मिस्टर हैंडसम नमन व मिस चार्मिंग प्रेरणा बने। बेस्ट कपल वॉक में प्रीति, विजय, ज्योति व गौरव को नवाजा गया।

इस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अभिलाषी यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ एलके अभिलाषी ने शिरकत की और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि कला, संस्कृति और नवाचार में भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता रहा है। इसी के साथ मुख्यातिथि ने विभिन्न प्रस्तुतियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।

# मंडी में धरोहरों के संरक्षण के लिए आगे आए युवा पीढ़ी: वीरेंद्र भट्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**विश्व** धरोहर दिवस ऐतिहासिक त्रिलोकीनाथ मंदिर पुरानी मंडी में पुरातत्व विभाग द्वारा मनाया गया। इसमें नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभाग द्वारा प्रदेश के संरक्षित मंदिरों व ऐतिहासिक धरोहरों की प्रदर्शनी लगाई गई।

इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों का पेंटिंग स्पर्धा भी करवाया गया जिसमें 42 छात्रों ने भाग लिया। सभी बच्चों द्वारा बहुत ही अच्छी-अच्छी पेंटिंग्स धरोहरों के ऊपर बनाई गई, जिसमें एसबीएम की छात्रा कनिका प्रथम डीएवी की रिदम द्वितीय और एसवीएम के प्रांशुल तृतीय स्थान पर रहे। सभी को



मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए, मुख्य अतिथि द्वारा अपने अभिभाषण में बच्चों को सभी को सर्वप्रथम विश्व धरोहर दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि बच्चे जो हमारे देश का भविष्य है उन्हें इन धरोहरों को बचाने के लिए आगे आना चाहिए। सभी मंदिरों के पुजारी और संचालन कमेटियों से भी निवेदन है कि जो मंदिर पत्थर से बने हैं उनके ऊपर पेंट इत्यादि न करें ताकि उनकी प्राचीन वैभव बना रहे। इस अवसर पर सहायक पुरातत्व अधिकारी विजय बौद्ध सहायक संरक्षण अधिकारी लक्ष्मी चंद्र, राहुल कुमार सहित कई उपस्थित रहे।

**जागरूक** नशे को रोकने के लिए लगाई दौड़, नशामुक्ति अभियान समिति धर्मपुर ने किया आयोजन

# दस किलोमीटर दौड़ में बिलासपुर के अनीश ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**प्रदेश** में बढ़ते नशे के कहर से बचने, अभिभावकों व युवाओं को जागरूक करने के लिए धर्मपुर खंड नशामुक्ति समिति ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस बांदल से कमलाह गलू तक हिमाचली धावकों को विभिन्न आयु वर्ग में राज्य स्तरीय रोड रेस हुई। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के 118 युवा-युवतियों ने भाग लिया।

इनमें 87 युवा और 31 युवतियों ने भाग लिया। दौड़ को सुंदरनगर निवासी सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. पदम गुलेरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एवं परशुराम खेल मैडल विजेता पुष्पा ठाकुर भी शामिल हुई।

- **विधायक चंद्रशेखर ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित**
- **समिति ने पूर्व एथलीट मनोज को इलाज के लिए दिए 21 हजार रुपए**

मुख्यातिथि ने पहले दस स्थानों तक आने वाले सभी वर्गों के विजेताओं में डेढ़ लाख रुपए से अधिक के नकद इनाम विधायक चंद्रशेखर ने बांटे। दस किलोमीटर दौड़ में बिलासपुर के अनीश प्रथम, हटगढ़ के रोहित और नागेंद्र दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इन्हें 51, 41 और 31 सौ रुपए की राशि दी। बीस वर्ष से कम आयु वर्ग युवा वर्ग में हटगढ़ के राहुल कुमार और नितेश शन्धु प्रथम और दूसरे स्थान व उदय ढिल्लो तीसरे स्थान पर रहे जिन्हें 41, 31 और 21 सौ रुपए इनाम व 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में हमीरपुर के आर्यन चौहान प्रथम, बिलासपुर के अनमोल कुमार दूसरे व हटगढ़ के गौरव तीसरे स्थान पर रहे। 16 साल से कम आयु वर्ग में हमीरपुर के प्रंकुल बिलासपुर के राहुल व पंकज शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। सभी वर्गों में चौथे से दसवें स्थान पर आने वाले को भी इनाम दिए गए। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश नेटवाल टीम को प्रथम बार पदक जीतने पर सम्मानित किया गया।



इसमें अधिकांश खिलाड़ी धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के हैं। वहीं बीमारी से पीड़ित डरवाड़ निवासी पूर्व एथलीट मनोज वर्मा को नशा मुक्ति अभियान समिति के अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी ने इलाज के लिए 21 हजार रुपए सहायता राशि भी प्रदान की गई। इसे सफल बनाने में धर्मपुर नशा मुक्ति समिति के साथ-साथ इस दौड़ का प्रबंधन में मंडी साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति, हिमाचल वैटरन इंडिया संघ व स्थानीय जनता का भरपूर सहयोग दिया है।

इसके अलावा स्वास्थ्य, जल शक्ति एवं लोक निर्माण व पुलिस प्रशासन, वेटरन इंडिया व पुलिस व अन्य विभागों ने भी दौड़ को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष रणताज राणा ने मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों सहित अन्य लोगों का स्वागत किया। विधायक ने नशामुक्ति के लिए किए गए इस प्रयास के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया।

# वोल्टेज बढ़ने से जले बिजली के उपकरण

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



गगरेट में बिजली उपकरण जलने पर रोष प्रदर्शन करते स्थानीय निवासी।

आंधी-तूफान के बीच गगरेट कस्बे में चरमराई बिजली आपूर्ति व्यवस्था को जैसे-तैसे सुचारु करने के बिजली बोर्ड के प्रयास के बीच शुक्रवार को कई बिजली उपभोक्ताओं को गहरा झटका लगा। अचानक वोल्टेज बढ़ जाने के चलते कई बिजली उपभोक्ताओं के बिजली उपकरण जल गए, जिसे लेकर बिजली उपभोक्ताओं में रोष पनप गया और बिजली उपभोक्ताओं ने बोर्ड के खिलाफ जमकर विरोध किया।

बुधवार रात्रि आए तेज तूफान से कई पेड़ गिर जाने के चलते बिजली लाइनों भी क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि, कम स्टाफ के बीच बिजली बोर्ड ने शुक्रवार को जुगाड़ की प्रक्रिया अपनाते हुए कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति सुचारू की, लेकिन इस बीच सही ढंग से काम न होने का खामियाजा बिजली उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ा। गगरेट कस्बे के ऊना रोड पर टूटी बिजली लाइनों की मरम्मत करते हुए वीरवार शाम तक बिजली आपूर्ति तो सुचारु कर दी, लेकिन इस बीच एक तार दूसरी तार से न टकराए, इसके लिए बिजली लाइनों में स्पेसर डालना भूल गए, जिसका परिणाम यह निकला कि एक ट्रक के वहां से गुजरते समय तारें आपस में टकराईं और न्यूट्रल फेज की तार टूट गई, जिसके चलते लाइनों में हाई वोल्टेज करंट दौड़ गया। इसके चलते कई घरों में टीवी, फ्रिज, पंखे व अन्य बिजली उपकरण जल गए। इससे लोगों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। इसी नुकसान के चलते बिजली उपभोक्ता विभाग को कोसते हुए घरों से बाहर निकल गए। इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं ने खूब प्रदर्शन किया। इस दौरान मधुसूदन जसवाल की वाशिंग मशीन व एलईडी वाच, बिल्लू का पंखा, मेघी का फ्रिज व पंप, मंजीत सिंह का गीजर, जसदेव सिंह का पंखा, होशियार सिंह का पंखा, गीजर, विजय का फ्रिज, एलईडी टीवी व अभिषेक के पंखे सहित करीब पंद्रह उपभोक्ताओं के बिजली उपकरण जलकर खराब हो गए। नगर पंचायत गगरेट के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद सुरेंद्र सिंह, विजय कुमार, सुभाष कुमार, रोबिन सिंह, विशाल ठाकुर, अवतार सिंह, अभिषेक शर्मा व समीर जसवाल ने आरोप लगाया कि अगर बोर्ड ने बिजली की तारें ठीक करते समय स्पेसर लगाए होते, तो शायद ये नुकसान न होता। उन्होंने विभाग से उपभोक्ताओं को हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। उधर, बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता अभिलाष सिंह का कहना है कि ट्रक के तारों को छूने के चलते न्यूट्रल वायर टूट गई। हालांकि, विभाग फिर से मरम्मत को अंजाम देने में लगा हुआ है।

## डिप्टी सीएम आज कुटलैहड़ के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री आज कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। यह दौरा विकास कार्यों की समीक्षा, जनता से सीधा संवाद और धार्मिक आस्थाओं को मजबूती प्रदान करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 3 बजे डिप्टी सीएम चताड़ा गांव में स्थित प्राचीन बनोड़े महादेव मंदिर पहुंचेंगे, जहां मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा की जाएगी।

बनोड़े महादेव मंदिर क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रतीक है। वर्षों से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। डिप्टी सीएम के दौरे से मंदिर के विकास और क्षेत्रीय धार्मिक पर्यटन को भी नई दिशा मिल सकती है। मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ-साथ परिसर में मूलभूत सुविधाओं के विकास की भी योजना है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर डिप्टी सीएम क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। वे अधिकारियों से बातचीत कर अब तक के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेंगे और आगे की योजनाओं पर भी चर्चा करेंगे। डिप्टी सीएम के साथ स्थानीय विधायक विवेक शर्मा भी मौजूद रहेंगे। विधायक विवेक शर्मा के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्रीय मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की जाएगी। इस दौरे की जानकारी कांग्रेस के राज्य प्रवक्ता डॉ. विजय डोगरा ने दी।

# राज्य स्तरीय हरोली उत्सव 27 से

## राज्यपाल करेंगे शुभारंभ, सीएम समापन समारोह में होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली की धरती एक बार फिर से कला-संस्कृति के उत्सवी रंगों में सजने को तैयार है।

उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री की प्रतिबद्धता और सतत प्रयासों से सात वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय हरोली उत्सव को मनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। बता दें कि, उत्सव का आयोजन 27 से 29 अप्रैल तक हरोली के कांगड़ मैदान में होगा। तीन दिवसीय उत्सव का उद्घाटन 27 अप्रैल को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे व इसका आगाज भव्य शोभायात्रा से होगा, जबकि समापन 29 को मुख्यमंत्री सुक्खू की उपस्थिति में होगा। 28 को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बतौर मुख्यातिथि समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। डीसी जतिन लाल ने बताया कि उत्सव की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं और इसे भव्यता देने के लिए प्रशासन, विभिन्न विभागों और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया गया है।

### भव्य आयोजन के लिए किए जा रहे प्रयास



**वहीं,** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि लोक संस्कृति और लोक उल्लास के इस उत्सव को जनभागीदारी और जनसहभागिता का उत्सव बनाने के साथ इसके भव्य आयोजन के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। यह उत्सव हमारे लिए महज एक आयोजन से बढ़कर भावनाओं का ऐसा सरोवर है, जिसमें हमारी संस्कृति, परंपराएं, लोक-चेतना और सामूहिक उल्लास मिलकर बहते हैं। यहां कलाओं को प्रश्रय, कलाकारों के लिए मंच तथा उनकी कला साधना को सम्मान मिलेगा।

### 27 से 29 अप्रैल तक हरोली के कांगड़ मैदान में होगा आयोजित

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान अन्य आयोजनों के अलावा खेल प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी, व्यवसायिक स्टॉल, स्वास्थ्य कैंप, कृषि एवं पशुपालन विभाग की प्रदर्शनियों के भी आयोजन होंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। तीनों दिन भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। लोकगीतों, नाट्य विधाओं, नृत्य और गायन की विविध रंगों से सजे ये सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्सव की शोभा बढ़ाएंगे। इस उत्सव को जनसहभागिता का उत्सव बनाने की पूरी तैयारी है।

आने वाले दिनों में प्रशासन कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा और सांस्कृतिक संस्थाओं के कलाकारों की सूची भी जारी करेगा। डीसी ने जनता से इस उत्सव में बढ़-चढ़कर शामिल होने और कार्यक्रमों का आनंद लेने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### चौकीमन्यार स्कूल में नए सत्र की हुई शुरुआत



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** चौकीमन्यार स्थित एक निजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 का प्रारंभ मां सरस्वती के चरणों में नमन कर हुआ। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रांगण में हवन-पूजा-पाठ का आयोजन किया गया। नए सत्र की शुरुआत के पहले दिन विद्यालय आगमन पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने स्टूडेंट्स का तिलक लगाकर स्वागत, सत्कार किया और इसी दौरान हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। प्रधानाचार्य जगदीश चंद धीमान ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर पुष्पा अर्चन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और अच्छे विचार आते हैं। इसी दौरान प्रधानाचार्य ने सभी स्टूडेंट्स को नवीन सत्र की शुभकामनाएं दीं और बच्चों से अनुशासन में रहते हुए मेहनत से पढ़ने की भी प्रेरणा दी।

### गोकुल बुटेल के जन्मदिन पर बांटे फल

**अनंत ज्ञान, घनारी।** कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव गोकुल बुटेल के जन्मदिन पर प्रदेश युवा बोर्ड के पूर्व निदेशक देवी लाल ने वीरवार को गगरेट के सिविल अस्पताल में जाकर मरीजों में फल वितरित किए। उन्होंने इसके पश्चात द्रोण शिव मंदिर गगरेट में पूजा-अर्चना क। देवी लाल ने बताया कि गोकुल बुटेल प्रदेश में मात्र ऐसी शख्सियत हैं, जो अमेरिका में करोड़ों रुपए के पैकेज की नौकरी छोड़कर किसी भी भत्ते और तनख्वाह के बिना मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार आईटी के पद पर रहकर प्रदेश की सेवा कर रहे हैं, जहां आज के समय में हर आदमी पैसे की दौड़ में भागा जा रहा है। वहीं यह करोड़ों रुपए का नुकसान करवाकर और बिना किसी तनखाह के बिना प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं।

### रैड़ा-पैड़ा मार्ग की हालत सुधारने की मांग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** अंतराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने शहीद कैप्टन अमोल कालिया रैड़ा-पैड़ा सड़क मार्ग का काम जल्द शुरू करने के लिए लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों से गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि नाबॉर्ड द्वारा इस लिंक रोड के लिए छह से सात महीने हो गए। इस मार्ग को बरसात से पहले बना देना चाहिए, ताकि यहां के लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। इसके लिए उन्होंने चीफ इंजिनर हमीरपुर व लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों से भी बात की कि इस सड़क मार्ग पर जल्द काम शुरू किया जाए। शर्मा ने कहा कि पैसा सेंक्शन होने के बाद भी इतना समय नहीं लगना चाहिए।

### युवक का रास्ता रोककर की पिटाई

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट उपमंडल के कलोह गांव के एक युवक की कुछ युवकों ने रास्ता रोक कर पिटाई कर डाली। युवक डीजे संचालन का काम करता है और वीरवार रात्रि वह पंजावर में एक समारोह में डीजे लगाकर वापस अपने घर आ रहा था। गगरेट पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। कलोह गांव के सुमित जसवाल ने गगरेट पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वीरवार को पंजावर गांव में एक समारोह में वह डीजे लगाने गया था, जब डीजे लगाकर वापस अपने घर आ रहा था, तो करीब एक बजे जाड़ला गांव में रिक्की व इसके साथियों ने उसका रास्ता रोक लिया और बिना कारण मारपीट शुरू कर दी। यही नहीं उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकियां दीं। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जमासनी मंदिर में स्टूडेंट्स ने भजनों से बांधा समां



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** सेना में हमीरपुर व मंडी एआरओ में 81 युवा चयनित हुए। अग्निवीरों की सफलता के उपलक्ष्य पर अकादमी ने वार्षिक पैदल यात्रा डीजे साउंड के साथ अकादमी मैदान बंगाणा से मंदिर जमासनी तक निकाली। ऐसे में अकादमी प्रबंधक मनोज ने झंडा चढ़ाकर मां के दरबार में चयनित युवाओं व परिजनों सहित पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर अकादमी के स्टूडेंट्स ने मां के भजनों से समा बांध दिया। प्रबंधक मनोज ने युवाओं से कहा कि देश सेवा के लिए अंदर की देवी शक्ति का होना अति आवश्यक है, जो तन-मन विचारों से पवित्र व बलवान है। वहीं, मां भारती के सेवा के योग्य है। इस अवसर पर अकादमी के मुख्याध्यापक साहिल शर्मा, अनिता कुमारी, मीना ठाकुर, राहुल राणा, आदित्य ठाकुर, प्रशांत राणा, विपुल राणा, कुशल शर्मा, अभिषेक, रोहित शर्मा, अभय, रिशू कुमार, हर्ष कुमार, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

### नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस रच रही ड्रामा : बलबीर

**अनंत ज्ञान, अंब।** नेशनल हेराल्ड केस कांग्रेस के आला नेताओं की असलियत को दिखाता है। पांच हजार करोड़ की प्रापर्टी को पचास लाख में खरीदे जाने का आरोप है। कांग्रेस नेतृत्व मामले की जांच से बचने के लिए बेशक जितना मर्जी ड्रामा रच ले, लेकिन उन्हें मुंह की खानी पड़ेगी। शुक्रवार को अंब में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात पूर्व विधायक एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली यह कहावत कांग्रेस नेतृत्व पर चरितार्थ हो रही है। नेशनल हेराल्ड संस्था पर वर्ष-2012 में तत्कालीन मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री के कार्यकाल के समय मामला दर्ज हुआ था। लेकिन, हिमाचल सरकार के उपमुख्यमंत्री तथ्यों से विपरीत बयानबाजी कर देश की जनता को बेवकूफ नहीं बना सकते। उपमुख्यमंत्री सारे घटनाक्रम को बारीकी से अध्ययन कर फिर मीडिया में जाएं, तो बेहतर होगा।

# प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में हुआ नवजात का अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बंगाणा उपमंडल के अंतर्गत अप्पर धुंधला गांव में तालाब से बरामद नवजात का टांडा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को विधिपूर्वक से अंतिम संस्कार किया। इस दौरान एसडीएम बंगाणा अमित कुमार, थाना प्रभारी रोहित चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यकारी एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि जांच में तेजी लाने के लिए विशेष टीम गठित की जाएगी। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने कहा कि अस्पतालों और निजी क्लीनिकों से भी इस संबंध में जानकारी मांगी है। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ अपराध है।

पुलिस इस मामले को सुलझाने और दोषी को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अमित कुमार ने बताया कि छह दिन पूर्व अप्पर धुंधला गांव के तालाब में स्थानीय लोगों ने नवजात शिशु का शव देखा। इसकी सूचना तुरंत थाना बंगाणा को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर प्रारंभिक जांच शुरू की। जांच में यह सामने आया कि शिशु के गले में पत्थर बंधा हुआ था, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई। नवजात का शव पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट स्पष्ट करेगी कि शिशु को जीवित फेंका गया था या उसकी हत्या कर शव को पानी में डाला गया। इसी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने बताया कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की फुटेज को खंगाला जा रहा है। साथ ही, आसपास के गांवों से जानकारी जुटाई जा रही है कि कहीं किसी महिला की डिलीवरी हुई हो और बच्चा लापता हो गया हो। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों से भी इस संबंध में जानकारी मांगी गई है।

## भंजाल स्कूल में लेक्चररों ने संघ की सदस्यता की ग्रहण

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में स्कूल लेक्चरर संघ की सदस्यता अभियान के अंतर्गत स्थानीय पाठशाला के स्टाफ सदस्यों ने लेक्चरर संघ की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर लेक्चरर राजन शर्मा, अनु शर्मा, सीमा सोहाल, रमणीक बंसल, सुरेश ठाकुर, मुकेश कुमार, अंकुर सूद, मनोज कुमार, संदीप कुमार, सुनीता कुमारी राजन कुमार, मधु बाला उपस्थित रहे। लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि जिला कार्यकारिणी के महासचिव शशि सैनी व टीम ने गगरेट ब्लॉक का दौरा किया, जिसमे लेक्चरर वर्ग में लेक्चरर संघ की सदस्यता को लेकर भारी उत्साह देखा गया। इसके अतिरिक्त प्रांतीय प्रेस एवं सगठन सचिव राजन शर्मा ने बताया कि 10 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाना कला में जिला कार्यकारिणी का चुनाव होगा और उसके बाद 18 को प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव होगा। राजन शर्मा ने बताया कि चुनाव सुचारु रूप से करवाने के लिए अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं।

# सप्ताह में कोटला कलां व आसपास के क्षेत्रों में आधा दर्जन दुकानों के टूटे ताले

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कुटलैहड़ के प्रवेश द्वार कहलाने वाले कोटला कलां व साथ एरिया में बीते एक सप्ताह के भीतर चोरी की कई घटनाएं सामने आई हैं।

इन क्षेत्रों में चोरों ने लगभग आधा दर्जन दुकानों के ताले तोड़कर नकदी पर हाथ साफ किया है। लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय व्यापारी वर्ग में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोर रात के अंधेरे में हाईवे पर दुकानों को निशाना बनाकर दुकानों के ताले तोड़ रहे हैं और पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। पिछले एक हफ्ते से लगभग हर दूसरे दिन दुकानों के ताले तोड़े जा रहे हैं। कोटला क्षेत्र में किराना, हलवाई, केमिस्ट शॉप, पार्लर और हार्डवेयर की दुकानों को चोरों ने एक हफ्ते में निशाना बनाया है, लेकिन पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। विभिन्न सीसीटीवी कैमरों में कैद तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है चोर काले कपड़े पहनकर सड़कों पर बेखौफ होकर घूम रहे हैं।

यह चोर रात के अंधेरे में काले कपड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि अंधेरे का फायदा उठाया जा सके। पुलिस को चकमा देने के लिए चोर पैदल ही चोरी करने के स्थान पर पहुंचते हैं और चोरी कर भाग जाते हैं। स्थानीय लोगों ने सुबह-सुबह कुछ संदिग्ध युवकों को काले कपड़ों में देखा है। स्थानीय निवासियों व व्यापारियों का कहना है कि चोर बेखौफ होकर इलाके में घूम रहे हैं और पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# भाजपा ने किया चौतरफा विकास कांग्रेस ने किया विनाश : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने कहा कि देश में जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से देश के हर कोने में विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के हर वर्ग को एक समान प्राथमिकता दी है। बात चाहे किसान निधि योजना की हो या पक्के मकान बनाने की हो या हर घर शौचालय, भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले दस सालों में भाजपा सरकार में एक भी घोटाला नहीं हुआ है। ये हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए 2004-2014 के स्वर्गीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल को खोया हुआ दशक करार दिया है। अरुण कौशल ने कहा, पूरे 70 साल को एक तरफ रखकर, अगर हम केवल 2004-14 के पिछले कार्यकाल को देखें, तो वह एक खोया हुआ दशक था, तब सरकार का नेतृत्व स्वर्गीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह कर रहे थे, लेकिन उन्होंने अपने शासन में होने वाले सभी भ्रष्टाचारों पर आंखें मूंद ली थीं। उन दिनों देश की अखबार भ्रष्टाचार की खबरों से भरे रहते थे, जिसे देखकर हर भारतीय का सिर शर्म से झुक जाता था।

अरूण ने अरोप लगाया, कांग्रेस के शासनकाल में 1.86 लाख करोड़ रुपए का कोयला घोटाला, 1.76 लाख करोड़ रुपए का 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला,10 लाख करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला, 70,000 करोड़ रुपए का कॉमनवेल्थ घोटाला, इटली से हेलिकॉप्टर सौदे में 362 करोड़ रुपए की घूस आदि हुए हैं।

## कुटलैहड़ के बंगाणा स्कूल में बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आगाज

# आकाश टीम ने तनोह को 14-11 से हराया



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन बंगाणा स्कूल में खेल प्रेमियों और समाजसेवियों के लिए एक प्रेरणादायक अवसर बनकर सामने आया है।

इस टूर्नामेंट का उद्देश्य केवल खेल को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि युवाओं को नशे की लत से दूर रखना और उन्हें एक सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना है। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जो स्थानीय प्रतिभाओं के साथ-साथ क्षेत्र के खेल विकास को भी बढ़ावा देने का कार्य कर रही हैं। टूर्नामेंट का शुभारंभ राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने किया।

उन्होंने युवाओं के बीच अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। अजय ने अपने संबोधन में आयोजकों के प्रयासों की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने की यह मुहिम न केवल समय की मांग है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य देने की दिशा में एक मजबूत कदम भी है। बृजेश राणा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें खेलकूद की तरफ प्रेरित करना है। अजय ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट केवल खेल का आयोजन भर नहीं होते, ये समाज में जागरूकता लाने के मजबूत माध्यम बनते हैं। वहीं, प्रथम मैच में आकाश टीम लखरूंह ने तनोह टीम को 14-11 से हराकर मैच जीत लिया।

## सिंगा में लखदाता पीर का जन्म समारोह 24 को

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली उपमंडल के तहत पड़ते ग्राम पंचायत सिंगा में लखदाता पीर का जन्म समारोह 24 अप्रैल को मनाया जाएगा।

गद्दीनशीन ज्ञानी बाबा सिंगा एवं प्रधान ग्राम पंचायत सिंगा ने बताया कि 24 अप्रैल वीरवार को हर वर्ष की तरह लखदाता लाला वाले पीर का जन्म समारोह मनाया जाएगा। इसमें पंजाब के गायक प्रसिद्ध गुरी धालीवाल पीर की महिमा का गुणगान करेंगे। उसके उपरांत जन्म समारोह के उपलक्ष पर 72 किलो का केक काटा जाएगा। केक काटने की रस्म बीबी हरबंसी देवी डेरा गोलणी पंजाब, बलबीर कुमार, शारदा पस्सीबाल व प्रधान व सदस्य ग्राम पंचायत सिंगा करेंगे। इस अवसर पीर का लंगर अटूट चलेगा।

**परेशानी** पूर्व विधायक के पोस्टर फाड़ने का सिलसिला शिलान्यास पट्टिकाओं की तोड़फोड़ तक पहुंचा

# पूर्व मुख्यमंत्री के नाम पर लगी शिलान्यास पट्टिका तोड़ी

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाले लोहारली-चरूड़ू पुल की शिलान्यास पट्टिका ही तोड़ डाली।

गगरेट विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के पोस्टर फाड़ने का सिलसिला अब शिलान्यास पट्टिकाओं की तोड़फोड़ तक पहुंच गया है।

वीरवार रात्रि अज्ञात लोगों ने गगरेट के लोहारली-चरूड़ू पुल के लिए पूर्व सरकार में लगी पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नाम की शिलान्यास पट्टिका भी अज्ञात लोगों ने तोड़ दी। पट्टिका में सांसद अनुराग सिंह ठाकुर व तत्कालीन विधायक राजेश ठाकुर के नाम भी अंकित थे। लोक निर्माण विभाग द्वारा इसकी लिखित शिकायत गगरेट पुलिस थाना में किए जाने पर गगरेट पुलिस ने इस प्रकरण की जांच आरंभ कर दी है। पिछले कुछ दिनों से गगरेट क्षेत्र में पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के जगह-जगह लगे पोस्टर व फ्लेक्स को फाड़ने का सिलसिला जारी था। इसे लेकर भी पूर्व विधायक के समर्थक कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे थे कि वीरवार रात्रि किसी ने सीआरएफ के तहत दो

इसे लेकर भाजपा कार्यकर्ता भी आग बबूला हो गए हैं। माना जा रहा है कि यह शरारत एक-दूसरे धड़े को नीचा दिखाने के लिए हो सकती है। जाहिर है कि शिलान्यास पट्टिका भी सरकारी संपत्ति थी, जिसे तोड़ना सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के बराबर है। इससे पहले भी शरारती तत्व क्षेत्र में कई जगह शिलान्यास पट्टिकाएं तोड़ चुके हैं, लेकिन अब काफी समय बाद गगरेट क्षेत्र में फिर से शिलान्यास पट्टिकाएं तोड़ने का सिलसिला फिर से शुरू हुआ है। कांग्रेस ने भी इस प्रकरण की निंदा की है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पंचायत समिति सदस्य अनिल डढवाल का कहना है कि किसी भी सरकार के समय स्तापित की गई शिलान्यास पट्टिकाओं को तोड़ना अति निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकरण की जांच होनी चाहिए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, भाजपा नेता अमन सांख्यान का कहना है कि कुछ लोग पूर्व विधायक की जनता में पैठ देखकर परेशान हैं इसलिए ही कभी उनके पोस्टर फाड़े जा रहे हैं और अब शिलान्यास पट्टिका तोड़ी गई है। ऐसा कर वह राजेश ठाकुर की लोकप्रियता कम नहीं कर सकते। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौरव शर्मा का कहना है कि इसकी लिखित शिकायत पुलिस को दे दी है। उधर, एसएचओ सन्नी गुलेरिया का कहना है कि शिलान्यास पट्टिका तोड़ने की शिकायत मिली है। पुलिस इस प्रकरण की जांच कर रही है।

# 80 लोगों का जांचा स्वास्थ्य, 45 के किए लैब टेस्ट, दी मुफ्त दवाइयां



**अनंत ज्ञान, भरसाली/हरोली**

हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव भरसाली में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर्स की उपस्थिति से समर्पण और जनहित का विशेष संदेश देखने को मिला। स्वास्थ्य शिविर का संचालन डॉ. प्रदीप (हरोली) और उनकी टीम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. प्रदीप ने उपस्थित लोगों को हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। शिविर में कुल 80 लोगों की जांच की गई, जिसमें से 45 लोगों के लैब टेस्ट किए गए। सभी मरीजों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस सेवा से लाभान्वित हुए ग्रामीणों ने प्रयास संस्था और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया और इसे ग्रामीण स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल बताया।

हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) से बचाव के लिए नमक का सेवन कम करें, तनाव से बचें, ध्यान या योग करें, नियमित व्यायाम करें (30 मिनट रोजाना), धूम्रपान और शराब से दूर रहें, फल और हरी सब्जियां अधिक खाएं, नियमित ब्लड प्रेशर चेक कराते रहें और दवाएं समय पर लें।

## न्यूज ब्रीफ

### अमर को नगर परिषद कर्मचारी संघ की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद कुल्लू कर्मचारी संघ के चुनाव पूर्व अध्यक्ष रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इसमें अमर चंद को नगर परिषद कुल्लू कर्मचारी संघ की कमान मिली। संघ के नवनिर्मित प्रधान अमरचंद ने बताया कि नगर परिषद कर्मचारी संघ के चुनाव हुए जिसमें सोनू वरिष्ठ उपप्रधान, लता उपप्रधान, सचिव आरती, सह सचिव मोर सिंह, कोषाध्यक्ष रूप चंद व सह सचिव निर्मल देवी को चुना गया। वहीं, यशपाल शर्मा को सलाहकार चुना गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही बाकी की कार्यकारिणी का विस्तरिक किया जाएगा।

### नीलम को राष्ट्रपति पुलिस पदक मिलने से खुशी



**अनंत ज्ञान, आनी।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात निरमंड विकास खंड के बायल गांव निवासी नीलम चंद को उनकी सराहनीय एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं प्रशस्ति पत्र मिलने से पूरे निरमंड क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर व्याप्त है। नीलम चंद को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की ओर से उक्त मेडल एवं प्रशस्ति पत्र अभी हाल ही में नीमच मध्य प्रदेश में आयोजित सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस परेड समारोह के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रसाद सिंह (आईपीएस) द्वारा प्रदान किया गया है।

### त्रिलोकीनाथ में पार्किंग के लिए जगह चिन्हित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने धार्मिक पर्यटक स्थल त्रिलोकीनाथ में प्रशासन व जनप्रतिनिधियों और जनता के साथ मिलकर पार्किंग के लिए जगह का चयन किया। उन्होंने बस अड्डा त्रिलोकीनाथ का निरीक्षण किया और उसके सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासन को निर्देश दिए। विधायक ने त्रिलोकीनाथ में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने उदयपुर में टेक्सी ऑपरेटरों की मांग पर टेक्सी पार्किंग के लिए भी स्थान चिह्नित कर उसे समतल करने के प्रशासन को निर्देश दिए।

### सेल्फी के चक्कर में नदी में फंसा युवक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पर्यटन नगरी मणिकर्ण घाटी के कसोल में सेल्फी लेने के चक्कर में एक पर्यटक के नदी में गिरने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एक युवक जो नदी के बीच एक पत्थर पर खड़े होकर सेल्फी लेने का प्रयास कर रहा था। अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह फिसलकर नदी में जा गिरा। तज बहाव के बीच युवक नदी के बीच एक पत्थर में फंस गया। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और टीम ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। उधर, एसपी कुल्लू ने बताया कि युवक को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया है। उन्होंने पर्यटकों से नदी नालों से दूर रहने और नदी किनारे सेल्फी लेने का रिस्क न उठाने की अपील की है।

### वन अधिकार कानून को लेकर 28 को प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड में हिमाचल किसान सभा और हिमाचल सेब उत्पादक संघ की खंड इकाई की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में 28 अप्रैल को होने वाले प्रदर्शन की रणनीति पर चर्चा हुई। यह प्रदर्शन जमीन से बेदखली और तालाबंदी के खिलाफ तथा वन अधिकार कानून 2006 को लागू करने की मांग को लेकर होगा। पूर्व राज्यसभा सांसद और वन अधिकार कानून 2006 की सदस्या वृंदा करात का विशेष योगदान रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। वन विभाग के एक अधिकारी ने सभी उपायुक्तों को पत्र भेजकर एफआरए को लागू न करने और सेब की खेती को वन अधिकार के तहत मलकाना हक न देने की बात कही थी।

# मनाली में बूंदाबादी, ऊंची चोटियों पर हिमपात

## सुबह खिली धूप तो शाम को मौसम ने बदली करवट, तापमान में गिरावट



**अनंत ज्ञान टीम मनाली/केलांग**

पर्यटन नगरी मनाली में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम में आए बदलाव के चलते कुल्लू-मनाली में बादल छाने के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं, लाहौल की ऊंची चोटियों और दर्रों पर हल्के बर्फ के फाहे गिरे, जिससे तामपान में फिर गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल की ऊंची चोटियों सहित कुंजम, बारालाचा, शिंकुला दर्रों पर हल्का हिमपात हुआ है। जहां मैदानों में गर्मी बढ़ती जा रही है, वहीं मनाली और लाहौल की ऊंची चोटियों पर हर तीसरे दिन हो रहे हल्के हिमपात के चलते मौसम ठंडा बना हुआ है।

यही कारण है कि बाहरी राज्यों से मनाली आने वाले पर्यटकों का आंकड़ा धीरे-धीरे बढ़ रहा है जो वीकेंड पर काफी उछाल के साथ दो से तीन गुना हो रहा है। चोटियों पर बर्फबारी के चलते पारा 2 से 3 डिग्री तक नीचे आ गया है। शुक्रवार दोपहर बाद शीतलहर चली और लाहौल के पर्यटक स्थलों से पर्यटकों ने जल्दी ही मनाली का रुख कर लिया।

यूपी के लखीमपुर से मनाली पहुंचे पर्यटकों अफजल सैयद और करीम अजीज ने बताया कि लखीमपुर और मनाली के मौसम में दिन-रात का फर्क है, वहां पारा 35 डिग्री के पार पहुंच गया है, लेकिन यहां मौसम काफी ठंडा है, साथ ही लाहौल में काफी बर्फ है जिसका वे खूब आनंद ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल की खूबसूरती के साथ-साथ यहां का मौसम भी बहुत बढ़िया है जो पर्यटकों को आकर्षित करता है।

पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल घाटी में शुक्रवार सुबह धूप खिली लेकिन दोपहर बाद घाटी में बादल छा गए। मौसम के करवट बदलते ही रोहतांग सहित ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरना शुरू हो गए। पर्यटन नगरी मनाली में तेज हवाओं ने बागवानों की चिंता बढ़ गई है। शाम को रोहतांग दर्रे सहित धुंधी, मकरवेद, शिकरवेद, सैवन सिस्टर पीक, मनाली पीक, लद्दाखी पीक, हनुमान टिब्बा, देउ टिब्बा, मांगन कोट, फ्रैंडशिप पीक, रोहतांग के उस पार बारालाचा, शिंकुला जोत, कुंजम जोत, छोटा व बड़ा शिघरी ग्लेशियर, लेडी ऑफ केलांग व नीलकंठ की पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे।

घाटी के बागवान चुनी लाल व जगदीश ने बताया कि सेब के फ्लावरिंग के दौरान बारिश से वह चिंतित हैं। उन्हें डर है कि इससे सेब की सैटिंग पर असर पड़ सकता है और फसल को नुकसान हो सकता है। दूसरी ओर हल्के हिमपात के बीच शिंकुला दर्रे में वाहनों की आवाजाही सुचारु रही, जबकि रोहतांग, कुंजम व बारालाचा दर्रे की बहाली के कार्य जारी है।

# सभी पेंशनर्स को एरियर का हो एकमुश्त भुगतान : गुलशन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ खंड भुंतर की मासिक समीक्षा बैठक भुंतर में खंड अध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

पेंशनर्स ने प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2021 तक संशोधित वेतनमान के एरियर का भुगतान सहित लंबित 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की दो किस्तें जारी न करने तथा पिछले 82 महीनों का देय मंहगाई भत्ते के बकाया एरियर का भुगतान अनावश्यक रूप से लटकाने पर प्रदेश सरकार के प्रति गहरी नाराजगी जताई।

प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि संघ राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों को चरणबद्ध तरीके से संशोधित वेतनमान के एरियर का भुगतान करने के निर्णय से सहमत नहीं है, बल्कि सभी पेंशनर्स को एरियर का एकमुश्त भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने हैरानी जताई कि एक तरफ तो प्रदेश सरकार खजाना खाली बता रही है, जबकि मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के वेतन भत्ते अपनी सुविधानुसार बढ़ाने हेतु सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा एकजुट होकर चंद मिनटों में ही ध्वनिमत से निर्णय ले लिया जाता है।

# लाहौल घाटी के भुजूंड बूथ में 44 लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रवि ठाकुर रोजाना जिलेभर गांव-गांव में कार्यकर्ताओं के साथ जाकर लोगों को भाजपा की कल्याणकारी नीतियों व कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में अवगत करवा रहे हैं। उनका यह अभियान रंग भी ला रहा है।

इसी कड़ी में भाजपा के इस अभियान के तहत शुक्रवार को लाहौल घाटी के उदयपुर मंडल में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में भाजपा नेता रवि ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा पर विश्वास जताते हुए उदयपुर मंडल के भुजूंड बूथ में नेता रवि ठाकुर के नेतृत्व में भारी संख्या में लोगों ने भाजपा का दामन थामा है। इस बूथ से करीब 44 लोग भाजपा में शामिल हुए।

पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने सभी का भाजपा परिवार में शामिल होने पर स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि आने वाले समय में भाजपा में शामिल होने वालों का सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा।

# ...यहां पर्यटकों की भरमार, पर सार्वजनिक शौचालय की दरकार

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू जिले की उझी घाटी में पर्यटन कारोबार लगातार गति पकड़ रहा है। जैसे-जैसे घाटी में पर्यटन व्यवसाय बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों में भी दिनों-दिन बढ़ोतरी होती जा रही है। रोजाना यहां पर सैकड़ों की संख्या में पर्यटक विभिन्न साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं। आलम यह है कि उझी घाटी के कटराईं, दवाड़ा में पर्यटकों की भरमार लगी है लेकिन यहां पर सार्वजनिक शौचालय की दरकार है।

पर्यटकों को यहां सार्वजनिक शौचालय की सुविधा न मिलने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सनद रहे कि उझी घाटी के कटराईं-दवाड़ा में हाईवे निर्माण के पश्चात अस्तित्व में आई नई पर्यटन पटरी पर आजकल पर्यटकों का भारी हुजूम उमड़ रहा है।



उझी घाटी के कटराईं-दवाड़ा में वादियों को देखने के लिए उमड़ रहे पर्यटक।

- कटराईं-दवाड़ा में पर्यटन कारोबार को लग रहे पंख
- विभिन्न गतिविधियों का लुत्फ उठा रहे पर्यटक

लगभग दो किलोमीटर लंबी मार्केट में दर्जनभर पैराग्लाइडिंग बुकिंग सैंटर, हॉट एयर बैलून, खानपान के अनेक ढाबों सहित कई अन्य प्रकार की साहसिक व व्यवसायिक गतिविधियां चल रही हैं।

अमूमन ज्यादातर पर्यटकों की गाड़ियां काफी लंबे समय तक यहां रुकती हैं, लेकिन सार्वजनिक शौचालय न होने की वजह से पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। स्थानीय पेट्रोल पंप संचालक और कटराई पंचायत के पूर्व प्रधान सतीश चंद ने बताया कि दिनभर यहां पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है परंतु शौचालय न होने की बजह से पर्यटकों को परेशान होकर इधर-उधर भटकना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवेज अथॉरिटी द्वारा स्थिति की नजाकत को समझते हुए इस स्थान पर शीघ्र ही सार्वजनिक शौचालय के निर्माण की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि देश-विदेश से यहां घूमने आ रहे पर्यटकों को परेशानी न झेलनी पड़े। वहीं, कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक एनएच ऑथोरिटी द्वारा इस निमित्त कोई कदम नहीं उठाया जाता तब तक स्थानीय पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन को अपनी तरफ से ही पहल करते हुए चल-शौचालयों की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि पर्यटकों को पेश आ रही परेशानी से निजात मिल सके।

# कुल्लू में गरजा युवा मोर्चा, राहुल-सोनिया गांधी के फूंके पुतले

## नेशनल हेराल्ड मामले पर बोले तिलकराज-बाहरी एजेंसियों पर लुटाया जा रहा प्रदेश का पैसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा नेशनल हेराल्ड अखबार को दो करोड़ से अधिक का विज्ञापन देने का मामला इन दिनों प्रदेश में गर्माया हुआ है। वहीं, भाजपा के द्वारा इसे जनता के बीच मुद्दा बनाकर पेश किया जा रहा है, ऐसे में इसी कड़ी में कुल्लू जिले के मुख्यालय ढालपुर में जिला कुल्लू भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा एक आक्रोश रैली निकाली गई।

इस रैली में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा इस प्रदर्शन में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद, भाजपा नेता नरोत्तम ठाकुर, प्रदेश महिला मोर्चा सचिव मनीषा सूद, जिला भाजयुमो अध्यक्ष जनेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। इस दौरान भाजयुमो के द्वारा कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और



नेशनल हेराल्ड मामले में कुल्लू में युवा मोर्चा ने विरोध-प्रदर्शन किया।

सोनिया गांधी का पुतला भी फूंका गया। वहीं, पुतला फूंकने को लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच की झड़प हुई, लेकिन भाजयुमो के कार्यकर्ता पुतला को फूंकने में कामयाब रहे।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने बताया कि सरकार को आज प्रदेश के लोगों की चिंता नहीं है, बल्कि बाहरी एजेंसियों को करोड़ों रुपए लुटाए जा रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामला पहले भी भाजपा के द्वारा उठाया गया था और करोड़ों रुपए के घोटाले की बात भी जनता के बीच रखी गई थी। मुख्यमंत्री एक और तो आर्थिक विकास का रोना रो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर करोड़ों रुपए विज्ञापन के नाम पर लुटाए जा रहे हैं।

जिस एजेंसी का हिमाचल प्रदेश से कोई लेना-देना नहीं है, ऐसे में कांग्रेस की सरकार को चाहिए कि वह हिमाचल प्रदेश की आम जनता के विकास के बारे में सोचे न की बाहरी एजेंसियों को विज्ञापन के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि जारी करें।

जिला कुल्लू भाजयुमो के अध्यक्ष जनेश ठाकुर ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि बीते दो सालों में नेशनल हेराल्ड और नवजीवन अखबार को दो करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि नियमों को ताक में रखकर दी गई है। यही नहीं एक दिन में दो-दो बार अदायगी की गई है।

आज हिमाचल प्रदेश में हजारों युवा बेरोजगार घूम रहे हैं और सरकार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में बिलकुल भी काम नहीं कर रही है। इसके चलते आज प्रदेश के युवाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में युवा मोर्चा सरकार की गलत नीतियों का आगामी समय में भी विरोध करेगा।

### गरीब आदमी गहने बेचकर अपना करवा रहा इलाज : अमित

**जिला** कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री किसी मामले को समझने की कोशिश नहीं करते हैं। बीते दिनों मुख्यमंत्री ने कहा था कि नेशनल हेराल्ड हमारा अखबार है और हम चाहें जितना विज्ञापन दे सकते हैं, जो कि बिलकुल भी सही नहीं हैं। अमित सूद ने कहा कि प्रदेश का गरीब आदमी गहने बेचकर अपना इलाज करवा रहा है। आज हिमकेयर योजना के माध्यम से गरीबों का उपचार नहीं हो रहा है, जबकि सरकार नेशनल हेराल्ड जैसी कांग्रेस और नेहरू परिवार की अखबार को करोड़ों रुपए के विज्ञापन दे रही है। प्रदेश की जनता का यह पैसा दान देने के लिए नहीं है।

### वन अधिकार अधिनियम को लागू करने की प्रक्रिया सरकार ने कर दी है शुरू: चौटाला

# ग्रामसभा में दावा पेश करें जरूरतमंद : ओम प्रकाश

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने वन अधिकार अधिनियम को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो कि प्रदेश सरकार का सराहनीय कदम है। यह बात भूमिहीन आवासहीन संगठन कुल्लू जिले के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के नेतृत्व में यह अभियान चल रहा है, जो जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

उन्होंने बताया कि ग्रामसभा में जरूरतमंद लोग अपने दावे पेश करें और यही बात गत दिनों कुल्लू में पधारे राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भी वन अधिकार अधिनियम 2006 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कही। चौटाला ने कहा कि सरकार के इस अभियान का लाभ पात्र लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम प्रदेश में वर्ष 2008 से लागू है, लेकिन कई राजनीतिक कारणों के चलते इसे धरातल पर नहीं उतारा गया। अभी प्रदेश में यह प्रक्रिया शुरू हुई है तो भूमिहीन आवासहीन संगठन इस अधिनियम को लागू करवाने में पूरी तरह से सक्रिय रहा है। उन्होंने सभी जरुरतमंद लोगों से अपील है कि



वन अधिकार समिति व ग्रामसभा में फॉर्म भर कर दें व अपना दावा पेश करें। अगर वन विभाग के मुलाजिम इसमें कोई आनाकानी करते हैं तो उसमें उन्हें जुर्माने का भी प्रावधान है।

ओम प्रकाश ने कहा कि धना सेठों के सैकड़ो बीघा के हिसाब से जमीनों पर कुंडली मारी है। अगर किसी गरीब आदमी ने दो-तीन विस्वा भूमि पर कब्जा किया है तो उनके पास वन विभाग के मुलाजिम पहुंच जाते हैं। यह गरीबों के साथ सरासर अन्याय होता है, लेकिन हम हमेशा ही गरीबों के पक्ष में खड़े रहेंगे। हमारी कोशिश लगातार जारी है जरूरतमंद को वन अधिकार अधिनियम का लाभ दिलवाने के लिए। यह जरूर है कि लोग दावा पेश करने की इस प्रक्रिया से अनभिज्ञ हैं। ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि हम फॉर्म भरने से लेकर सभी जानकारी लोगों को देने में सहयोग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत 13 दिसंबर, 2005 से पहले जो वन भूमि पर किसी तरह का दखल अपनी रोजी रोटी के लिए रखता है, गोशाला है या इस भूमि पर घर बनाया है व खेती कर रहा है। इसके अलावा अन्य कोई कारण है, इसके लिए उक्त तारीख से पहले का दखल होना अनिवार्य है। इस तरह के लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत अधिकार मिलेगा।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## महिलाओं को उनकी सहनशक्ति, धैर्य और संवेदनशीलता बनाती है अद्वितीय

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

> महिलाओं को मिले पूरा सम्मान व हक जिसकी वे हैं हकदार

ऐसे तो हमारे समाज में देवियों को पूजने की परंपरा है। हमारे देश में हर त्योहार, उत्सव और धार्मिक अनुष्ठानों में देवियों को पूजा जाता है, लेकिन बात जब एक महिला की होती है तो समाज में नारी को अब भी वह स्थान हासिल नहीं है जो कि एक पुरुष को हासिल है। एक महिला एक ही जन्म में मां, बेटी, जननी, बहन, सहेली, पत्नी जैसे कई किरदार को एक साथ निभाती है और इसके बावजूद बिना किसी शिकायत के और बिना किसी बहाने के अपने काम को हर रोज अंजाम देती है। अब इसे विडंबना कहें या फिर समाज का दोहरा मापदंड। मंदिर में स्थापित देवी को नतमस्तक होकर पूजा जाता है, लेकिन बात जब अपने घर की हो तो वहां परिवार की रीढ़ एक महिला के साथ अलग व्यवहार होता है। एक महिला सदस्य का परिवार में होना ही परिवार को पूर्णता प्रदान करता है। महिलाओं के अंदर कुछ गुण जन्म के साथ ही विद्यमान होते हैं, जैसे व्यवहार कुशल होने के साथ-साथ हर कार्य को पूरे लगन और सलीखे से करने का हुनर भी केवल महिलाओं में विद्यमान है, मगर आज के आधुनिक समय में भी समाज और घर परिवार में महिलाओं के काम को कम करके ही आंका जा रहा है। एक महिला के द्वारा किए जाने वाले परिश्रम और कड़ी मेहनत को उतना सम्मान नहीं मिल पाता है जितना कि एक पुरुष को मिलता है। इसलिए सभी को अपनी सोच के दायरे को बढ़ाने की जरूरत है ताकि समाज में महिलाओं को पूरा सम्मान और हक मिल सके जिसकी वे हकदार हैं। आज ऐसे ही कुछ विषयों को लेकर अनंत ज्ञान कुल्लू और लाहौल-स्पीति की प्रभारी ने कुछ महिलाओं से चर्चा की पेश है उसके कुछ अंश...

### महिलाओं को सहनशक्ति धैर्य और संवेदनशीलता अद्वितीय बनाती है



रोहिणी चौधरी, सैंज।

**एक** महिला होना मुझे इस कारण गौरवान्वित करता है क्योंकि महिलाएं जीवन के हर पहलू में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे न सिर्फ परिवार और समाज की नींव होती हैं, बल्कि वे व्यवसाय, विज्ञान, कला और राजनीति जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उनकी सहनशक्ति, धैर्य और संवेदनशीलता उन्हें अद्वितीय बनाती है। महिलाओं में हर काम को सलीखे से करने का हुनर सामाजिक और पारिवारिक संरचना के माध्यम से विकसित होता है। उन्हें बचपन से ही जिम्मेदारियों और कार्यों का सामना करना सिखाया जाता है। उनकी सहनशक्ति, धैर्य और दृढ़ संकल्प उन्हें कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। हां, एक महिला होने के नाते मुझे लगता है कि कई बार महिलाओं के योगदान को कम आंका जाता है। समाज में पुराने विचारधाराओं और रूढ़ियों के कारण कई बार उनके कार्यों और मेहनत की सही सराहना नहीं होती। हालांकि, समय के साथ इन धारणाओं मे परिवर्तन आ रहा है और महिलाएं अपने हक और सम्मान के लिए लड़ रही हैं।

### जीवन देने की अदभुत क्षमता केवल महिलाओं में है



प्रभा पालसरा, सैंज।

**मैं** मानती हूं कि जब भगवान के बाद अगर कोई जीवन देने का अदभुत कार्य करती है तो सिर्फ और सिर्फ महिलाएं ही कर सकती हैं। इसलिए महिला होने का एहसास मुझे हमेशा गौरवान्वित करता है। महिलाओं के अंदर जो करुणा और ममतामई स्वभाव विद्यमान है, वही एक महिला को हर कार्य को अच्छे से देख परख कर सलीखे से करने के लिए प्रेरित करता है। वैसे भी महिलाओं को हर काम को सलीखे से करने की प्रेरणा पीढ़ी दर पीढ़ी मिलती रही जिसके फलस्वरूप एक महिला हर कार्य को कैसे किया जाए, ये अपनी बेटियों को भी सिखाती है जिस कारण ये हुनर लगातार आगे बढ़ता जाता है। यह बात तो सही है कि हमारे समाज में महिलाओं की कार्यक्षमता को हमेशा से ही कमतर आंका जाता रहा है। महिलाओं को भी आने वाले समय में खुद को बेहतर साबित करने के लिए अपने हुनर को और भी ज्यादा तराशना होगा ताकि महिलाओं की काबिलियत पर कभी कोई शक न करे।

### महिला के पास हर मुश्किल काम का समाधान होता है



प्रिया शर्मा, अखाड़ा बाजार (कुल्लू)

**मैं** मानती हूं कि एक महिला होना ही गौरव की बात है और यही बात मुझे गौरवान्वित करती है क्योंकि महिला मां लक्ष्मी ओर मां शक्ति का रूप होती है। वह किसी भी मुश्किल काम को सरलता से करने का हुनर बखूबी जानती है। महिला के पास हर काम का समाधान होता है। जहां तक बात है कि समाज में क्या महिलाओं को कमतर आंका जाता है तो मुझे लगता है कि हां एक महिला होने के नाते मुझे भी कभी-कभी यह अहसास होता है कि हमारे समाज में महिलाओं के योगदान को हमेशा से ही कम करके ही आंका जाता है। आज भी हमारे समाज में पुरुषों को महिलाओं के मुकाबले ज्यादा अहमियत, ज्यादा सम्मान और ज्यादा बढ़ावा दिया जाता है। हरेक महिला को वक्त के हिसाब से तालमेल बैठाना होगा तभी महिलाएं आगे बढ़ पाएंगी।

### महिलाओं में होती है एक आश्चर्यजनक आंतरिक सहज शक्ति



सीमा शर्मा, रौ दलाश।

**एक** महिला होने के नाते मुझे गर्व का अनुभव होता है क्योंकि हम महिलाओं में एक आश्चर्यजनक आंतरिक सहज शक्ति होती है जिससे कि नारी प्रत्येक परिस्थितियों का सामना करने में अधिक सक्षम होती है। मैं समझती हूं महिलाओं में अतिरिक्त संवेदनशीलता होने के फलस्वरूप उनमें हर काम को सलीके से करने का हुनर विकसित हो जाता है और हर महिला जो भी काम करती है, वह सलीखे के साथ और साफ-सुथरे तरीके से करना पसंद करती है। एक समय था, जब महिलाओं के काम को बहुत ही कम आंका जाता था, किंतु वर्तमान समय में शिक्षा के विस्तार के साथ साथ समाज की इस सोच में अंतर आता जा रहा है। आज के समय में महिलाओं की कार्यक्षमता को किसी से भी कमतर करके आंका नहीं जा सकता। समाज महिलाओं के कार्य का सही मूल्यांकन करने की ओर अग्रसर है, मगर हम महिलाओं को भी किसी से मान-सम्मान की उम्मीद रखे बिना ही अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को ढूंढ निकालना होगा और साथ ही आत्मनिर्भरता की दिशा में भी पहल करनी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल आज सोलन विस क्षेत्र के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 19 अप्रैल को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 19 अप्रैल को सायं 3 बजे कंडाघाट उपमंडल की जधाणा पंचायत के कुफटु में जोगिंद्रा सहकारी बैंक के विस्तार काउंटर का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### शशि बनीं नाहन स्कूल के एसएमसी की अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय शमशेर वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय नाहन में विद्यालय प्रबंधन समिति के नए अध्यक्ष और विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से शशि बाला को एसएमसी का नया अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया जो आगामी वर्ष में विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करेंगे। चुने गए नए सदस्यों में किरण, मनीषा, कमलेश, राधा, पूजा देवी, सुधा, बलजिंदर कौर, पूनम, ममता, बबीता, सीमा, नारदा, शीला, श्यामा, रीना को शामिल किया गया है। चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और सभी ने मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से प्रतिनिधियों का चयन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार चौहान ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि एसएमसी की नई टीम विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएगी और बच्चों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास करेगी।

# आवारा कुत्तों के आतंक से बना असुरक्षित माहौल

## डॉग स्टरलाइजेशन ओटी कम यार्ड बनने के बावजूद नहीं हो रही नसबंदी, लोग हर समय डर के साये में जी रहे

**आर मोहन चौहान, सोलन**

ठोडो ग्राउंड के नजदीक करीब 45 लाख की लागत से डॉग स्टरलाइजेशन ओटी कम केयर यार्ड निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद नगर निगम शहर के लोगों को शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों के आंतक से निजात नहीं दिला पाया है। आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए नगर निगम ने ठोडो ग्राउंड के नजदीक रेन बसेरा बिल्डिंग के बेसमेंट में डॉग स्टरलाइजेशन ओटी यानी ऑपरेशन थिएटर निर्माण किया है, पर इससे शुरू करने के लिए अभी भी कुछ ओपचारिकताएं बाकी हैं, ऐसे में शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों के आंतक से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है।

इसके लिए बाकायदा केंद्रीय पशु कल्याण बोर्ड से अनुमति ली है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो डॉग ओटी बनते ही शहर के स्ट्रे डॉग के स्टरलाइज (नसबंदी) का कार्य शुरू हो जाएगा। डॉग स्टरलाइजेशन के लिए ओटी के साथ ही डॉग यार्ड भी बनाया जाएगा। इसमें स्टरलाइज कुत्तों के रखरखाव और खानपान का प्रबंध होगा। (अनंत ज्ञान)

> नगर निगम की मेयर उषा शर्मा का कहना है कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए स्टरलाइजेशन ओटी कम डॉग यार्ड का निर्माण किया जा रहा है। प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है और मशीनरी इंस्टाल भी हो चुकी है। पिंजरे लगने बाकी हैं।
>
> **-उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन**

### सोलन अस्पताल में रोज आते हैं डॉग बाइट के केस

सोलन हॉस्पिटल में अमूमन रोज डॉग बाइट के केस आते हैं। इसमें अधिकतर बुजुर्ग व बच्चे शामिल होते हैं। डॉग बाइट की घटना बढ़ने के बावजूद नगर निगम आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है। स्टरलाइजेशन नहीं होने के चलते कुत्तों की आबादी बढ़ती ही जा रही है। कुत्तों के हमले से लोग चोटिल भी हो जाते हैं। यही कारण है कि नगर निगम अब डॉग स्टरलाइजेशन ओटी निर्माण का निर्णय लिया है। निगम चुनाव में भी कुत्तों की समस्या मुद्दा खूब उठा था, तब प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड में डॉग यार्ड बनाने के दावे किए थे, मगर अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल होने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। मोहल्ले और कॉलोनी में कुत्तों की झुंड रात को एक साथ भोंकते हैं, जिससे लोगों की नींद हराम हो जाती है। साथ छात्रों की पढ़ाई बाधित होने के साथ-साथ रोगियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### अभिभावकों को सताती रहती है स्कूली बच्चों की चिंता

नगर निगम में हजारों की संख्या में कुत्ते शहर की गलियों, सड़कों और मोहल्लों में झुंड में रहते हैं। कुत्तों के आतंक से रोज स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काटने की घटनाएं सामने आती है। कुत्तों की बढ़ती संख्या से शहर वासी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कुत्तों के आतंक से लोगों को अकेले चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। नगर निगम ने कुछ वर्ष पहले कुत्तों को नसबंदी कार्यक्रम शुरू किया था, लेकिन नियम के तहत प्रबंध नहीं होने के चलते यह कार्यक्रम रुक गया। शुरू में जवाहर पार्क व ठोडो ग्राउंड में ओपन डॉग स्टरलाइज किया जाता था, जिस पर केंद्रीय पशु बोर्ड ने आपत्ति जताई। पशु प्रेमियों ने भी इस पर आपत्ति जताई। साथ ही नसबंदी के बाद कुत्तों का सही रखरखाव भी नहीं हो पाया। इन्हीं कारणों के चलते यह कार्य आज तक लंबित है।

# रबोन में आवारा कुत्तों ने बच्चे पर किया हमला, हुआ जखमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शहर के साथ लगते वार्ड-16 के रबोन कस्बे में शुक्रवार को आवारा कुत्तों ने एक बच्चे पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को सिर, टांग और बाजू से काट कर बुरी तरह घायल कर दिया। गनीमत रही कि स्थानीय निवासी टेक चंद और राम नेगी ने मौके पर पहुंचकर कुत्तों को भागकर बच्चे की जान बचाई।

इसके बाद पूर्व प्रधान अनिल कुमार ने बच्चे को अस्पताल पहुंचा कर प्राथमिक उपचार करवाया। डॉक्टरों के मुताबिक बच्चे की हालत खतरे से बहार है। पूर्व प्रधान की सूचना के बाद चाइल्ड हेल्प लाइन और पुलिस भी मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक यह बच्चा रबोन में अपने माता-पिता के साथ झुग्गी में रहता है। जिस समय यह हमला हुआ, तब दोनों काम से बाहर गए थे। हालांकि बाद में वे भी अस्पताल पहुंच गए। स्थानीय पार्षद सीमा ने बताया कि नगर निगम को क्षेत्र में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर कई बार अवगत करवाया गया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इससे पहले में आवारा कुत्ते बच्चों पर हमले कर चुके हैं, जिससे सब खौफ के साये में जी रहे हैं।



**बार-बार शिकायत के बाद भी कुत्तों से नहीं दिलाई जा रही निजात**

## पांवटा साहिब में ट्रॉला पलटने से बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब खनन सामग्री से भरा एक ओवरलोड ट्रॉला अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हालांकि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सड़क पर यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रॉला तेज रफ्तार में था और एक मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वह पलट गया। गनीमत यह रही कि उस समय सड़क पर न तो कोई पैदल यात्री था और न ही अन्य वाहन, वरना दुर्घटना गंभीर रूप ले सकती थी।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि खनन वाहनों की आवाजाही रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक ही अनुमत है, लेकिन ट्रॉला चालक नियमों की खुलकर अनदेखी कर रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि ओवरलोड वाहनों और समय सीमा के उल्लंघन पर सख्त कदम उठाए जाएं,ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# हरिपुरधार में कांग्रेस के खिलाफ निकाला जुलूस

## सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा ने जिला स्तरीय विरोध-प्रदर्शन का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, सराहां**

सिरमौर जिले के हरिपुरधार में सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में युवाओं और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह धरना-प्रदर्शन देश में गांधी परिवार द्वारा नेशनल हेराल्ड अखबार के माध्यम से किए गए घोटाले के विरोध में किया गया।

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान हरिपुरधार बाजार में जुलूस निकालकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे इस घोटाले के विरोध में नारेबाजी की गई और केंद्र सरकार से गांधी परिवार के इस अखबार द्वारा किए गए घोटाले में संलिप्त लोगों को जेल भेजने के लिए नारेबाजी की गई।

**नेशनल हेराल्ड अखबार के माध्यम से किए गए घोटाले का किया विरोध**

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने बताया कि इस राष्ट्रीय अखबार द्वारा कई वर्षों से देश की जनता का पैसा लूटा जा रहा है और एक परिवार विशेष का पोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब जब ईडी द्वारा उक्त अखबार में रेड करके इस घोटाले को उजागर किया गया है तो कांग्रेसी नेताओं द्वारा देशभर में आए तौबा मचाई जा रही है। इस मौके पर सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेला राम शर्मा ने बताया कि कांग्रेस सरकारों द्वारा जनता पर लगाए गए टैक्स से वसूले धन का दुरुपयोग करके करोड़ों रुपए विज्ञापन के माध्यम से नेशनल हेराल्ड को दिया जा रहे है जबकि यह अखबार मात्र एक परिवार का पोषण कर रहा है।

उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार ने भी मात्र ढाई वर्षों में ही नेशनल हेराल्ड को ढाई करोड़ से अधिक का विज्ञापन देकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है जबकि इस अखबार की एक भी प्रति हिमाचल प्रदेश में नहीं आती है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार से कांग्रेस द्वारा नेशनल हेराल्ड के माध्यम से की जा रही लूट की गहन जांच करने की मांग की ताकि आम जनता का पैसा लूटने से बचाया जा सके।

इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलबीर ठाकुर ने कहा कि जहां-जहां भी कांग्रेस की सरकार है, वहां भारी संख्या में घोटाले के माध्यम से आम लोगों का पैसा मित्र मंडली और कांग्रेस नेताओं के परिवारों के पोषण के लिए लुटाया जा रहा है। इस मौके पर संगड़ाह मंडल के भाजपा अध्यक्ष बलबीर ठाकुर, महामंत्री सुंदर शर्मा पूर्व सचिव गोपाल भंडारी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष वेद प्रकाश ठाकुर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन और रैली में भाग लिया।

### सोलन भाजपा का नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर प्रदर्शन




**अनंत ज्ञान, सोलन।** नेशनल हेराल्ड मामले को सोलन भाजपा ने कांग्रेस को घेरते हुए सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने हिमाचल की वर्तमान आर्थिक स्थिति पर गंभीर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जब प्रदेश भारी वित्तीय संकट से जूझ रहा है, तब सरकार ने एक ऐसे अखबार को 2.5 करोड़ रुपए की विज्ञापन अदायगी की है, जो कई वर्षों से बंद पड़ा है, जबकि कई लोगों को पेंशन व अन्य सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है।

### सिरमौर में एक साल में 11,577 चालान और 2.55 करोड़ का राजस्व

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सड़क सुरक्षा को लेकर सिरमौर जिले के दोनों प्रमुख प्रवेश स्थलों पांवटा साहिब और काला अंब में परिवहन विभाग द्वारा आईटीएमएस (इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से ओवरस्पीडिंग, सीट बेल्ट न पहनने जैसी ट्रैफिक उल्लंघनों पर नजर रखी जाती है। आरटीओ सोना चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 से मार्च 2025 तक जिले में कुल 11,577 चालान किए गए हैं, जिनसे सरकार को करीब 2 करोड़ 55 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है और इसी के तहत जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। आरटीओ ने स्पष्ट किया कि जो लोग नियमों का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## डॉ. वैशाली यूके नेशनल हेल्थ सर्विसेज में चयनित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिमला ग्रामीण की सुदूर पंचायत धरोगड़ा के नतराड़ गांव की डॉ. वैशाली वर्मा पुत्री आरएल वर्मा का चयन यूनाइटेड किंगडम नेशनल हेल्थ सर्विसेज में हुआ है। डॉ. वैशाली की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी की लहर है। एक छोटे से गांव की युवा प्रतिभा का विदेशी धरती पर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चयनित होना क्षेत्र ही नहीं, बल्कि शिमला ग्रामीण के लिए गौरव की बात है।



बता दें कि डॉ. वैशाली वर्मा ने हाल ही में यूके से ग्लोबल हेल्थ केयर साइंस में अपनी पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री सभी विषयों में विशिष्टता के साथ पूरी की है। इसके बाद डॉ. वैशाली ने नेशनल हेल्थ सर्विसेज यूके की परीक्षा उत्तीर्ण की और कैंसर सर्विलांस पाथवे को-ऑर्डिनेटर के रूप में चयनित हुई। दो साल पहले हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी से मेरिट से बीडीएस की डिग्री पूरी करने के बाद वह ग्लोबल हेल्थ केयर साइंस यूके की पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई के लिए विदेश चली गईं। पिता आरएल वर्मा और माता पूनम वर्मा का सपना था कि बेटी डॉक्टर बनकर नाम रोशन करें। अपनी सेवाओं के दौरान डॉ. वैशाली यूके में लोगों को कैंसर की बीमारी के प्रति जागरूक करेगी।

## 29 से शुरू होगा मां मंत्रा देवी दुधाधारी देवी का मेला

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन उपमंडल की बिक्रम बाग पंचायत स्थित पीपल वाला में इस वर्ष भी मां मंत्रा देवी दुधाधारी देवी का तीन दिवसीय वार्षिक मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर समिति के प्रधान मही पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला 29 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित किया जाएगा।

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शुरू हो रहे इस मेले की शुरुआत 29 अप्रैल की शाम माता के भंडारे और भव्य जागरण के साथ होगी। 30 अप्रैल को सुबह हवन-यज्ञ और दोपहर में भंडारे का आयोजन होगा, वहीं शाम को भक्तों के लिए सुंदर और आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी।

1 मई को मेले के अंतिम दिन कुश्ती प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी और शाम को बाबा खाटू श्याम का जागरण होगा। मही पाल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में भाग लेकर मां मंत्रा देवी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से मेले में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की है।

## नेशनल हेराल्ड मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध हो कार्रवाई : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री के हालिया नेशनल हेराल्ड के विरुद्ध प्रदर्शन पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह विषय आज का नहीं, बल्कि वर्ष 2012 से चला आ रहा है, जब सुब्रमण्यम स्वामी ने पटियाला हाउस कोर्ट में यह केस दाखिल किया था।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को यह नहीं भूलना चाहिए कि वही स्वामी 1999 में सोनिया गांधी और जयललिता के साथ मिलकर एक वोट से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार को गिराने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस केस में भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है और कांग्रेस को खुद अपने भीतर झांकने की जरूरत है। शैलेंद्र गुप्ता ने इसके साथ ही हिमाचल की वर्तमान आर्थिक स्थिति पर गंभीर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जब प्रदेश भारी वित्तीय संकट से जूझ रहा है, तब सरकार ने एक ऐसे अखबार को 2.5 करोड़ रुपए की विज्ञापन अदायगी की है, जो कई वर्षों से बंद पड़ा है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जो यंग पत्रकार और बेरोजगार युवा छोटे डिजिटल पोर्टल चला रहे हैं, उनसे तो व्यूअरशिप का प्रमाण मांगा जाता है, उन्हें विज्ञापन देने से मना कर दिया जाता है, जबकि प्रिंट में बंद पड़े अखबार को बिना किसी पारदर्शिता के करोड़ों की राशि दे दी गई। गुप्ता ने इसे प्रदेश की जनता और मेहनती पत्रकारों के साथ सरासर धोखा करार दिया और मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## संस्था ने प्लास्टिक कलेक्शन के लिए चलाया अभियान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के सौजन्य से संचालित खुशियों का बैंक माजरा में प्लास्टिक कलेक्शन के लिए अभियान चलाया गया है। संस्था के निर्देशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि संस्था के सदस्य अलग-अलग स्कूलों में जाकर बच्चों को प्लास्टिक इस्तेमाल के लिए समय-समय पर अलग-अलग गतिविधियां करते रहते हैं। इसमें बच्चों को कोल्ड ड्रिंक तेल इत्यादि की खाली बोतलों में प्लास्टिक रैपर्स जैसे नमकीन, कुरकुरे चिप्स, दाल व तेल के पैकेट इत्यादि को भरकर खुशियों का बैंक माजरा में जमा करवाने के लिए कहा जाता है अथवा बच्चे अपने-अपने स्कूल में इन बोतलों को इकट्ठा कर संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

संस्था द्वारा इन बोतलों को पॉलीब्रिक्स की तरह इस्तेमाल करके कोई भी बेंच इत्यादि बनाया जाता है। संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने कहा कि संस्था सभी से आग्रह करती है कि अपने घरों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखें तथा जो भी खाली रैपर्स घर में आते हैं उनको प्लास्टिक की खाली बोतलों में भरकर हम इन पाली ब्रिक्स को ईंट की जगह इस्तेमाल करके पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। जब कभी भी हमारे आसपास कोई छोटा फंक्शन होता है तो हम पानी की खाली बोतलों को यहां वहां फंक देते हैं तथा बाद में स्लम एरिया के बच्चे इन बोतलों व प्लास्टिक को एकत्रित करने के लिए आते हैं। ये बच्चे प्लास्टिक इकट्ठा करने की वजह से स्कूल में नहीं जाते, जिस वजह से हमारे आसपास बहुत सारे बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। अगर हम सब मिलकर इस मुहिम में अपना योगदान दें तो हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीका सपना कि 2035 तक हमें अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, इसमें हम भी अपनी भागीदारी निभा सकते हैं।

## परशुराम चौक पर वर्षाशालिका न होने से यात्री परेशान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

सिरमौर जिले के पांवटा विधानसभा क्षेत्र के मुख्य चौक परशुराम चौक, जिस क्षेत्र से जनता का आवागमन मुख्य बाजार, नाहन, शिमला, शिलाई, देहरादून, यमुनानगर, दिल्ली इत्यादि की और आवागमन अमूमन देखने एवं सुनने को मिलता है, तो वहीं इस व्यस्तम चौक में आजतक प्रशासन, नगर परिषद एवं संबंधित विभाग की ओर से राहगीरों को बैठने के लिए बैंच व वर्षाशालिका तक की सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं करवाई गई है।

परशुराम चौक से विभिन्न क्षेत्रों की और जनता का आवागमन रहता है तो वहीं गर्मियों के मौसम में इस चौक में जनता को बसों एवं गाड़ियों का इंतजार करना पड़ता है और तेज धूप से निजात पाने के लिए न तो बैठने की सुविधा और न ही वर्षाशालिका की सुविधा उपलब्ध हो पा रही है। सर्दियों एवं वर्षा होने पर आम आदमी और जनता को मजबूरन कुछ समय के लिए दुकानों में जाना पड़ता है, जबकि अगर प्रशासन एवं संबंधित विभाग द्वारा जनता को बैठने एवं वर्षाशालिका की व्यवस्था मिल पाती तो आज जनता को विभिन्न समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता।



**यात्रियों को झेलनी पड़ रही परेशानी, बोले-जल्द हो वर्षाशालिका का निर्माण**

लोगों ने स्थानीय प्रशासन और विधायक सुखराम चौधरी से परशुराम चौक पर जनता को यह महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है ताकि भविष्य में पांवटा साहिब की पहचान धार्मिक स्थल गुरुद्वारे के साथ-साथ सुंदर एवं हर सुविधाओं के रूप में हो सके।

स्थानीय समाजसेवी हेमंत शर्मा, गोसेवक सचिन ओबराय, सुशील कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर हेमराज राणा, समाजसेवी मनिंद्र सिंह मनी, प्रसिद्ध समाजसेवी राजेंद्र तिवारी, अंजय नेगी, प्रकाश शर्मा, जय ठाकुर, सुशील चौधरी, महेंद्र चौधरी, राजकुमार, समाजसेवी अनुराग गुप्ता, रितेश चौहान, अजय राणा, समाजसेवी सुनिल चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी संदीप लामा, करण चौधरी इत्यादि ने प्रशासन और नगर परिषद ने जनहित में वर्षाशालिका के निर्माण की मांग की है।

## पीएम-सीएम की तर्ज पर पंचायत प्रधान का पद भी आरक्षण मुक्त करना चाहिए : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तर्ज पर पंचायत प्रधान, जिला परिषद अध्यक्ष, नगर निगम अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, पंचायत समिति अध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर आरक्षण खत्म होना चाहिए।



रावत ने बताया कि जैसे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का पद आरक्षित नहीं होता, उसी तर्ज पर पंचायत प्रधान पद भी आरक्षित नहीं होना चाहिए ताकि पंचायत के विकास में भी और अधिक तेजी लाई जा सके। रावत ने बताया कि जैसे लोकसभा एवं विधानसभा में कुछ सीटें आरक्षित की जाती हैं। इसी तर्ज पर पंचायतीराज में भी आरक्षण केवल मात्र वार्ड स्तर पर होना चाहिए कि पदों पर नहीं। रावत ने बताया कि योग्य व्यक्ति चाय किसी भी जाति समुदाय से हो, वह इन पदों पर चुनाव लड़ सकता है।

आरक्षण होने की वजह से योग्य व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता। यदि इन पदों पर आरक्षण खत्म हो जाता है तो फिर इन सभी पदों पर कोई भी व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है।

रावत ने बताया कि आरक्षण होने की वजह से सबसे ज्यादा समस्या पंचायतों में आ रही है। कई पंचायतें ऐसी हैं, जहां पर पंचायत प्रधान पद के लिए योग्य उम्मीदवार ही नहीं मिलता, जिसकी वजह से उस पंचायत का विकास ठप हो जाता है, इसलिए इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

**शुरुआत** जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित की बद्दी में नई शाखा का शुभारंभ

## शाखा के खुलने से स्थानीय विकास को मिलेगा बल : राम कुमार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित ने ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की है। बैंक की नई शाखा वर्धमान चौक, बद्दी में स्थापित की गई है, जिसका शुभारंभ रामकुमार चौधरी विधायक दून द्वारा बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। चौधरी ने उद्घाटन समारोह के दौरान सहकारी बैंकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये बैंक आम जनता, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ और विश्वसनीय बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने जोगिंद्रा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की वित्तीय स्थिति की सराहना करते हुए कहा कि बैंक का आधार मजबूत है और यह अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रहा है। रामकुमार चौधरी ने यह भी बताया कि जोगिंद्रा बैंक वर्ष 1924 से निरंतर रूप से संचालन कर रहा है और इसका मजबूत आधार है। बैंक की विश्वसनीयता और जनसामान्य में इसकी लोकप्रियता ही इसकी मजबूती का प्रमाण है।



बद्दी में जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित नई शाखा का शुभारंभ करते विधायक।

बैंक ने अपने 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को पूर्ण किया है। यह एक सदी की निरंतर सेवा, विकास, सफलता और गौरव का प्रतीक है। बीबीएन क्षेत्र में बैंक की मजबूत उपस्थिति इसका प्रमाण है कि यह संस्थान क्षेत्रीय विकास में भी अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

चौधरी ने विश्वास जताया कि इस नई शाखा के खुलने से क्षेत्रवासियों को बैंकिंग सेवाओं का और अधिक लाभ मिलेगा तथा स्थानीय विकास को भी बल मिलेगा। इस अवसर पर विधायक ने 10 मूल्यवान ग्राहकों के अकाउंट नए खोले। इस अवसर पर चेयरमैन मुकेश शर्मा ने बताया कि बैंक ग्रामीण जनता को उनके द्वार पर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने बैंक की मजबूत वितीय स्थिती के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि बैंक ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धिया हासिल की है जिसमें बैंक ने 8 करोड़ रुपए के निवेश से बासल चंबाघाट, सोलन में एक आधुनिक परिसर का निर्माण सफलतापूर्वक किया है।

इस अवसर पर बैंक की प्रबंध निदेशक पदमा छोडन ,बैंक के निदेशक संजीव कौशल, योगेश भारतीया, जितेंद्र ठाकुर, हजुरा सिंह, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार ठाकुर, अच्छर पाल कौशल, सक्षम शर्मा, भाग सिंह प्रधान, योग राज, तेजा सिंह, गुरमुख सिंह, राजकुमार, गुरदेव सिंह, भूपेंदर सिंह, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी व आमजन भी उपस्थित रहे।

## नेशनल हाईवे-72 के किनारे दुकानों में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर जिले में माजरा के समीप देहरादून-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे 72 पर शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक साथ कई दुकानों में भीषण आग लग गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में दुकानों का सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना सुबह के समय हुई जब अधिकांश लोग गहरी नींद में थे। आग की भयावहता को देखते हुए लोग घरों से बाहर निकल आए और मौके पर जुटकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। हालांकि जब तक दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

प्रारंभिक जांच में यह मामला किसी शरारती तत्व की करतूत माना जा रहा है और अनुमान है कि इस अग्निकांड में करीब 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है। माजरा थाना पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### निगम ने साफ-सफाई को लेकर उठाए सख्त कदम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एमसी कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस के आदेशों के बाद, कचरे और सूखे पत्तों को खुले में जलाने से रोकने के लिए चल रहे अभियान के अनुरूप, स्वच्छता विंग ने अलग-अलग स्थानों पर उल्लंघन करने वालों को पांच चालान जारी किए हैं, जिनमें से प्रत्येक पर 6,701 का जुर्माना लगाया गया है। एमसीसी के आयुक्त के निर्देशों और आदेशों के अनुसार सख्ती से किए गए इस प्रवर्तन गतिविधि के हिस्से के रूप में कुल 33,505 का जुर्माना वसूला गया है। एमसीसी ने छह आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की सेवाएं भी समाप्त कर दी हैं।

### गुड फ्राइडे पर क्राइस्ट दा किंग चर्च ने लगाया लंगर



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** क्राइस्ट दा किंग चर्च नया गांव ने गुड फ्राइडे के पावन अवसर पर खुड्डा लाहौरा पूल के पास लंगर का आयोजन किया। चर्च में सभी लोगों ने उपवास रख कर 12 बजे से 3 बजे तक प्रार्थना की। यह दिन मानव जाति के उद्धार, पापों की माफी और छुटकारे के लिए प्रभु यीशु मसीह को सलीब पर अपने आप को कुर्बान किया है। इस अवसर पर पादरी जैकब भट्टी, विजय कुमार, साहिल भट्टी, प्रमोद मसीह, सतिंदर पुरी, राजन, राजेश, हनुक, संजीव, सानिया इत्यादि उपस्थित थे।

### पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज में लगाया रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रोजगार कार्यालय विभाग ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और उच्च शिक्षा विभाग, यूटी चंडीगढ़ प्रशासन के सहयोग से, चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज में रोजगार मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया। विशेष रूप से आईटी स्ट्रीम (बीसीए, बीएससी आईटी, बीए आईटी, एमएससी आईटी) के स्नातकों के लिए आयोजित इस जॉब फेयर का उद्देश्य शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटना और युवा पेशेवरों को रोजगार के अवसर प्रदान करना था। इस आयोजन के लिए कुल 322 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया और 17 प्रतिष्ठित कंपनियों- जिनमें फिनवर्स, ब्लू बैरा, जीएमआई इंफ्रा, ज्यूपिटिस और नर्व सेल शामिल हैं ने साक्षात्कार आयोजित किए। भर्ती अभियान के परिणामस्वरूप, 118 उम्मीदवारों को नौकरी की पेशकश के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, जो युवा रोजगार और कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पीएम विश्वकर्मा पंजीकरण अभियान में भारी भीड़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उद्योग विभाग, यूटी चंडीगढ़ ने नगर निगम पार्षद श्री सौरभ जोशी के सहयोग से आज सेक्टर 15 स्थित सामुदायिक केंद्र में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य योजना के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना और पूरे केंद्र शासित प्रदेश में अधिक से अधिक सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। शिविर के दौरान पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े सैकड़ों कारीगरों ने पंजीकरण कराया, जिसमें माला बनाने वाले, धातु बनाने वाले, मोची, कुम्हार और हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले कारीगर शामिल थे। यह योजना के उद्देश्यों में समुदाय की मजबूत भागीदारी को दर्शाता है। यूटी चंडीगढ़ के उद्योग विभाग के निदेशक पवित्र सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने क्षेत्रीय पार्षद सौरभ जोशी के साथ मिलकर कारीगरों से बातचीत की और उनके कौशल विकास और पंजीकरण में सहायता के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया। जमीनी स्तर पर लोगों को संगठित करने के महत्व पर जोर देते हुए, श्री सौरभ जोशी ने शिविर के लिए लाभार्थियों को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए चंडीगढ़ मजदूर सेना को धन्यवाद दिया। उन्होंने कली राम, मदन मंडल, चरण सिंह, झानवती, दर्शन सिंह, तारा देवी और सेना के अन्य सदस्यों को उनके प्रयासों के लिए विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने के लिए यशपाल जिंदल, चरणजीत सिंह, विनय सचदेवा, दौलत शर्मा, सुरेश कटोच, श्रीनिवास और राजा का भी आभार व्यक्त किया। जोशी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए मजबूत सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है।

# विपक्षी दल भी प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की कर रहे तारीफ : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में विपक्षी दलों द्वारा चुपके-चुपके घर बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की नीतियों की प्रशंसा कर रहा है, लेकिन मजबूरन अपना वजूद बनाए रखने के लिए विपक्ष को धरना प्रदर्शन करके खानापूर्ति करनी पड़ रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को जिला कुरुक्षेत्र के गांव बीड मथाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश व प्रदेशवासियों को श्री गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वश न्यौछावर कर दिया। इस बलिदान से बड़ा दुनिया में कोई बलिदान और त्याग नहीं है।

इस बलिदान और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविन्द केजरीवाल ने भी भाजपा सरकार पर तंग करने के आरोप लगाए थे, लेकिन आखिर में कोर्ट के आदेशों के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को जब कोई गलत काम नहीं किया तो डरना नहीं चाहिए।

ईडी पूछताछ कर रही है तो इसमें कांग्रेस के नेताओं को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, अपितु कांग्रेस के नेताओं को जांच में सहयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड के बिल का विपक्षी दलों द्वारा केवल मात्र अपनी राजनैतिक दुकानदारी को चलाने के लिए विरोध किया जा रहा है।

भाजपा सरकार वक्फ बोर्ड पर एक अच्छा बिल लेकर आई है और इस बिल पर सभी ने सहमति व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष नाम की अब कोई चीज नहीं है। अब तो विपक्ष के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों की घर बैठे तारीफ कर रहे है।

### सनी देओल, रणदीप हुड्डा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**अनंत ज्ञान, जालंधर।** 'जाट' फिल्म के एक दृश्य को लेकर अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा और तीन अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फिल्म के एक दृश्य से ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

पुलिस ने बताया कि यह शिकायत विकलव गोल्ड नाम के, ईसाई समुदाय के एक नेता ने दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 10 अप्रैल को रिलीज हुई 'जाट' फिल्म में ऐसे दृश्य हैं जो ईसा मसीह और ईसाई धार्मिक प्रथाओं का अपमान करते हैं। शिकायत में यह भी सवाल उठाया गया कि फिल्म को गुड फ्राइडे (18 अप्रैल) के आसपास क्यों रिलीज किया गया।

जालंधर कैंट थाने के प्रभारी (एसएचओ) संजीव कुमार ने कहा कि अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार, निर्देशक गोपीचंद और निर्माता नवीन को मामले में नामजद किया गया है। एसएचओ ने कहा, प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 के तहत दर्ज की गई है।

# राज्य सरकार विश्वविद्यालयों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : धामी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार विश्वविद्यालयों के विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार विभिन्न नवीन कार्य योजनाओं के माध्यम से उत्तराखंड को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने यूसीसी कानून को लागू किया है, यह सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है। बीते साढ़े तीन सालों में राज्य सरकार ने 22 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी है। राज्य की बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य ने नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने नकल विरोधी कानून को लागू करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रों को उनका हक मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वर्तमान में मॉडल कॉलेज, महिला छात्रावास, आईटी लैब, परीक्षा भवन, एस्ट्रो पार्क और साइंस सिटी जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त, राज्य में स्टार्टअप के लिए अनुकूल वातावरण भी तैयार किया गया है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों को मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया।

# नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर भाजपा का प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आज कांग्रेस पार्टी के खिलाफ एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

यह प्रदर्शन सेक्टर 33 स्थित भाजपा कार्यालय से शुरू होकर कांग्रेस भवन तक पहुंचने का प्रयास था, लेकिन बीच रास्ते में पुलिस ने वाटर कैनन (पानी की बौछारें) का इस्तेमाल कर कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद' के नारे लगाए, राहुल गांधी का पुतला फूंका और कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी की पूरी लीडरशिप मौजूद रही।

### प्रॉपर्टी टैक्स पर कांग्रेस ने दी इस्तीफा देने की चुनौती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने कहा कि चंडीगढ़ के निवासियों पर मनमाने ढंग से थोपे गए प्रॉपर्टी टैक्स का विरोध करने में भाजपा पार्षदों की नीयत पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा पार्षद वास्तव में इस कर के खिलाफ हैं, तो उन्हें तुरंत अपने पदों से इस्तीफा देकर विरोध जताना चाहिए। लक्की ने भाजपा पार्षदों को खुली चुनौती दी कि वे सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करें कि वे अपना इस्तीफा कब, कहां और किस अधिकारी को सौंपेंगे।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ उपमहापौर, उपमहापौर और सभी कांग्रेस पार्षद उस स्थान पर भाजपा पार्षदों से पहले पहुंचेंगे और इस्तीफा देंगे ताकि जनता के साथ अपनी सच्ची प्रतिबद्धता और एकजुटता को दिखा सकें। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा लगाए गए इस नए वित्तीय बोझ की निंदा करते हुए श्री लक्की ने भाजपा पर प्रशासन के साथ मिलकर नागरिकों का शोषण करने का आरोप लगाया।

# हरियाणा सरकार ने चिरायु योजना का किया विस्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 3 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए शुरू की गई 'चिरायु आयुष्मान भारत योजना' का का विस्तार कर दिया है।

यह विस्तार राज्य के प्रत्येक निवासी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ और सस्ती सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम आगे है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने घोषणा की कि संशोधित योजना के तहत, 3 लाख रुपये से अधिक और 6 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवार अब 4,000 रुपये का वार्षिक अंशदान देकर लाभ उठा सकते हैं।

पूरी तरह से डिजिटल, पेपरलेस और पारदर्शी होने के लिए डिज़ाइन की गई यह योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप संचालित होती है, जो स्वास्थ्य लाभ पैकेजों की एक विस्तृत श्रृंखला के तहत उपचार तक निर्बाध पहुंच प्रदान करती है।

### मनोहर लाल ने केंद्र की भूमि का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 18 अप्रैल- केंद्रीय बिजली, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल के नीलोखेड़ी में केंद्र सरकार की खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस भूमि से संबंधित दस्तावेजों की रिपोर्ट बनाकर उनके कार्यालय में भेजें।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने अनाज मंडी का भी दौरा किया तथा मंडी एसो. के पदाधिकारियों से खरीद व्यवस्था, बारदाना आदि के बारे में पूछा, इसके बाद गेहूं की ढेरियों का निरीक्षण किया और गेहूं में नमी की जांच की। उन्होंने किसानों से भी बातचीत की तथा किसानों से कहा कि गेहूं की खरीद से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्याएं नहीं आने दी जाएगी।

## देश-विदेश

### यमन के तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमलों में 38 लोग मरे

**एजेंसी, दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को दावा किया कि तेल बंदरगाह रास ईसा को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी हवाई हमलों में 38 लोगों की मौत हो गई है और 102 अन्य घायल हुए हैं। यह हमला 15 मार्च से जारी अमेरिकी हवाई हमलों की श्रृंखला में सबसे घातक हमलों में से एक था। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने हमलों की पुष्टि की है, लेकिन हताहतों के बारे में पूछे जाने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इस बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने हमला किए गए क्षेत्रों तक पहुंच को सख्ती से नियंत्रित कर रखा है। इनमें से ज्यादातर हमलों में संभवतः सैन्य और सुरक्षा स्थलों को निशाना बनाया गया है। इजराइली की सेना ने बताया कि शुक्रवार को ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा इजराइल की ओर एक मिसाइल दागी गई, जिसे इजराइली सेना द्वारा बीच में ही रोक लिया गया। सेना ने बताया कि मिसाइल हमले के कारण तेल अवीव और आसपास के इलाकों में सायरन बजने लगे। इस बीच, अमेरिका ने आरोप लगाया कि एक चीनी उपग्रह कंपनी हूती हमलों का "सीधे समर्थन" कर रही थी। इस आरोप को बीजिंग ने तुरंत स्वीकार नहीं किया।

### सिंगापुर के रक्षा मंत्री हेन ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, सिंगापुर।** सिंगापुर के रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया और राजनीति छोड़ने की घोषणा की। इस प्रकार वह पहले ऐसे मंत्री बन गए हैं जिनके बारे में पुष्टि हो गई है कि वह तीन मई को होने वाले आम चुनाव की दौड़ में नहीं हैं। हेन (66) ने कहा कि नए लोगों को आगे लाना सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) का एक प्रमुख उद्देश्य रहा है और यही कारण है कि वह युवा चेहरों के लिए अपने कदम पीछे खींच रहे हैं, जैसा कि उनके पूर्ववर्तियों ने किया था। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि यह एक ऐसी विशेषता है कि पीएपी खुद को नवीनीकृत करने के लिए इस तरह के कदम उठाती रही है और हम उन उदाहरणों का अनुसरण करते हैं जो हमने तब देखे थे जब हम राजनीति में नए आए थे।" डॉ. हेन ने दो दशक से भी अधिक समय पहले 2001 में राजनीति में प्रवेश किया था। वह 2011 से रक्षा मंत्री हैं। इससे पहले वह शिक्षा और जनशक्ति मंत्रालय संभाल चुके हैं। हेन 2011 से 2015 के बीच सदन के नेता भी रहे।



### जीएसटी पंजीकरण के लिए 7 दिन की समयसीमा तय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि कंपनियां सात दिनों के भीतर जीएसटी पंजीकरण प्राप्त कर सकती हैं। दूसरी ओर जोखिम भरे कारोबार के लिए आवेदनों को भौतिक सत्यापन के बाद 30 दिनों के भीतर प्रसंस्कृत किया जाएगा। यह पाया गया कि क्षेत्र में काम कर रहे कुछ अधिकारी विभिन्न सवाल उठाकर अनुचित दस्तावेज मांग रहे हैं। इसको देखते हुए सीबीआईसी ने दस्तावेजों की एक सांकेतिक सूची भी दी है, जो अधिकारी कंपनियों से ऑनलाइन मांग सकते हैं। जीएसटी पंजीकरण करने के लिए सीबीआईसी ने संशोधित निर्देश में कहा गया है कि पंजीकरण आवेदन को प्रसंस्कृत करते समय अधिकारियों को इन दस्तावेजों की मूल भौतिक प्रति मांगते हुए सवाल नहीं उठाने चाहिए। सीबीआईसी ने कहा कि उसे जीएसटी पंजीकरण हासिल करने में होने वाली कठिनाइयों के बारे में शिकायतें मिली हैं। इनमें से ज्यादातर शिकायतें अधिकारियों द्वारा मांगे जा रहे स्पष्टीकरण की प्रकृति और अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग से जुड़ी हैं।



### दो बच्चों की 'हत्या' करने के बाद महिला ने की आत्महत्या

**एजेंसी, हैदराबाद।** हैदराबाद में एक महिला ने नारियल काटने वाले चाकू से अपने दो बेटों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद अपने 'अपार्टमेंट' से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि इमारत से कूदने के बाद महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला का बड़ा बेटा (11) मृत पाया गया, जबकि छोटा बेटा (9) गंभीर रूप से घायल था और उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला द्वारा लिखे गए सात पन्नों के सुसाइड नोट से पता चलता है कि वह भावनात्मक रूप से परेशान थी और अपने पति से नाराज थी। उन्होंने यह भी बताया कि महिला और दोनों बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें थीं।

# दिल्ली एम्स दुनिया के टॉप-100 अस्पतालों में शुमार, पीजीआई चंडीगढ़ 228वें स्थान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली स्थित ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस को 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स 2025' रिपोर्ट में दुनिया के 100 बेहतरीन अस्पतालों में जगह मिली है। न्यूजवीक और स्टेटिस्टा की इस ग्लोबल रिपोर्ट में एम्स दिल्ली को 97वां स्थान मिला है। साल 2023 में यह संस्थान 122वें स्थान पर था, जबकि 2024 में यह 113वें स्थान पर पहुंचा था, यानी दो साल में एम्स ने 25 पायदान की छलांग लगाई है।

यह रैंकिंग दुनियाभर के 30 देशों के 2,400 से अधिक अस्पतालों के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई है। इसमें मरीजों की संतुष्टि, क्लीनिकल आउटकम, स्वच्छता मानक और दुनिया भर के डॉक्टर्स की सिफारिशों को ध्यान में रखा गया है।

दिल्ली एम्स के अलावा भारत के दो और अस्पतालों को टॉप-250 में जगह मिली है। गुरुग्राम स्थित मेदांता द मेडिसिटी को इस सूची में 146वां स्थान मिला है, जबकि चंडीगढ़ के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई) को 228वां स्थान मिला है। पिछले साल ये दोनों अस्पताल क्रमशः 166वें और 246वें स्थान पर थे। 1956 में स्थापित एम्स दिल्ली को भारत का सबसे प्रतिष्ठित सरकारी अस्पताल माना जाता है। यहां पर हाई क्वालिटी वाली स्वास्थ्य सेवाएं किफायती दरों पर दी जाती हैं।

### आगरा में दलित दूल्हे के साथ की गई मारपीट

**एजेंसी, आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में दलित समुदाय के एक दूल्हे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उच्च जाति के कुछ लोगों ने दूल्हे और बारातियों के साथ मारपीट की। लड़की की मां अनिता ने इस घटना को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने शिकायत में कहा कि दूल्हा घोड़ी पर बैठा था और डीजे पर गाना बज रहा था तभी गांव के उच्च जाति के करीब 15-20 लोग डंडे, तलवार और फरसा लेकर आए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों ने दूल्हे को घोड़ी पर नहीं बैठने दिया और उसे घोड़ी से नीचे गिरा दिया। लड़की की मां का कहना है कि इस घटना में कई बारातियों को चोट लगी है।

# दिल्ली सरकार ने 110 अस्पतालों को जल्द आयुष्मान भारत योजना लागू करने का दिया निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने 100 से अधिक अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना को जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य सेवा योजना को लागू नहीं किया था।

सूत्र ने बताया कि विभाग ने 110 अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन के लिए परामर्श जारी किया है। इस पहल के तहत, दिल्ली सरकार ने साथ समझौता करने के वास्ते इन अस्पतालों को अनुबंध पत्र की एक प्रति भेजी गई है। सूत्र ने बताया कि अस्पतालों को जल्द से जल्द समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया है, ताकि आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने के लिए पांच अप्रैल को केंद्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ ही दिल्ली इस स्वास्थ्य योजना को लागू करने वाला 35वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत, 27 विशेषज्ञताओं में 1,961 चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मुफ्त इलाज मिलता है।

# 98 हजार के करीब पहुंचा सोना, चांदी भी हुई महंगी

**एजेंसी, मुंबई**




सोने की कीमत ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दुनियाभर के बाजार में जारी अस्थिरता के बाद स्टैंडर्ड सोने की कीमत 98 हजार के करीब पहुंच गई है। शुक्रवार को जयपुर सराफा बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 100 की तेजी आई है। इसके बाद 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़ाकर 97 हजार 900 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी की कीमत बढ़ाकर 98 हजार 300 रुपए के शिखर पर आ गई है।

अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ़ गई है।

ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपए में लगभग 4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है। सर्राफा व्यापारी नरोत्तम लाल ने बताया कि अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है।

# पीएम मोदी ने मस्क से प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में सहयोग पर की चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क से शुक्रवार को प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। मोदी ने मस्क से बात करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए बताया कि उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मस्क के व्यापारिक साम्राज्य में 'टेस्ला' और 'स्पेसएक्स' जैसी कंपनियां शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, "एलन मस्क से बातचीत के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इनमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय भी शामिल रहे। हमने प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की।" मोदी ने कहा, "भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

मस्क को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक माना जाता है। मस्क सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य सरकारी व्यय में कटौती एवं संघीय कार्यबल को कम करना है।

# यूक्रेनी राष्ट्रपति बोले- अमेरिकी विशेष दूत फैला रहे हैं रूसी नैरेटिव

**एजेंसी, यूक्रेन**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने आरोप लगाया कि अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ 'रूसी नैरेटिव फैला' रहे हैं।

हाल ही में फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में विटकॉफ ने कहा था कि रूस और यूक्रेन की जंग उन पांच इलाकों पर निर्भर है, जिनके अधिकतर हिस्से पर रूस का कब्जा है। स्टीव विटकॉफ ने हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ करीब पांच घंटे तक चली बैठक के बाद यह बात कही थी। जेलेंस्की ने कहा कि मुझे लगता है कि विटकॉफ ने रूसी पक्ष लेने की रणनीति अपना ली है।

उन्होंने कहा कि यह वास्तव में खतरनाक है, क्योंकि जान-बूझकर या अनजाने में वह रूसी नैरेटिव फैला रहे हैं। विटकॉफ पूर्वी यूक्रेन में स्थित जेपोरिजिया, दोनेत्स्क, खेरसोन और लुहान्स्क की बात कर रहे हैं। इन क्षेत्रों के अधिकतर हिस्सों पर रूस का कब्जा है। वहीं, पांचवां क्षेत्र क्रामिया है, जिस पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था।

# भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : राजनाथ सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र), 18 अप्रैल (भाषा) रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में पहले ही कई कदम उठाए जा चुके हैं।

राजनाथ ने यहां उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा निर्यात 2014 के 600 करोड़ रुपए से बढ़कर 24,000 करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपए का निर्यात हासिल करना है।" उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं और ऐसी चीजों की घोषणा की है, जो देश में ही निर्मित होंगी और जिनका आयात नहीं किया जाएगा।

रक्षामंत्री ने कहा कि वर्तमान में रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपये है और इसे बढ़ाकर तीन लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि उन्हें छत्रपति संभाजीनगर में उत्पादन केंद्र के रूप में अच्छी संभावनाएं दिखती हैं।

### दिल्ली के सीलमपुर में युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीलमपुर इलाके में गुरुवार शाम करीब 8 बजे 17 साल के युवक को चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इससे इलाके में तनाव है। परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर चक्काजाम करके प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि मुस्लिम लड़कों ने पुरानी रंजिश में हत्या की है। उधर, सीलमपुर में रहने वाले परिवारों ने घरों के बाहर हिंदू पलायन के पोस्टर लगाए हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी से मदद की गुहार लगाई है। इन पोस्टर्स पर लिखा है, 'हिंदू पलायन कर रहा है, योगी जी मदद करो।' यह मकान बिकाऊ है, हिंदू खतरे में है।' पीड़ित ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह जे ब्लॉक, न्यू सीलमपुर का रहने वाला था। सीलमपुर थाने में हत्या का केस दर्ज किया गया है। हमलावर की तलाश में कई टीमें लगी हैं।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
357




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
11




सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 06 | 05 | 01 | 10 |
| 2. | गुजरात | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 3. | बेंगलुरु | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 4. | पंजाब | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 5. | लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 08 |
| 6. | कोलकाता | 07 | 03 | 04 | 06 |
| 7. | मुंबई | 07 | 03 | 04 | 06 |
| 8. | राजस्थान | 07 | 02 | 05 | 04 |
| 9. | हैदराबाद | 07 | 02 | 05 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 07 | 02 | 05 | 04 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### सीएसके ने गुरजपनीत की जगह ब्रेविस को टीम में किया शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को चोटिल तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर डेवाल्ड ब्रेविस को टीम में शामिल करने की घोषणा की। दुनिया के सबसे रोमांचक युवा क्रिकेटरों में से एक ब्रेविस ने 2023 में पदार्पण के बाद दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। ब्रेविस दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में खेल चुके हैं जिसमें आईपीएल, सीपीएल, एमएलसी और एसए 20 शामिल हैं। वह 2025 एसए20 में 184.17 के स्ट्राइक रेट से 291 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में छठे स्थान पर रहे थे जिससे मुंबई इंडियंस केपटाउन को अपना पहला खिताब जीतने में मदद मिली थी। आईपीएल ने मीडिया को दिए बयान में कहा, ''चेन्नई सुपर किंग्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के बचे हुए मैचों के लिए चोटिल गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को शामिल करने का फैसला किया है। ब्रेविस (21 साल) इससे पहले 2022 और 2024 में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे और उन्होंने 10 मैच खेले थे। उन्होंने 81 टी20 मैच खेले हैं और 1787 रन बनाए हैं। ब्रेविस 2.2 करोड़ रुपए में सीएसके में शामिल होंगे।

### एलिस पेरी का दिलकश अंदाज

**ऑस्ट्रेलिया।** एलिस पेरी एक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी हैं। 16 साल की उम्र में राष्ट्रीय क्रिकेट और राष्ट्रीय फुटबॉल टीम दोनों के लिए पदार्पण करने के बाद, वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाली सबसे कम उम्र की ऑस्ट्रेलियाई हैं।



### कठिन विकेटों के अनुकूल ढलना होगा : डेनियल विटोरी

**एजेंसी, मुंबई।** अपने बल्लेबाजों से कठिन पिचों के अनुरूप शैली में बदलाव का आग्रह करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि हर पिच बल्लेबाजों की मददगार नहीं हो सकती और उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम पर सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया । सनराइजर्स पांच विकेट पर 162 रन ही बना सके । मुंबई के आफ स्पिनर विल जैक्स ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। विटोरी ने मैच के बाद कहा ,'' मुझे लगता है कि पिच पर किसी का नियंत्रण नहीं है तो यह तकदीर की भी बात है कि हमें ऐसे विकेट मिल रहे हैं जो हमें रास नहीं आ रहे ।'' उन्होंने कहा ,'' हमें हालात के अनुकूल ढलना ही होगा । हमें पता है कि चेन्नई में या अहमदाबाद में ऐसे हालात होंगे । हम हर जगह यह सोचकर नहीं जा सकते कि अनुकूल पिचें मिलेंगी । अब हमें यह समझकर उसके अनुरूप खेलना होगा ।'' विटोरी ने कहा ,'' मुंबई के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया । यह कठिन पिच थी । मुंबई ने हालात को बखूबी समझा और उसका पूरा फायदा उठाया । उनके पास जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या जैसे शानदार गेंदबाज हैं ।

**आईपीएल** डैथ ओवरों में मिचेल का हुनर और सिराज की सटीकता का होगा सामना

# दिल्ली और गुजरात में शीर्ष स्थान के लिए मुकाबला

**एजेंसी, अहमदाबाद**




डैथ ओवरों में गेंदबाजी का मिचेल स्टार्क का हुनर और मोहम्मद सिराज की सटीकता का सामना होगा जब शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस आईपीएल में श्रेष्ठता के मुकाबले में शनिवार को आमने सामने होंगी।

कैपिटल्स छह मैचों में दस अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि टाइटंस छह मैचों में आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराकर दिल्ली के हौसले बुलंद है। दिल्ली ने एक बार फिर दबाव में जीत दर्ज की और उसके शिल्पकार रहे स्टार्क । आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने तीन सटीक यॉर्कर डालने के अलावा सुपर ओवर भी फेंका। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद चैम्पियंस ट्रॉफी नहीं खेलने वाले स्टार्क पूरी तरह से तरोताजा होकर आईपीएल में उतरे हैं।

अभी तक दस से ऊपर की इकॉनामी से दस विकेट ले चुके स्टार्क दिल्ली के तेज आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं जिसमें मुकेश कुमार और मोहित शर्मा भी हैं। उनके सामने अब गुजरात टाइटंस के शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी होगी जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साइ सुदर्शन, जोस बटलर शामिल हैं। अब तक इन तीनों ने बल्लेबाजी का दारोमदार संभाल रखा है। गुजरात के मध्यक्रम को किसी कठिन परीक्षा से गुजरना नहीं पड़ा और जब लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इसकी नौबत आई तो वे नाकाम रहे। दिल्ली अगर गुजरात के शीर्षक्रम को जल्दी रवाना कर देती है तो मध्यक्रम की कमजोरी की कलई फिर खुल जाएगी।

दूसरी ओर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में औसत प्रदर्शन और चैम्पियंस ट्रॉफी विजेता भारतीय टीम से बाहर रहने के बाद सिराज ने ब्रेक में अपनी कमियों पर काफी मेहनत की है और नतीजे सामने हैं। सिराज अभी तक 8. 50 की इकॉनामी से दस विकेट ले चुके हैं। खासकर पावरप्ले में उनका प्रदर्शन शानदार रहा।

अब उनके सामने खराब फॉर्म में चल रहे दिल्ली के सलामी बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और प्रतिभाशाली अभिषेक पोरेल होंगे। उनके नाकाम रहने पर दिल्ली के लिये रन बनाने का जिम्मा केएल राहुल और करूण नायर पर होगा। घरेलू क्रिकेट में गुजरात के लिये खेलने वाले दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल अपने घरेलू मैदान पर छाप छोड़ना चाहेंगे। दोनों टीमों के पास बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं।

गुजरात के पास साइ किशोर और राशिद खान हैं तो दिल्ली की टीम में कुलदीप यादव और विपराज निगम हैं। कुलदीप का खेलना अभी तय नहीं है क्योंकि पिछले मैच में उनके कंधे पर चोट लगी थी और उनकी फिटनेस पर कोई अपडेट नहीं है ।

**मैच : दोपहर 3.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**गुजरात टाइटंस :** बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्ज़ी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़, करीम जनत।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), फाफ डु प्लेसी, करुण नायर, समीर रिजवी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आशुतोष शर्मा, केएल राहुल, अभिषेक पोरेल, डोनोवन फरेरा, ट्रिस्टन स्टब्स, माधव तिवारी, त्रिपुराना विजय, मनवंत कुमार, विप्रज निगम, अजय मंडल, दर्शन नालकंडे, मुकेश कुमार, मोहित शर्मा, टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।

# बेंगलुरु-पंजाब मैच में बारिश ने डाला खलल




**एजेंसी, बेंगलुरु**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खेले जाने वाले आईपीएच के 34वें मैच में बारिश ने ऐन मौके पर खलल डाल दिया। टॉस होने से पहले तेज बारिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से मैच में विलंब हुआ। वहीं, खिलाड़ियों के साथ दर्शकों में निराशा देखी गई। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश के कारण टॉस में देरी हुई।

टॉस शाम सात बजे होना था और मैच शाम 7.30 बजे से खेला जाना था, लेकिन साढ़े आठ बजे तक टॉस नहीं हो सका। फिलहाल ग्राउंड को कवर्स से ढक दिया गया है। बेंगलुरु में पिछले 7 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बारिश इतनी तेज थी कि खेल शुरू होने का कोई संकेत नजर नहीं आ रहा था। दोनों टीमों ने 18वें सीजन में 6-6 मैच खेले, 4-4 जीते और 2-2 गंवाए। पॉइंट्स टेबल में बेंगलुरु तीसरे और पंजबा चौथे नंबर पर हैं। दिल्ली पहले और गुजरात दूसरे नंबर पर हैं। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर टीम के टॉप स्कोरर हैं।

उन्होंने 6 मैचों में कुल 250 रन बनाए हैं। सीजन के पहले मैच में उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंदों में नाबाद 97 रनों की पारी खेली थी। वहीं, गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने 6 मैचों में 8 विकेट लिए हैं

# रोहित जल्द ही खेलेंगे बड़ी पारी : बाउचर

**एजेंसी, मुंबई**



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल में लय में लौट रहे हैं और जल्दी ही बड़ी पारी खेलेंगे। रोहित इस सत्र में छह मैचों में अर्धशतक नहीं बना सके । सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को 26 रन का स्कोर उनका सर्वोच्च स्कोर है। मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच बाउचर ने आईपीएल प्रसारकों से कहा ,''हमने इस मैच में रोहित शर्मा की शैली के बड़े छक्के देखे। मुझे उसके तेवर पसंद आये । उसने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और रन बनाने के मौके तलाशे । वह जल्दी ही बड़ी पारी खेलेगा ।'' वहीं नौ गेंद में 21 रन बनाने वाले मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या के बारे में उन्होंने कहा ,'' हार्दिक पंड्या दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है ।

जब वह अच्छा खेलता है तो टीम जीतती है । अब वह सिर्फ पावरप्ले में ही नहीं बल्कि बीच के ओवरों में भी गेंदबाजी कर रहा है और विकेट भी ले रहा है । इससे उसका आत्मविश्वास बढेगा ।'' विल जैक्स के बारे में उन्होंने कहा ,'' वह दबाव में लग रहा है और उस तरह से प्रदर्शन नहीं रहा है, जैसा वह करना चाहता होगा । लेकिन वह शानदार खिलाड़ी है और जबर्दस्त हरफनमौला है । उसने कुछ अहम विकेट लिये जिससे बतौर बल्लेबाज भी उसका आत्मविश्वास बढ़ा है।

आखिरकार वह योगदान दे पा रहा है और इस लय को कायम रखना चाहेगा ।'' पंड्या के बारे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा ,'' हार्दिक पंड्या मोर्चे से अगुवाई कर रहा है । गेंदबाजी हो, बल्लेबाजी या फील्डिंग । वह हमेशा मुस्कुराता रहता है और कभी हार नहीं मानता ।''

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए दल रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत ने जोर्डन के अम्मान में आयोजित होने वाली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 56 सदस्यीय दल भेजा है।

**शनिवार को शुरू होंगे शुरुआती दौर**

यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) दोनों का समर्थन प्राप्त है। अंडर-17 लड़कों की टीम में साहिल दुहान और देवांश शामिल हैं जिन्होंने 2024 एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते थे। वहीं टीम में चुने गए टीकम सिंह एसजीएफआई 2024 स्वर्ण पदक विजेता हैं।

लड़कियों के वर्ग में समीक्षा सिंह, अंशिका और खुशी चंद 2024 एशियाई स्कूल मुक्केबाजी चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियों की) में पदक विजेताओं में शामिल थीं। अंडर-15 दल में 2024 में एशियाई स्कूल चैंपियनशिप (लड़कों) के कांस्य पदक विजेता रवि सिहाग के साथ-साथ 2024 की सब-जूनियर राष्ट्रीय बालिका मुक्केबाजी चैंपियन (64-67 किग्रा) तृष्णा मोहिते शामिल हैं।

टीम का चयन विश्व मुक्केबाजी द्वारा गठित अंतरिम समिति द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह ने की । शुरूआती दौर शनिवार को शुरू होंगे।

# श्रियांका साडंगी 50 मीटर राइफल में आठवें स्थान पर

**एजेंसी, लीमा।** पेरिस ओलंपिक खे चुकी श्रियांका साडंगी आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में आठवें स्थान पर रही। वह विश्व कप व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रही लेकिन 45 शॉट के फाइनल में स्टैंडिंग पोजिशन दौर के दस शॉट के बाद बाहर हो गई।

पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता अमेरिका की सागेन मडालिना ने स्वर्ण पदक जीता। पुरूषों के थ्री पोजिशंस फाइनल में भारत का कोई भी निशानेबाज फाइनल में नहीं पहुंच सका । महिला वर्ग में नीलिंग और प्रोन पोजिशंस में भारतीय निशानेबाजों को दिक्कत हुई लेकिन स्टैंडिंग पोजिशन में श्रियांका, आशी चौकसी और सिफत कौर सामरा ने लय पकड़ी। श्रियांका 7वें, आशी नौवें और सिफत 11वें स्थान पर रही।

# शुकराना अकादमी ऊना ने जीती केएससी महिला फुटबॉल चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

कंडाघाट स्पोर्ट्स क्लब ने हिमाचल दिवस के मौके पर केएससी महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 का आयोजित किया। चार दिवसीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची कंडाघाट स्पोर्ट्स क्लब और शुकराना फुटबॉल अकादमी ऊना के बीच रोमांचक मैच हुआ, इसमें ऊना की टीम ने यह मुकाबला एक-शून्य से जीता।

इस चैंपियनशिप में प्रदेश की 12 टीमों के करीब 130 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समापन समारोह में एसडीएम कंडाघाट सिद्धांर्थ आचार्य बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर आयोजक क्लब के प्रधान विशाल ठाकुर और उपप्रधान अनिकित शर्मा ने प्रतियोगिता और क्लब की खेल गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल्स और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ स्कोरर जैसी व्यक्तिगत श्रेणियों के पुरस्कार भी प्रदान किए।

अपने सम्बोधन में उन्होंने आयोजकों और प्रयोजकों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के अच्छे भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति आज समाज में हर क्षेत्र में आगे है। इस तरह के आयोजन महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत अच्छा कदम है।



# प्रधानमंत्री मोदी ने की वंदना कटारिया के शानदार करियर की सराहना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉकी स्टार वंदना कटारिया के खेल में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अपने शानदार करियर में 320 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलना उनके कौशल और नेतृत्व का प्रमाण है जिसने भारतीय हॉकी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी कटारिया ने इस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय खेल से संन्यास की घोषणा की जिससे उनके 15 साल के करियर का अंत हो गया। इस 32 वर्षीय स्ट्राइकर ने भारत के लिए 320 मैच में 158 गोल किए और वह उस राष्ट्रीय टीम का हिस्सा थीं जिसने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया।

**भारतीय हॉकी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई**




हरिद्वार के रोशनाबाद में जन्मी कटारिया का जन्म साधारण पृष्ठभूमि से हुआ था। उनके पिता भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में तकनीशियन के रूप में काम करते थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''एक साधारण पृष्ठभूमि से आगे आकर अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता से हॉकी जगत में एक विशेष पहचान बनाने तक की आपकी यात्रा उल्लेखनीय है। एक कप्तान के तौर पर आपकी नेतृत्व क्षमता व टीम भावना सराहनीय रही और हॉकी को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में आपने अहम भूमिका निभाई।

# वीर चोटरानी और अनहत सिंह विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के **सेमीफाइनल में**

**एजेंसी, कुआलालंपुर**



भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वीर चोटरानी और अनहत सिंह ने शुक्रवार को यहां अलग-अलग अंदाज में अपने मुकाबले जीतकर विश्व चैम्पियनशिप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (एशिया) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त चोटरानी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशिया के मोहम्मद सयाफिक कमाल पर 9.11, 11.6, 11.6, 11.7 से जीत दर्ज की।

**विश्व चैंपियनशिप में विजेता को मिलेगा खेलने का मौका**

वहीं महिलाओं के क्वार्टरफाइनल में 17 साल की पांचवीं वरीय अनहत ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए जापान की अकारी मिडोरिकावा को 11-1 11-7 11-5 से मात दी। अब वह शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग की हेलेन तांग से भिड़ेंगी जिन्होंने भारत की तन्वी खन्ना को शिकस्त दी। तन्वी 5.11, 6.11, 12.10, 9.11 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

खन्ना ने पिछले मैच में हांगकांग की एन चिंग चेंग को हराया था। टूर्नामेंट के विजेता को नौ से 17 मई तक शिकागो में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में खेलने का मौका मिलेगा ।

**आईपीएल** रॉयल्स की बल्लेबाजी अभी तक नाकाम, लखनऊ के बल्लेबाज मचा रहे धमाल

# राजस्थान को लखनऊ के खिलाफ जीत की जरूरत

**एजेंसी, जयपुर**




प्रदर्शन में निरंतरता के लिए जूझ रही राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ने के इरादे से उतरेगी। सात मैचों में महज दो जीत के बाद रॉयल्स तालिका में आठवें स्थान पर है । पिछले मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स ने सुपर ओवर में हराया था। रॉयल्स को इस हार को भुलाकर अब ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ टीम पर जीत के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करनी होगी। गेंदबाजी और बल्लेबाजी में निरंतरता के अभाव से जूझ रही रॉयल्स टीम लय नहीं पकड़ पाई है। कप्तान संजू सैमसन पिछले मैच में बाजू में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि वह ठीक महसूस कर रहे हैं। रॉयल्स की बल्लेबाजी अभी तक नाकाम रही है और मध्यक्रम दबाव में चल नहीं पाया है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिए हैं लेकिन देखना होगा कि क्या वे इस लय को कायम रख पाते हैं। पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 66 रन बनाने के बाद से सैमसन का बल्ला भी खामोश है। रॉयल्स के बल्लेबाजों का सामना शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई जैसे गेंदबाजों से होगा। रियान पराग और ध्रुव जुरेल भी खास योगदान नहीं दे पाए हैं। नीतिश राणा ने पिछले मैच में 51 रन बनाए और टीम को उनसे इस लय को बरकरार रखने की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर फॉर्म में लौट रहे हैं लेकिन संदीप शर्मा को छोड़कर बाकी गेंदबाज महंगे साबित हुए हैं। दूसरी ओर पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से हारने के बावजूद लखनऊ बेहतर स्थिति में है । टीम पांचवें स्थान पर है। लखनऊ के बल्लेबाजों खासकर निकोलस पूरन (सात मैचों में 357 रन ) और मिचेल मार्श ( छह मैचों में 295 रन ) ने धमाल मचा रखा है । बल्लेबाजों की सूची में पूरन पहले और मार्श तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन माक्ररम ने भी रन बनाए हैं हालांकि उनके हमवतन डेविड मिलर अभी तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ। प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नितीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षाना, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, फजल हक फारूकी, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेन मफाका, वानिंदु हसरंगा, युद्धवीर सिंह चरक, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

# खेलो मास्टर्स गेम्स में बल्ह के रमेश ने जीता कांस्य



**विनोद जसवाल, नेरचौक**

खेलो मास्टर्स गेम्स फाऊंडेशन द्वारा आयोजित चौथी खेलो मास्टर्स गेम्स में भाग लेकर बल्ह के रमेश वालिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। दिल्ली के अक्षरधाम खेल गांव में 11अप्रैल से 13 अप्रैल तक आयोजित इन खेलों में बल्ह विधानसभा क्षेत्र के स्यांह गांव के रमेश ने 60 प्लस आयु वर्ग में भाग लेते हुए जैवलिन थ्रो की राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता है। जिस पर उनके परिवार व गांवों में जश्न का माहौल है। रमेश एक सेवानिवृत्त शारीरिक अध्यापक हैं और जो हमेशा ही युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते रहते हैं।

रमेश वालिया का कहना है कि खेलों से एक तरफ जहां इंसान के जीवन में अनुशासन आता है वहीं वह जीवन भर फिट रहता है। रमेश वालिया इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मास्टर्स खेलों में भाग लेकर अनेकों पदक जीत चुके हैं।